# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026



13 ➔ टी20 वर्ल्ड कप के वार्म अप मैचों....






विचार पेज

8 वेनेजुएला-भारत संबंध नई...


‘आत्मनिर्भर भारत’ के निर्माण की नींव को बजट ने और ज्यादा मजबूत किया

# आर्थिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा केंद्रीय बजट

आज जब भारत औद्योगिक निवेश और निर्माण क्षेत्र का हब बनने जा रहा है उसमें मध्यप्रदेश भी अपनी पूरी शक्ति के साथ योगदान देने के लिए तैयार है



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

सीएम का ब्लॉग

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 मध्यप्रदेश के लिए आर्थिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, उद्योगों को सरल प्रक्रियाएं, निवेशकों को भरोसेमंद वातावरण, युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, एमएसएमई सेक्टर को संस्थागत समर्थन और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की जो नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रखी गई है उसे वर्ष 2026-27 के बजट ने और ज्यादा मजबूत किया है। आज जब भारत औद्योगिक निवेश और निर्माण क्षेत्र का हब बनने जा रहा है, उसमें मध्यप्रदेश भी अपनी पूरी शक्ति के साथ योगदान देने के लिए तैयार है। हमने औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया, जिससे निरंतर निवेश आ रहा है। नए बजट से पूरे ईको-सिस्टम को नई ऊर्जा मिली है। बजट में हरित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर पूरा ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे मध्यप्रदेश को दीर्घकालिक लाभ होने वाला है। कृषक कल्याण और कृषि विकास को मिशन के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया है। इसी प्रकार सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट, मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित तकनीक के विकास पर बजट में ध्यान केंद्रित किया गया है।

### नया बजट रोजगार के नए अवसर लेकर आया

केंद्रित बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित है। यह सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट है। जिस प्रकार मध्यप्रदेश में तेजी से शिक्षा का आधुनिकीकरण हो रहा है, नया बजट युवाओं के कौशल विकास और रोज़गार के लिए व्यापक अवसर लेकर आया है। शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन और 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों एवं 500 महाविद्यालयों में एपीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। पर्यटन क्षेत्र में आईआईएम के सहयोग से 10 हजार गाइड्स के कौशल उन्नयन और खेलो इंडिया मिशन के माध्यम से अगले दशक में खेलों के परिदृश्य में बदलाव लाने का लक्ष्य युवाओं को नई दिशा देगा। महिलाओं के लिए एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का आवंटन लाभदायी होगा। युवा भारत के लिये सेवा क्षेत्र का विस्तार संभावनाओं के नये द्वार खोलेगा और रोज़गार और उदयम के अवसर बढ़ेंगे।

### गुणवत्तापूर्ण मानव-पूंजी का सृजन होगा

सिटी इकोनॉमिक रीजन बनाने की नीति मध्यप्रदेश के शहरी विकास के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी। शहरों को संगठित आर्थिक केंद्रों के रूप में विकसित करने में यह सहायक सिद्ध होगी। इससे मध्यप्रदेश के प्रमुख शहर संगठित आर्थिक केंद्रों के रूप में विकसित होंगे और निवेश अनुकूल शहरी अर्थव्यवस्था का निर्माण होगा। शी-मार्ट्स, दिव्यांगजन कौशल योजना, सभी जिलों में गर्ल्स हॉस्टल और शिक्षा कौशल आधारित पहल से सामाजिक सशक्तिकरण के साथ आर्थिक विकास को समावेशी स्वरूप मिलेगा। इससे मध्यप्रदेश में गुणवत्तापूर्ण मानव पूंजी का सृजन होगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को विकास के केंद्र में रखते हुए यह बजट प्रशासनिक सरलीकरण, निवेश-अनुकूल नीतियों, संरचनात्मक सुधारों और वित्तीय स्थिरता के माध्यम से मध्यप्रदेश को तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने की ठोस आधारशिला रखता है।





सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### पाक ने किया भारत के साथ खेलने से इनकार

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप से पहले जबरदस्त ड्रॉमा देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान सरकार ने ये घोषणा की कि वह भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगा। हालांकि टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी।



पाकिस्तान को 15 फरवरी को कोलंबो में ग्रुप स्टेज का मैच भारत के खिलाफ खेलना था। ये फैसला पाकिस्तानी सरकार ने आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद लिया है। इसके जवाब में, आईसीसी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की आशंका है, जिसमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर प्रतिबंध भी शामिल हो सकता है।

### भगवान से की खराब भोजन की शिकायत

**पन्ना।** जिले के गुनौर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास की छात्राओं ने खराब भोजन की शिकायत को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। कार्रवाई न होने से आहत छात्राओं ने स्थानीय शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के चरणों में अपना शिकायती आवेदन रखा। छात्राओं ने छात्रावास की रसोइयों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार, रसोइया अपने लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाती हैं, जबकि छात्राओं को घटिया, बेस्वाद और निम्न स्तर का खाना परोसा जाता है। मंदिर में छात्राओं ने न्याय की गुहार लगाई है।



राहुल गांधी के बयान पर संसद में हंगामा »

संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ की अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए भारत-चीन संबंधों पर सवाल उठाए

# राहुल ने कहा-नरवणे ने लिखा:चीनी सेना हमारी सीमा में घुसी, सरकार बोली-किताब छपी ही नहीं

*राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस किताब की राहुल गांधी बात कर रहे हैं, वो किताब प्रकाशित नहीं हुई है। अगर उस पुस्तक में तथ्य सही होते, तो वो किताब जरूर प्रकाशित होती। अगर उन्हें (राहुल गांधी) लगता है कि किताब पर सरकार ने गलत तरीके से रोक लगाई है, तो पूर्व आर्मी चीफ अदालत का दरवाजा खटखटाते*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट पेश होने के बाद सोमवार को संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बोलने की बारी आई तो चर्चा से इतर उन्होंने पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवण की अप्रकाशित किताब ‘फोर स्टार ऑफ डेस्टिनी’ का जिक्र करते हुए भारत-चीन रिश्तों पर सवाल खड़े कर दिए।

पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सांसद ने कहा कि हम देश भक्त नहीं हैं। इसपर मैं कहना चाहता हूं कि पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने अपनी किताब में लिखा है कि चीनी सेना भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रही है। सरकार ने क्यों इस किताब को प्रकाशित नहीं होने दिया? राहुल गांधी के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस किताब की राहुल गांधी बात कर रहे हैं, वो किताब प्रकाशित नहीं हुई है।

राहुल गांधी गलत तथ्य पेश कर रहे हैं: राजनाथ सिंह



राजनाथ सिंह



राहुल गांधी

भाजपा ने भी नरवणे का एक पुराना वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि सबसे पहले मैं बताना चाहता हूं कि हमारी एक इंच जमीन भी नहीं गई है। हम अभी भी वहीं हैं, जहां पहले थे। इसके बाद उन्होंने चीन के साथ चल रहे डिइंगेजमेंट प्रक्रिया का जिक्र किया है।

» *स्पीकर ओम बिरला ने केसी वेणुगोपाल के बर्ताव पर नाराजगी जताई*

### इस तरह कार्यवाही शुरू व स्थगित होती रही

राहुल गांधी के बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी भड़क उठे। ओम बिरला ने राहुल गांधी को सदन की मर्यादा याद दिलाई, लेकिन इसी बीच सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा खड़ा हो गया। करीब 44 मिनट तक लोकसभा में राहुल गांधी और स्पीकर के बीच टीका-टिप्पणी का दौर चलता रहा लेकिन भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। तीन बजे लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो राहुल गांधी फिर से चीन के मुद्दे पर बोलना शुरू किया। स्पीकर के बार-बार आग्रह के बावजूद राहुल गांधी वहीं दोहरा रहे थे।

» *लोकसभा में 44, 11 और फिर 15 मिनट का महा-संग्राम*

केसी वेणुगोपाल को लगाई फटकार

### आप नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वकील हैं?

राहुल गांधी के भाषण पर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल खड़े होकर तालियां बजाने लगे, जिसपर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि ये क्या तरीका है? आप सदन में खड़े होकर तालियां बजा रहे हैं। ये तरीका बिल्कुल ठीक नहीं है। आप सदन के वरिष्ठ नेता हैं। आप नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वकील हैं?


### राहुल बोले- आप ही बता दीजिए कि मुझे क्या बोलना है?

सदन में जोरदार हंगामे के बीच राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मेरी बात चीन के बारे में नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के कैरेक्टर के बारे में है। सर आप एक काम करिए कि आप ही बता दीजिए कि मुझे क्या बोलना है?

जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र के मसिरा सर्किल का मामला

# शहडोल में बाघ और बाघिन का मिला शव, खेत में फैला था करंट

हिरासत में लिए गए तीन ग्रामीण बाघों की मौत कैसे हुई? जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

जिले के उत्तर वन मंडल के जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र के मसिरा सर्किल में बाघ-बाघिन के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। बाघ-बाघिन के शव आसपास मिले हैं। एक साथ दो शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। जिले के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने क्षेत्र में घेराबंदी कर डॉग स्क्वाड के साथ जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में खेत में लगी चने की फसल को जानवरों से बचाव के लिए जीआई तार बिछा कर करंट फैलाया गया था। जिममें फंसकर बाघ-बाघिन की मौत हो गई है। मामले में तीन ग्रामीणों को भी वन विभाग की टीम ने हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### बाघों का पीएम करवाया जा रहा

बीती रात को सबसे पहले एक बाघ का शव मिलने की सूचना वन विभाग को मिली थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। इसी दौरान सर्चिंग के दौरान सोमवार तड़के उसी स्थान के पास एक बाघिन का शव भी मिला। इसके बाद मामला और गंभीर हो गया। दोनों शव जंगल के बाहर राजस्व क्षेत्र में खेत के पास मिले हैं।

इंदौर-भोपाल हाईवे पर मामूली विवाद पर फायरिंग

# साइड देने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के युवकों ने मारी गोली

पुलिस ने महज 2 घंटे में आरोपियों को जंगल से किया गिरफ्तार




आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

आष्टा थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर कचनारिया जोड़ के पास मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वाहन ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के तीन युवकों ने एक स्थानीय युवक पर पिस्टल से गोली चला दी। गोली युवक के पैर में लगी है, जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है।



घायल सचिन

एक आरोपी पहले से ही हत्या के प्रयास के मामले में फरार

### भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए। इधर जानकारी मिलते ही प्रभारी एसडीओपी आष्टा प्रवीण चढ़ोकर एवं थाना प्रभारी आष्टा गिरिश दुबे पुलिस बल के साथ शासकीय अस्पताल आष्टा पहुंचे, जहां घायल से जानकारी प्राप्त कर तत्काल मौके पर रवाना हुए।

सीएमएचओ कार्यालय में रिश्वत

## डेटा मैनेजर 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते ‘गिरफ्तार’



पोस्टिंग कराने के लिए जितेंद्र ने मांगी थी रिश्वत

**छिंदवाड़ा।** यहां सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ आईडीएसपी डेटा मैनेजर जितेंद्र यदुवंशी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा। इस कार्रवाई के बाद जिला अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आरोपी जितेंद्र यदुवंशी ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी पुष्पा बढ़गढ़े से उसकी पोस्टिंग संजीवनी क्लिनिक में कराने के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की थी। महिला कर्मचारी ने इस मांग को गलत मानते हुए इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में दर्ज कराई थी। लोकायुक्त पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच की और योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की योजना बनाई।

भागीरथपुरा में दूषित पानी मामला

## एक महीने की जंग के बाद अस्पताल में अनीता ने तोड़ा दम, 32वीं मौत



तीन मरीज अभी भी अस्पताल में भर्ती

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण मरने वालों की संख्या 32 हो गई है। एक महीने से बाम्बे हॉस्पिटल में इलाज करा रही 65 वर्षीय अनीता कुशवाह की रविवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना में अब तक 3500 से अधिक लोग बीमार पड़ चुके हैं। परिवार वालों के मुताबिक, अनिता पहले बिल्कुल स्वस्थ थीं। 28 दिसंबर को उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो दिन बाद छुट्टी मिलने पर उन्हें घर लाया गया, लेकिन कुछ ही घंटों में उनकी तबीयत फिर बिगड़ने लगी। 1 जनवरी को उन्हें अरबिंदो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां से 4 जनवरी को उन्हें बाम्बे हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

रात में पति से हुआ था झगड़ा

## सुबह होते ही ‘मां’ ने तीनों बच्चों को फंदे पर लटकाया



वारदात के बाद महिला ने खुद पी लिया डीजल

**कर्नाटक।** कर्नाटक में एक महिला ने अपने पति से मामूली विवाद के बाद अपने बच्चों को फांसी लगा दी और खुद भी डीजल पीकर सुसाइड करने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि तीनों बच्चों की मौत हो गई, जबकि महिला की हाल गंभीर बनी हुई है। घटना कर्नाटक के बागलकोट स्थित बादामी पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। यहां के रहने वाले हनुमंत और रूपा की शादी 8 साल पहले हुई थी। दोनों के तीन बच्चे थे। हनुमंत खेत में काम करता था। रूपा और उसकी सास के बीच अक्सर कहासुनी हो जाती थी। एक रात किसी बात को लेकर फिर से झगड़ा हुआ। हनुमंत के लिए यह रोज जैसा ही था, लेकिन रूपा को बात चुभ गई थी।

उज्जैन आ रही फैमिली के साथ ट्रेन में छेड़छाड़

# विरोध करने पर वर्ग विशेष के युवकों ने मारपीट की, स्टेशन पर दिखा तनाव

» *सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

गुजरात से उज्जैन अस्थि विसर्जन के लिए आ रहे यात्रियों के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दरअसल, यह घटना रात्रि में मेमू ट्रैन में हुई है। ट्रेन जब रतलाम स्टेशन से चली तो वहीं से सवार हुए धर्म विशेष के युवकों ने यात्रियों के साथ मौजूद एक बालिका से छेड़छाड़ की। यात्रियों ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर दी। महिलाओं



और पुरुषों के साथ मारपीट की गई। ट्रेन जब नागदा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो दोनों ही धर्म के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। हालांकि बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद होने के कारण लोगों को खदेड़ दिया गया । वहीं, यात्रियों की शिकायत पर 7 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। विवेचना के लिए यह प्रकरण रतलाम पुलिस को भेजा गया है। जीआरपी के अलावा स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। क्षेत्र में शांति का माहौल है। बताया गया है कि मेघनगर और दाहोद से पीड़ित परिवार मेमू ट्रेन से अस्थि विसर्जन के लिए उज्जैन जा रहे थे। इसी ट्रेन में रतलाम स्टेशन से वर्ग विशेष के कुछ युवक चढ़े। अस्थि विसर्जन करने जा रहे परिवार की लड़की के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। परिजनों ने इसका विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज कर बेरहमी से मारपीट की।

अलर्ट हो जाइए....मोमो की दुकान लगाने वाले तीन युवकों ने बेटे को बहलाकर घर के सभी जेवरात ले लिए

पिता को लगी भनक तो पुलिस से की शिकायत हिरासत में विक्रेता

# कहीं आपके घर में तो ये बच्चा नहीं ? 85 लाख रुपए के ‘मोमो’ खा गया 7वीं क्लास का बच्चा !

एजेंसी ▶▶ देवरिया

अलग खबर

यूपी के देवरिया से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने मोमो खाने की लत में अपने घर पर रखी 85 लाख रुपए की ज्वेलरी मोमो विक्रेता को दे दी। जब ये मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस भी हैरान रह गई। हालांकि, बाद में पुलिस ने ज्वेलरी रखने वाले 2 मोमो विक्रेताओं को हिरासत में लिया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में मोमो खिलाने के नाम पर 3 युवकों ने एक लड़के से धीरे-धीरे लाखों के जेवर ले लिए। जब घर वालों ने अलमारी खोली तो इस बात का पता चला। मामला रामपुर कारखाना के भगवानपुर तिवारी गांव का है। विमलेश मिश्र, वाराणसी में एक मंदिर के पुजारी हैं। विमलेश ने बताया कि उनका लड़का कक्षा 7 में पढ़ता है और उसे मोमो खाने का शौक है। विमलेश का आरोप है कि देवरिया-कसया मार्ग स्थित डुमरी चौराहे पर मोमो की दुकान लगाने वाले तीन युवकों ने उनके बेटे को बहलाकर घर के सभी जेवरात ले लिए। उन्होंने थाने में इस बात की तहरीर दी है।



बच्चे के पिता विमलेश मिश्र ने की शिकायत

पिता का आरोप है कि उनके लड़के ने उनका और उनकी बहन का घर में रखा लगभग 85 लाख रुपए का जेवर लाकर मोमोज बेचने वाले तीनों युवकों को दे दिया।

### अलमारी खोलते ही परिजनों के होश उड़ गए

जब उनकी बहन अपना जेवर मांगने के लिए आईं तो अलमारी खोलते ही विमलेश और उनकी बहन के होश उड़ गए। अलमारी में रखा सारा जेवर गायब था। शक होने पर अपने बच्चे से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने, मोमो खाने के लिए जेवर हुमरी चौराहे के दुकानदारों को दे दिए हैं। लड़के के पिता ने थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

जबलपुर
मंगलवार, 3 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-02
वर्ष : 20, अंक : 275
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 26
न्यून. 15

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एलन मस्क की पोस्ट का जिक्र कर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया बड़ा दावा...भारत को नंबर 1 बनाएंगे

## दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था की 'धाक' बढ़ी, ग्लोबल जीडीपी में भारत का 17% योगदान

**ग्लोबल जीडीपी के विकास में भारत का योगदान अमेरिका से ज्यादा**


निर्मला सीतारमण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल जीडीपी में भारत और अन्य देशों के योगदान की चर्चा हो रही है। 31 जनवरी को वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट लिखी-भारत समेत कई देशों के ग्लोबल जीडीपी में योगदान के आंकड़े बताए गए। लिस्ट में भारत दूसरे नंबर पर हैं और ग्लोबल जीडीपी में भारत का योगदान 17 प्रतिशत है। वहीं पहले नंबर पर चीन है, जिसका योगदान 26.6 प्रतिशत है, वहीं अमेरिका तीसरे नंबर पर है। इस रिपोर्ट को एलन मस्क ने री-ट्वीट किया और कैप्शन लिखा कि शक्ति का संतुलन बदल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति के बारे में बताते हुए इसे और मजबूत करने एवं भारत को नंबर एक योगदानकर्ता बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। चीन पहले और भारत दूसरे नंबर पर है। 26-17 का गैप है और इस गैप को जल्दी ही पाटकर दुनिया का सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेंगे. विपक्ष को देश की काबिलियत पर विश्वास होना चाहिए। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स ने पोस्ट में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) को क्रेडिट देते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी।

**एलन मस्क ने पोस्ट को किया है री-शेयर...**

**सत्ता का संतुलन बदल रहा**

स्पेसएक्स सीईओ और टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स की पोस्ट को एक्स हैंडल पर री-शेयर किया और कैप्शन लिखा कि सत्ता का संतुलन बदल रहा है। आंकड़ों के अनुसार ग्लोबल जीडीपी की ग्रोथ में योगदान देने वाले टॉप-10 देशों में चीन का योगदान 26.6, भारत का योगदान 17, अमेरिका का योगदान 9.9, इंडोनेशिया का योगदान 3.8,रहा।

## मप्र को रेलवे का अब तक का सबसे बड़ा बजट एलोकेशन

# मिले 15,188 करोड़ रुपए, अब सीधे वेस्ट कोस्ट पोर्ट्स से जुड़ेगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के रेलवे विकास को एक बार फिर बड़ी रफ्तार मिली है। केंद्र सरकार ने प्रदेश के लिए 15,188 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड एलोकेशन किया है, जो कांग्रेस शासनकाल के औसत बजट से करीब 24 गुना अधिक बताया गया। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर परियोजनाओं को तेजी से शुरू करने और तय समय में पूरा करने के लिए प्रयास कर रही हैं। रेल मंत्री के

**मध्य प्रदेश में रेलवे से जुड़े कुल प्रोजेक्ट्स का आकार अब 1.18 लाख करोड़ रुपए**


अश्विनी वैष्णव


अनुसार मध्य प्रदेश में रेलवे से जुड़े कुल प्रोजेक्ट्स का आकार अब 1.18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इनमें नई लाइनें, डबलिंग, ट्रिपलिंग, स्टेशन री-डेवलपमेंट और माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने वाले कार्य शामिल हैं। प्रदेश में 100% रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का लक्ष्य भी पूरा हो चुका है, जिससे परिचालन लागत घटेगी और ट्रेनों की गति और समयबद्धता में सुधार आएगा। इंदौर-मनमाड़ समेत कई सपने पूरे कई वर्षों से लंबित इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना सहित अनेक अहम प्रोजेक्ट हाल ही में स्वीकृत हुए हैं। इन पर काम भी तेजी से चल रहा है। इससे माल और यात्री परिवहन दोनों को सीधा लाभ मिलेगा, साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

### ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से बदलेगा आर्थिक परिदृश्य

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नए ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट ट्रेड कॉरिडोर को लेकर भी अहम जानकारी दी गई। यह कॉरिडोर पश्चिम बंगाल से शुरू होकर मध्य प्रदेश होते हुए गुजरात तक जाएगा। इस कॉरिडोर से पूरे क्षेत्र की इंडस्ट्री का कंटेनर, बल्क और कार्गो मूवमेंट एक समर्पित ट्रैक पर आएगा, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और ट्रांजिट टाइम कम होगा। इससे मध्य प्रदेश में एक बड़ा इकोनॉमिक कॉरिडोर विकसित होगा। इसके जरिए प्रदेश सीधे गुजरात और महाराष्ट्र के वेस्ट कोस्ट के प्रमुख पोर्ट्स से जुड़ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चांदी 31800 रुपए तक टूटी, सोना 8000 सस्ता



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सुबह सोना 8000 रुपए तक सस्ता हो गया। चांदी में 31,800 रुपए तक की गिरावट देखने को मिली। एमसीक्स पर सोने का भाव 8,187 रुपए गिरकर 1,34,00 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 31,878 रुपए सस्ती होकर 2.33 लाख रुपए प्रति किलो पर आ गई। शाम 4:45 तक सोना 983 रुपए बढ़कर 1,43,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

### फ्यूल स्विच में खराबी उड़ानों पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी की आशंका के मद्देनजर विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया। विमान के पायलटों ने ईंधन नियंत्रण स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी थी। इस मामले पर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हमें इस बात की जानकारी है कि हमारे एक पायलट ने बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान के फ्यूल स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी है।

### सिंगर ओलिविया डीन ने जीता ग्रैमी अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** ग्रैमी अवॉर्ड 2026 में कई संगीत जगत के कलाकारों ने शिरकत की। इस बार कुछ कलाकार ऐसे थे, जिन्हें पहली बार ग्रैमी अवॉर्ड मिला। इस सूची में सिंगर ओलिविया डीन भी शामिल रहीं। उन्होंने अवॉर्ड लेने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई प्रवासी नीति का विरोध किया। मंच पर अपनी जिंदगी और परिवार के बारे में जिक्र किया। सिंगर का एल्बम 'द आर्ट ऑफ लिविंग' काफी पॉपुलर हुआ था।

सार्थक संवाद

*'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से 'सार्थक संवाद'*

# पहली प्राथमिकता संगठन के खाली पड़े पद भरना फिर निगम-मंडलों में होंगी नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता संगठन के खाली पदों को भरना है। संगठन को मजबूत करने के लिए पद भरना बेहद जरूरी है। सत्ता से जुड़े जो पद हैं (यानी, निगम-मंडल) उन्हें भी भरना है लेकिन जब उसका समय आएगा तो उन्हें भी भरा जाएगा। कार्यालय के प्रभारी मंत्री की नियुक्ति पर कहा कि समय आने पर सभी नियुक्तियां कर दी जाएंगी। कुछ विषय बचे हैं उन पर चर्चा होना है इसलिए देर हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा में खास बात यह है कि यहां सत्ता और संगठन साथ भी हैं और अलग-अलग भी हैं। सत्ता का अपना अस्तित्व है। संगठन का यह प्रयास रहता है कि जो सामंजस्य बनना चाहिए वो बन रहा है। आपसी तालमेल और समन्वय में हम सफल हैं। जिन बातों को और सुझावों को सरकार तक पहुंचाना चाहिए तो हम पहुंचाते हैं और सुझावों को माना भी जाता है। क्योंकि, हम भी सरकार के लिए और जनहित के लिए काम करते हैं। हेमंत खंडेलवाल ने यह बातें 'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से विशेष साक्षात्कार कार्यक्रम 'सार्थक संवाद' में कहीं। उनसे पूरी बातचीत।

inh न्यूज विशेष



### ये भी कहा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने?

1. *भाजपा में अधिकतर नेता चाहे मंत्री ही क्यों न हों कार्यकर्ता की बात सुनते हैं और सामंजस्य के साथ काम करते हैं*
2. *बयानबाजी एक मानव स्वाभाव, जरूरत हुई तो उस पर एक्शन भी लेना पड़ता है*
3. *नितिन नबीन जी काफी सरल और सहज हैं। जमीनी स्तर पर नबीन जी ने बेहद काम किया है*
4. *सत्ता में रहकर जनता और कार्यकर्ता को संतुष्ट रखना बड़ी चुनौती*

***सवालः आपने जनसंघ के बाद की भाजपा देखी है और आज की भी भाजपा देख रहे हैं। तब और अब में क्या अंतर है?***

**जवाबः** पहले भाजपा के पास सीमित कार्यकर्ता थे। लोगों की संख्या भी कम थी। इसलिए, हर एक कार्यकर्ता से सतत संपर्क रहता था। आपसी मेल मुलाकात ज्यादा होती थी। अब कार्यकर्ताओं की संख्या ज्यादा है। हर एक काम के लिए हमारे पास लोग हैं। अब डिजिटल का युग है। युग बदला, लेकिन भाजपा का भाव नहीं बदला। आज भी भाजपा पूरी तरह से पारिवारिक माहौल और भाव के साथ काम करती है।

***सवालः पहले संघर्ष की भाजपा थी अब सत्ता की भाजपा है। इससे कोई सांस्कृतिक बदलाव महसूस नहीं करते हैं?***

**जवाबः** पहले की भाजपा बेहद संघर्षशील थी। प्यारेलालजी और कुशाभाऊ ठाकरे जी के संघर्ष की कहानी आज भी हम सुनते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उस समय गिने चुने लोग थे। उनके साथ मिलकर जन-जन तक अपनी विचारधारा पहुंचाना बहुत बड़ा काम था। लेकिन, उन्होंने ये सब किया। आज जब भाजपा सत्ता में है और चौतरफा कमल ही कमल है तब हम सबकी जिम्मेदारी और नैतिक दायित्व ज्यादा बढ़ जाता है। उस समय की चुनौतियों से बढ़कर आज उससे बड़ी चुनौती इस विरासत को संभालने की है।

***सवालः उस समय भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ संघर्ष किया था आज तो कांग्रेसियों को भाजपा शामिल किया जा रहा है। ये कैसी विरासत संभाल रहे हैं आप?***

**जवाबः** ये भाजपा की विचारधारा की ही पैठ है कि कांग्रेस के लोग भी इससे प्रभावित हुए और भाजपा में शामिल हो गए। हमने उन्हें सहर्ष स्वीकार कर लिया। हां, ये जरूर है कि उन्हें अपनी विचारधारा में पूरी तरह से ढालना और भाजपा के संस्कृति के मुताबिक उनसे काम लेना एक चुनौती था। लेकिन, हम लोग इसमें कामयाब हो गए हैं। इसलिए कहीं कोई समस्या नहीं है। हमें वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक तक ले जाना था। उसके लिए जहां के भी कांग्रेस नेता भाजपा की विचारधारा से प्रभावित थे वे हमारे साथ शामिल हो गए।

## सीएम डॉ. यादव ने कच्छ के रण उत्सव में कहा

# रण उत्सव की तर्ज पर उज्जैन में भी विकसित होगी टेंट सिटी


कलाकारों से बात करते सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ गुजरात में रण ऑफ कच्छ का 'रण उत्सव' आज भारत की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन क्षमता का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। डॉ. यादव ने भव्य उत्सव में सहभागिता कर विश्व स्तरीय टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और कहा कि जहां कभी बंजर भूमि थी, वहां आज किसानों की सहभागिता से पर्यटन, आजीविका और विकास का मॉडल खड़ा हुआ है, जिसे दुनिया देख रही है। लोक कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियां और गुजरात की समृद्ध संस्कृति, इस उत्सव को विशिष्ट पहचान देती हैं। यह प्रेरक उदाहरण है। उज्जैन में वर्ष-2028 में आयोजित होने वाले 'सिंहस्थ' में 'रण उत्सव' की तर्ज पर टेंट सिटी विकसित की जाएगी। साथ ही, मध्यप्रदेश में जहां पर्यटकों की संख्या अधिक है, वहां भी टेंट सिटी की योजना पर कार्य किया जाएगा।

*स्थानीय स्तर पर लोगों को मिलेगा रोजगार, किसानों को भी मिलेगा लाभ*

### 'स्मृति वन' भूकंप पीड़ितों की स्मृतियों को सहेजे हुए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भुज में स्थित 'स्मृति वन', जो भूकंप पीड़ितों की स्मृतियों को सहेजता है, वह संवेदना और संकल्प का प्रतीक है। इसी भावना के साथ भोपाल में भी यूनियन कार्बाइड त्रासदी के पीड़ितों की स्मृति में एक समर्पित संग्रहालय विकसित करने की योजना है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन ही नए भारत की सशक्त पहचान है।

## इंदौर-खंडवा रोड पर हुआ हादसा

# नशेड़ी मिनी ट्रक चालक ने वाहनों को मारी टक्कर, पांच लोग घायल

**भंवरकुआं थाना क्षेत्र में हुई घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

यहां सोमवार दोपहर को एक मालवाहक मिनी ट्रक के चालक ने नशे की हालत में तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी। इंदौर खंडवा रोड पर हुए इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई, जबकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में ले लिया। यह दुर्घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदौर खंडवा रोड पर राधा स्वामी सत्संग कॉम्प्लेक्स के पास दोपहर करीब 12 बजे हुई। लोडिंग मिनी ट्रक तेजाजी नगर की ओर से आईटी पार्क की दिशा में जा रहा था, तभी उसने सड़क पर चल रही मोटरसाइकिलों और अन्य वाहनों को सिलसिलेवार तरीके से टक्कर मार दी।


घटना का सीसीटीवी फुटेज

## खरगोन के सुलगांव में तनाव

# नर्मदा तट पर अंतिम संस्कार को लेकर दो पक्षों में पथराव

**3 थानों की पुलिस तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के मण्डलेश्वर थाना क्षेत्र के सुलगांव में आज अंतिम संस्कार के दौरान अचानक पथराव होने से इलाके में तनाव फैल गया। नर्मदा तट के पास शव जलाने को लेकर ग्रामीणों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों पर पत्थर फेंके गए, जिसमें पुलिस जवान और ग्राम चौकीदार सहित कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मण्डलेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने की कोशिश की। स्थिति बिगड़ती देख तीन थानों का पुलिस बल गांव में तैनात कर दिया गया। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। फिलहाल गांव में हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं, लेकिन तनाव को देखते हुए पुलिस की सतर्कता बनी हुई है।


लोगों में बहसबाजी

## पचमढ़ी में होटल सेनेरिटी में जोरदार धमाका

# एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से महाराष्ट्र के पर्यटक परिवार समेत पांच घायल

**विस्फोट से होटल को भारी नुकसान पहुंचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

पचमढ़ी में सोमवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब होटल सेनेरिटी में एलपीजी सिलेंडर में जोरदार विस्फोट हो गया। सुबह करीब 8.30 बजे हुए इस धमाके की गूंज 200 मीटर दूर स्थित पांडव रिट्रीट तक सुनाई दी। विस्फोट से होटल को भारी नुकसान पहुंचा है। हादसे में होटल में ठहरे महाराष्ट्र के बुलढाना जिले के एक परिवार के चार सदस्य घायल हो गए, जबकि होटल का एक कुक भी आग की चपेट में आकर झुलस गया।


ब्लास्ट के बाद पड़ा मलबा

## शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में बढ़ाएंगी भारत का मान

# विदिशा की इशिका मीणा का शूटिंग बॉल टीम में चयन

***1 से 3 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में होगा वर्ल्ड कप***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

यहां की खिलाड़ी इशिका मीणा का चयन भारतीय शूटिंग बॉल टीम में हुआ है। वे 1 से 3 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में होने वाले दूसरे शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मध्य प्रदेश से चुनी गई वे एकमात्र खिलाड़ी हैं और टीम में मुख्य अटैकर की भूमिका निभाएंगी। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 18 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इशिका मीणा की शैक्षणिक और खेल यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। वे विदिशा स्थित महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल की पूर्व छात्रा रही हैं। उन्होंने बीपीईएस में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से बीपीएड की पढ़ाई कर रही हैं। खेल के क्षेत्र में इशिका लगातार सक्रिय रही हैं और अब तक सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की छह राष्ट्रीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर चुकी हैं। उनकी इस सफलता के पीछे शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं अनुभवी कोच जितेंद्र सिंह बघेल का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है, जिन्होंने इशिका की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई। इशिका के चयन की खबर मिलते ही उनके स्कूल, खेल जगत और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वी टीच स्कूल प्रबंधन, खेल प्रेमी पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और खेल प्रेमियों ने इशिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और देश के लिए पदक जीतने की शुभकामनाएं दी हैं।



## बादल-धूप के बीच दिन-रात में 4 डिग्री तक घट-बढ़, आज भी ऐसा ही मौसम

## भोपाल में दिन-रात का पारा 1.2 डिग्री तक गिरा, दिन में घिरे रहे बादल

# आज एक दर्जन जिलों में बौछारें, गरज व चमक और घने कोहरे का भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कई जिलों में सोमवार को दिन में बादल और धूप के बीच दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक घट-बढ़ रही। भोपाल में दिन में बादल और रात में आसमान साफ रहने से 1.2 -1.2 डिग्री की कमी रही। दिन का पारा 28 और रात का 13.8 डिग्री रहा। अधिकांश जिलों में दिन का पारा सामान्य से कम और रात का अभी नॉर्मल से अधिक दर्ज हो रहा है। मंगलवार को भी एक दर्जन से अधिक जिलों में बादल, गरज-चमक के साथ बौछारों तथा घने कोहरे का अलर्ट है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भोपाल में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी जो सिस्टम सक्रिय हैं, उनके असर से प्रदेश में मौसम में बदलाव जारी है।


वीआईपी रोड, शाम 6 बजे का दृश्य

### यहां बारिश, बादल से 4 डिग्री तक गिरावट

गुना, टीकमगढ़ आदि जिलों में 3 से 4 डिग्री तक दिन का पारा गिरा, जबकि अधिकांश जिलों में रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही। रात का औसत तापमान 13 और दिन का 28 डिग्री रहा है। इससे दिन के तापमान में सामान्य से औसतन एक डिग्री की कमी और रात में 2 डिग्री तक अधिकता दर्ज हुई है। मंगलवार को मुरैना में बारिश और कुछ जगह ओले गिर सकते हैं। वहीं, राजगढ़, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, रीवा, सतना, दमोह, सतना आदि जिलों में बादल, गरज- चमक और बूंदावांदी के साथ कुछ जगह घना कोहरा रहेगा। ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में भी गरज-चमक और घने कोहरे की उम्मीद है। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा।

## रोवर को चलाने के लिए पृथ्वी से करना पड़ती है बड़ी प्लानिंग

# नासा के परसेवरेंस रोवर ने रचा इतिहास, एआई की मदद से मंगल ग्रह पर चलाई गाड़ी, भारतीय वैज्ञानिक वंदी वर्मा का बड़ा योगदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज के आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई हमारे भविष्य का एक अहम हिस्सा बन चुका है। इसी तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी अंतरिक्ष संस्था नासा ने एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। नासा के परसेवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह की मुश्किल सतह पर बिना किसी मानवीय निर्देश के पूरी तरह एआई की मदद से खुद गाड़ी चलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

आमतौर पर मंगल ग्रह पर रोवर को चलाने के लिए पृथ्वी पर बैठे वैज्ञानिकों को उसके हर कदम की बारीकी से प्लानिंग करनी पड़ती है। लेकिन 8 और 10 दिसंबर को हुए परीक्षण में इस रोवर ने बिना किसी मानवीय मदद के अपना रास्ता खुद तय करके सबको चौंका दिया। अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में यह पहली और सबसे बड़ी घटना है, जहां किसी रोवर ने बिना किसी निर्देश के खुद फैसला लेकर अपनी यात्रा पूरी की है।

इस पूरे मिशन का नेतृत्व नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने किया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर जेपीएल की वरिष्ठ इंजीनियर और भारतीय मूल की वंदी वर्मा ने बताया कि जनरेटिव एआई अब अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया को पूरी तरह बदलने वाला है। उन्होंने बताया कि चाहे मंगल के पत्थरों को पहचानना हो, अपनी सही लोकेशन का पता लगाना हो या सबसे सुरक्षित रास्ता चुनना हो- एआई इन सभी कामों को एक इंसान की तरह और भी बेहतर तरीके से करने में सक्षम है, जिससे भविष्य के मिशन बहुत आसान हो जाएंगे।

*मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किमी दूर*

*दूरी की वजह से सिग्नल काफी देरी से पहुंचते हैं*

*जनरेटिव एआई तकनीक का इस्तेमाल से हुआ समाधान*

*दिसंबर में हुए परीक्षण के दौरान रोवर ने जनरेटिव डेटा और तस्वीरों का विश्लेषण कर वे पॉइंट्स चुने और कठिन सतह पर सफलतापूर्वक नेविगेशन किया*

### रोवर खुद सुरक्षित फैसले लेता है




चूंकि मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किलोमीटर दूर है इसलिए वहां सिग्नल पहुंचने में काफी देरी होती है। इस चुनौती को हल करने के लिए वैज्ञानिकों ने रोवर में 'जनरेटिव एआई' तकनीक का इस्तेमाल किया है। इस तकनीक की मदद से रोवर ने पुराने मिशनों के डाटा को खुद समझा और इंसानों की तरह ही तस्वीरों के आधार पर अपने रास्ते के बिंदु (वेपॉइंट्स) तय किए। अब यह रोवर दुर्गम और ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलने के लिए किसी इंसान के निर्देश का इंतजार करने के

### तकनीकी क्षमताएं अब काफी आगे बढ़ चुकीं

नासा प्रमुख जेरेड इसाकमैन के अनुसार, यह सफलता दिखाती है कि हमारी तकनीकी क्षमताएं अब काफी आगे बढ़ चुकी हैं। इस तरह की 'सेल्फ-ड्राइविंग' तकनीक न केवल भविष्य के मिशनों को पहले से बेहतर बनाएगी, बल्कि पृथ्वी से सिग्नल मिलने में होने वाली देरी के बावजूद रोवर को मुश्किल रास्तों पर तेजी से फैसले लेने में मदद करेगी। इससे समय बचेगा और वैज्ञानिक खोजों का दायरा भी काफी बढ़ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दलाई लामा को मिला पहला ग्रैमी अवॉर्ड



**मुंबई।** दुनिया को शांति, करुणा और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने अब संगीत और कला की दुनिया के सबसे बड़े मंच पर अपनी जीत का परचम लहराया है। लॉस एंजेलिस में आयोजित 68वें वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दलाई लामा ने अपना पहला अवॉर्ड जीता है। 90 साल के दलाई लामा को ये अवॉर्ड 'बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन और स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' की कैटेगरी में दिया गया है।

### वांगचुक लद्दाख को बांग्लादेश बना रहे थे



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है।

## सिंधु जल संधि पर भारत ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक कहा अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट का आदेश नहीं मानेंगे

*भारत सिंधु समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा*

कहा- यह कोर्ट अवैध है, इसके आदेशों को हम बिलकुल नहीं मानते

*आतंकवाद के कारण संधि अस्थायी रूप से निलंबित की गई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर कोर्ट-कोर्ट खेल रहा है। दूसरी ओर भारत का रूख पहले से ही स्पष्ट है। अब भारत ने सिंधु जल संधि से जुड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश को स्पष्ट रूप से मानने से इनकार कर दिया है। भारत का कहना है कि यह कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन अवैध रूप से गठित है और इसके आदेशों को भारत मान्यता नहीं देता। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय अदालत ने भारत को निर्देश दिया था कि वह अपने जलविद्युत संयंत्रों के परिचालन रिकॉर्ड (विशेष रूप से बगलिहार और किशनगंगा परियोजनाओं के पोंडेज लॉगबुक) प्रस्तुत करे, ताकि आगे की सुनवाई में इनका उपयोग किया जा सके। अदालत ने 9 फरवरी 2026 तक इन दस्तावेजों को सौंपने या अनुपालन न करने पर औपचारिक स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। दरअसल, हेग स्थित मध्यस्थता न्यायालय सिंधु जल संधि के ढांचे के तहत नई सुनवाई और दस्तावेज आदेशों के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इन कार्यवाहियों की वैधता को मान्यता नहीं देता और इनमें भाग नहीं लेगा। बता दें कि विवाद का मुख्य केंद्र बिंदु सिंधु जल संधि के तहत गठित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा पिछले सप्ताह जारी किया गया एक आदेश है, जिसमें भारतीय जलविद्युत संयंत्रों से संबंधित 'पोंडेज लॉगबुक' को 'गुण-दोष पर दूसरे चरण' के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि कोर्ट ने हेग के पीस पैलेस में आज सुनवाई निर्धारित की है और यह भी दर्ज किया है।

### भारत पिछले साल सिंधु जल संधि को स्थगित कर चुका है



*भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के पीएम नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए। इसे इंडस वाटर ट्रीटी या सिंधु जल संधि कहा जाता है।*

#### जवाब भी नहीं देगा भारत

रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने कहा कि 'तथाकथित अवैध रूप से गठित' तटस्थ विशेषज्ञ के अलावा समानांतर कार्यवाही जारी रखे हुए है। चूंकि हम सीओए की वैधता को मान्यता नहीं देते, इसलिए हम इसके किसी भी संचार का जवाब नहीं देते। इसके अलावा, क्योंकि सिंधु जल संधि स्थगित है, इसलिए भारत जवाब देने के लिए बाध्य नहीं है। बता दें कि भारत ने अप्रैल में पहलगाम में हुए हमले के बाद औपचारिक रूप से सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया।

#### सिंधु जल समझौता स्थगित करने से पाक पर असर

पाकिस्तान में खेती की 90% जमीन यानी 4.7 करोड़ एकड़ एरिया में सिंचाई के लिए पानी सिंधु नदी प्रणाली से मिलता है। पाकिस्तान की नेशनल इनकम में एग्रीकल्चर सेक्टर की हिस्सेदारी 23% है और इससे 68% ग्रामीण पाकिस्तानियों की जीविका चलती है। इसका असर पाकिस्तान में आम लोगों के साथ-साथ बिजली उत्पादन पर भी पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सालाना बिजली उत्पादन में 30% से 50% तक की कमी आ सकती है।

## नस्लवाद में अंधे हुए नॉर्वे के डिप्लोमेट

### भारतीयों को पहले मारो, यूएन के शांतिदूत की चुभने वाली भाषा?

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

हाल ही में जारी किए गए जेफरी एप्स्टीन से जुड़े दस्तावेजों में एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। इन दस्तावेजों में ऐसा खुलासा हुआ है, जो बताता है कि यूरोप में नस्लवाद की जड़ें कितनी गहरी हैं। इस दस्तावेज में नॉर्वे के पूर्व राजनयिक टेर्जे रोड लार्सन सो कॉल्ड तौर पर भारतीयों के खिलाफ की गई एक आपत्तिजनक और नस्लवादी टिप्पणी का जिक्र है। यह जानकारी तब सामने आई जब रूस के सरकारी मीडिया संस्थान आरटी ने इस ईमेल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। आरटी की ओर से शेयर किए गए दस्तावेज के मुताबिक यह टिप्पणी एक ईमेल में दर्ज है, जो कथित तौर पर टेर्जे रोड लार्सन ने 25 दिसंबर 2015 को कुख्यात सेक्स ऑफेंडर जेफरी एप्स्टीन को भेजी थी। ईमेल में लिखा गया है- क्या तुमने यह कहावत सुनी है-अगर रास्ते में एक भारतीय और एक सांप मिले, तो पहले भारतीय को मारो। बता दें कि अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से हाल ही में सार्वजनिक किए गए इन दस्तावेजों में करीब 30 लाख पन्ने शामिल हैं। इनमें टेक्नोलॉजी कंपनियों के बड़े अधिकारी, वॉल स्ट्रीट के फाइनेंसर और कई देशों के प्रभावशाली लोग शामिल हैं, जिनका किसी न किसी रूप में एप्स्टीन से संपर्क रहा था। हालांकि, जिन लोगों के नाम इन दस्तावेजों में आए हैं।



#### भारतीयों से नफरत की वजह के कई कारण

दस्तावेज बताते हैं कि यह टिप्पणी उस समय की गई जब एप्स्टीन ने एक भारतीय राजनेता का संदेश रोड लार्सन को फॉरवर्ड किया था। उसी के जवाब में लार्सन ने ये टिप्पणी की थी। हालांकि इस कमेंट को लेकर रोड-लार्सन की ओर से अब तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ये मामला गंभीर इसलिए हो जाता है क्योंकि टेर्जे रोड लार्सन एक वरिष्ठ और प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय चेहरा रहे हैं। वे इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2020 में उन्होंने इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट से इस्तीफा दे दिया था, जब उनका नाम जेफरी एप्स्टीन से जुड़े मामलों में सामने आया। टेर्जे रोड लार्सन नॉर्वे के जाने-माने राजनयिक, सोशलिस्ट और पीस नेगोशिएटर हैं। वे ओस्लो शांति प्रक्रिया के प्रमुख लोगों में गिने जाते हैं, जिसके जरिए 1990 के दशक में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच गुप्त वार्ताएं संभव हो पाईं। रोड लार्सन बाद में संयुक्त राष्ट्र में भी अहम भूमिकाएं निभाईं। वे यूनाइटेड नेशंस के स्पेशल कोऑर्डिनेटर फॉर द मिडिल ईस्ट पीस प्रोसेस में राजदूत रहे हैं। मध्य-पूर्व शांति, कूटनीति और संघर्ष समाधान पर उनका योगदान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण माना जाता है।

## विदेश मंत्री जयशंकर तीन दिन के अमेरिका दौरे पर

### रुबियो और ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात कर कई मुद्दों पर करेंगे संवाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को तीन दिन के अमेरिकी दौरे पर रवाना हुए। वहां वे महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला पर वाशिंगटन के नेतृत्व में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। जयशंकर की यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों में आई गिरावट को दूर करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी उम्मीद है कि मंत्री अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में



कहा, विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2 से 5 फरवरी तक संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इसमें कहा गया है कि मंत्रिस्तरीय बैठक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और महत्वपूर्ण खनिजों में रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेगी। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठकें भी करेंगे।

भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क सहित, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को ट्रंप द्वारा दोगुना करके 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के बाद से भारत-अमेरिका संबंध गंभीर तनाव में हैं। टैरिफ के मुद्दे के अलावा, कई अन्य मुद्दों पर भी संबंधों में गिरावट देखी गई, जिनमें पिछले साल मई में ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करने का दावा किया। इसके साथ ही वाशिंगटन की नई आव्रजन नीति शामिल है। इसके अलावा कुछ अन्य स्थलों पर भी जाने की खबर आ रही है।

## वीजा फ्रॉड को लेकर एडवाइजरी जारी

### कनाडा की विदेशी छात्रों को वॉर्निंग 5 साल के लिए एंट्री हो जाएगी बैन

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में पढ़ने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए जरूरी खबर है। यहां की सरकार ने विदेशी छात्रों को स्टडी परमिट का प्रोसेस ध्यान से समझने और इमिग्रेशन को लेकर हो रहे फ्रॉड से सावधान रहने की चेतावनी दी है। 'इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा' (आईआरसीसी) की तरफ से एक एडवाइजरी जारी की गई है, जो स्टडी परमिट से जुड़ी हुई है।

इसमें साफ शब्दों में चेतावनी दी गई है कि अगर कोई गलत या भ्रामक जानकारी देता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट हो सकता है और उस पर 5 साल तक का एंट्री बैन लगाया जा सकता है। इसका मतलब है कि



विदेशी स्टूडेंट को कनाडा में 5 साल तक घुसने नहीं दिया जाएगा। आईआरसीसी द्वारा जारी एडवाइजरी में स्टडी परमिट के आवेदन से जुड़े नियमों के बारे में बताया गया है।

साथ ही ये भी बताया गया है कि किस तरह विदेशी छात्रों को टारगेट करने वाले स्कैम का इस्तेमाल हो रहा है। आईआरसीसी ने कहा कि स्टडी परमिट कनाडा में पढ़ने के लिए मिलता है।

## बलोच महिला फिदायीन, आईईडी हमला

### पाकिस्तानी सेना के लिए काल बना बीएलए मुनीर के 200 सैनिकों को मौत के घाट उतारा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत ने शनिवार को हिंसा की नई लहर देखी, जब बलूचों के विद्रोही समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ करीब एक दर्जन जिलों पर धावा बोल दिया। इसे बलूचिस्तान में दो दशकों का सबसे बड़ा हमला कहा जा रहा है। बीएलए ने इस अभियान को हेरोफ 2.0 नाम दिया है और दावा किया है कि अभी भी यह जारी है। समूह ने बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को मारने का दावा किया है। साथ ही कई शहरी और ग्रामीण इलाकों पर नियंत्रण की बात कही है। बीएलए के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने



बयान जारी कर कहा कि इस्लामाबाद की सैन्य मौजूदगी को पीछे धकेल दिया गया है। वहीं, कई जगहों पर लड़ाई जारी रहने की बात कही है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता ने कहा कि उसके लड़ाकों ने मस्तुंग, पसनी, नोश्की, क्वेटा समेत कई शहरों पर पाकिस्तानी सेना, पुलिस और फ्रंटियर कोर के जवानों को निशाना बनाया। समूह ने दावा किया कि उसके लड़ाकों के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं। कम से कम 17 जवानों को पकड़ने का दावा किया है। हालांकि, बीएलए के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने 17 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की बात कही है। सरफराज बुगती ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि हमारे पास 145 आतंकवादियों की डेड बॉडी हैं। बीएलए ने अपने लड़ाकों के मारे जाने की बात स्वीकार की है। ऑपरेशन के दौरान उसके 18 लड़ाके मारे गए हैं। इनमें मजीद ब्रिगेड के 11 आत्मघाती हमलावर, फतेह स्क्वाड के चार लड़ाके और यूनिट के तीन लड़ाके शामिल थे।

## अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन ने कहा

# भारत की विशाल आबादी उसकी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने बातचीत में बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी आबादी है। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत को लेकर कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत लोगों की बहुत बड़ी संख्या है। आप आबादी के मामले में दुनिया के सबसे बड़ा देश हैं, लेकिन मुझे लगता है कि लोगों में टैलेंट और क्रिएटिव होने की संभावना भी है। एक बार जब सरकार ने पाबंदियां, सीमाएं और रेगुलेशन हटा दिए, तो भारतीय लोग बहुत कुछ करने में सक्षम हैं। इसीलिए पिछले दस सालों में या पिछले पंद्रह सालों में, आप इतना आगे बढ़े हैं। तो मुझे लगता है कि ताकत आप में ही है।

*भारत में टैलेंट और क्रिएटिव होने की ज्यादा संभावना*

*देश पिछले दस सालों में छह, सात, आठ फीसदी की दर से बढ़ रहा है*

### भारत ने युवाओं को दिए हैं तरक्की के अवसर



भारत के लिए पीएम मोदी के दृष्टिकोण को लेकर अर्जेंटीना के राजदूत ने कहा, हम विदेश नीतियों और अर्जेंटीना के साथ संबंध पर फोकस कर रहे हैं। लेकिन यह साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी को बहुत बड़ी सफलता मिली है क्योंकि देश पिछले दस सालों में छह, सात, आठ फीसदी की दर से बढ़ रहा है। यह एक सफलता है। इसलिए मुझे लगता है कि आर्थिक नीति एक उदाहरण है, और विनियमन में ढील एक उदाहरण है। जब वे अर्जेंटीना गए थे तो मुझे हमारे राष्ट्रपति माइली के साथ मीटिंग में रहने का मौका मिला था और उन्होंने खास तौर पर विनियमन में ढील के बारे में, रेगुलेशन हटाने और लोगों को सरकार से कम से कम रेगुलेशन के साथ खुद से आगे बढ़ने और तरक्की करने का मौका देने के बारे में बात की थी।

**घरेलू खपत के लिए अच्छा तरीका**

अर्जेंटीना के राजदूत से जब पूछा गया कि भारत को और ज्यादा विदेशी निवेश लाने के लिए भविष्य में कौन से सुधार करने चाहिए, तो उन्होंने कहा कि मैं यह कहने वाला कोई नहीं हूं कि भारत को क्या करना चाहिए। यह एक घरेलू नीति है, लेकिन यह सच है कि जब देश अपनी अर्थव्यवस्था खोलते हैं, जब वे विनियमन में ढील देते हैं, जब वे बाहर से ज्यादा प्रोडक्ट ला पाते हैं, तो यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अच्छा है।

#### भारत के साथ बहुत कंप्लीमेंट्री इकोनॉमी

मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आप इसमें अच्छा काम कर रहे हैं, और हमें उम्मीद है कि हम, उदाहरण के लिए, भारत की खाद्य सुरक्षा या भारत की ऊर्जा सुरक्षा में और भी ज्यादा योगदान दे सकते हैं। और मुझे लगता है कि इस मायने में अर्जेंटीना, एक देश जिसकी भारत के साथ बहुत कॉम्प्लिमेंट्री इकॉनमी है, इस रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ सकता है, जिसे हम पिछले कुछ सालों से विकसित कर रहे हैं।

## दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूर

### वेतन न मिलने का आरोप, सरकार से सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के विभिन्न जिलों से दुबई गए 14 प्रवासी मजदूर कथित तौर पर वेतन न मिलने और अतिरिक्त काम कराने के दबाव के कारण गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इन मजदूरों ने राज्य सरकार से सुरक्षित स्वदेश वापसी की अपील की है। यह जानकारी राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल की टीम लीडर शिखा लकड़ा ने दी है। अधिकारियों के अनुसार, ये मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के निवासी हैं। वीडियो भेजकर अपनी स्थिति साझा की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि संबंधित निजी कंपनी ने उन्हें तीन महीने से वेतन



नहीं दिया है और ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे उन्हें रहने और खाने तक की समस्या हो रही है। शिखा लकड़ा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों ने अपनी व्यथा का वीडियो सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली को भेजा, जो प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए काम करते हैं। वीडियो में मजदूरों ने मदद की अपील की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल अब मजदूरों से संपर्क कर उनके दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है।



# अनुराग कश्यप के हाथ लगी चिरंजीवी की फिल्म

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' की सफलता का जश्न मना रहे हैं जिसे दर्शकों के साथ-साथ सितारों ने भी सराहा है। इस सफलता के बीच अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म भी तय कर ली है जिसका आधिकारिक ऐलान जल्द होगा। दावा किया गया है कि चिरंजीवी की इस फिल्म में बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चिरजींवी अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक बॉबी के साथ जुड़ रहे हैं जिसका आधिकारिक शुभारंभ फरवरी में होगा।

लाइफ Style



# श्रद्धा
## दोबारा शुरू की 'ईथा' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म 'ईथा' को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। एक सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। 1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली 'ईथा' फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

हॉलीवुड मसाला



# फास्ट एंड फ्यूरियस 11 को मिला नाम

**लॉस एंजेलिस।** रफ्तार और एक्शन से सजी दुनिया की सबसे बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के आखिरी अध्याय का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सीरीज के मुख्य अभिनेता विन डीजल ने अपनी अगली फिल्म के नाम और रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फ्रेंचाइजी की 11वीं फिल्म न केवल पुरानी यादों को ताजा करेगी, बल्कि अभिनेता पॉल वॉकर की विरासत को भी सलाम करेगी। फ्रेंचाइजी के निर्माता और मुख्य अभिनेता विन डीजल ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि 'फास्ट फॉरएवर' 17 मार्च, 2028 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' के बोल्ड सीन को लेकर क्या बोलीं

**लॉस एंजेलिस।** मार्गोट रॉबी की नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' चर्चा में है। यह फिल्म एमिली ब्रोंटे के क्लासिक उपनास पर आधारित है। फिल्म में मार्गोट रॉबी और जैकब एलोर्डी की जोड़ी दिख रही है। फिल्म का निर्देशन एमराल्ड फेनेल ने किया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म के बोल्ड दृश्यों पर बहस हो रही है। रॉबी ने लॉस एंजेलिस में हुए फिल्म प्रीमियर के दौरान कहा कि इंटिमेट सीन की शूटिंग अन्य दृश्यों जैसी ही थी। इसके लिए उन्होंने कोई विशेष तैयारी नहीं की थी। मार्गोट रॉबी ने कहा कि यह फिल्म सभी से भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगती है। उनके किरदार को हर सीन में रोना पड़ता है पर उन्हें यह भूमिका निभाना बहुत पसंद आया। एक ही पल में भावनाओं का बदलना उन्हें चुनौतीपूर्ण लगा। फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह तारीख वैलेंटाइन्स डे के सप्ताह के साथ मेल खाती है।



# साई की एक्टिंग पर फिदा हुए दर्शक

**मुंबई।** एक बिल्कुल जादुई, सौम्य और क्लासिक प्रेम कहानी को दर्शाते हुए, आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन का टीज़र जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान की प्यारी, सहज और नई जोड़ी नजर आ रही है। टीज़र इस खूबसूरत प्रेम कथा की मनमोहक झलकियों से भरा हुआ है, जो दर्शकों के लिए किसी खास तोहफे से कम नहीं है। खास बात यह है कि इसी फिल्म के जरिए साई पल्लवी हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू कर रही हैं और पहली ही झलक में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। बता दें कि जैसे ही एक दिन का टीज़र रिलीज़ हुआ, सोशल मीडिया पर साई पल्लवी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी देश की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# रानी पहुंची सिद्धिविनायक बप्पा के किए दर्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मर्दानी 3' का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। दर्शकों को अपराध की दुनिया से रूबरू कराने के लिए यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। सोशल मीडिया पर इसे फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की भर-भरकर तारीफें मिल रही हैं। इस बीच, रानी ने मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर हाजिरी लगाई है। यहा उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की। भाई राम मुखर्जी के साथ मंदिर पहुंची रानी सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में रानी सिद्धिविनायक मंदिर में जाती नजर आईं। उन्होंने क्रीम रंग का साधारण का सूट पहन रखा है और अपने सिर को दुपट्टे से ढ़क रखा है। उनके साथ भाई राम मुखर्जी भी मौजूद रहे।

टीवी मसाला




# 'द 50' के मेकर्स का धमाका: घर बैठे बिठाए जीतें 50 लाख रुपए

**मुंबई।** बिग बॉस खत्म होने के बाद भी दर्शकों को बोर होने का एक पल भी नहीं मिलेगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स जल्द ही अपने नए रियलिटी शो 'द 50' के साथ वापस आ रहे हैं। इस शो में 15 या 16 नहीं, बल्कि पूरे 50 सेलिब्रिटी एक ही हवेली में साथ रहेंगे। दस शो को लेकर फैंस के लिए कुछ रोमांचक खबर है जो उन्हें खुशी से झूमने पर मजबूर कर देगी। सिर्फ़ स्टार्स ही नहीं, बल्कि फैंस को भी 50 लाख रुपये जीतने का मौका मिलेगा। ये है मोहब्बतें' के रमन भल्ला के नाम से मशहूर करण पटेल ने वीडियो में विस्तार से बताया है कि फैंस को 50 लाख रुपये जीतने का मौका कैसे मिल सकता है। वीडियो में लव कटारिया से लेकर फैजू और मनीषा रानी तक, सभी कहते हैं, मैं 'द लायन' की हवेली में जा रहा हूँ, कुल 50 सेलिब्रिटी हैं। करण पटेल के वीडियो से यह साफ है कि जो भी जीतेगा, उसके फैंस को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

***आज से शुरू हो रहा शो :*** रियलिटी शो द 50 1 फरवरी से, यानी आज से तीन दिन बाद, रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे कलर्स पर प्रसारित होगा। शो में कुल 50 सेलिब्रिटी हिस्सा लेंगे, जिनमें रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, दिग्विजय राठी, फैसल शेख, दिव्या अग्रवाल, प्रिंस नरूला, युविका चौधरी, शिव ठाकरे, रजत दलाल, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, मोनालिसा, विक्रांत सिंह राजपूत, शाइनी दोशी, डिनो जेम्स, लवकेश कटारिया, कृष्णा श्रॉफ और अर्चना गौतम शामिल हैं।

## शादी पर बोलीं बबीता जी होना होगी तो हो जाएगी

तारक मेहता का उल्टा चश्मा फैंस के बीच एक पसंदीदा शो है। इस शो ने कई चेहरों को पॉपुलर बनाया है, और मुनमुन दत्ता उनमें से एक हैं। मुनमुन



शो में बबीता जी का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हो गई हैं। मुनमुन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन वह अफवाहों पर कम ही रिएक्ट करती हैं। पहली बार मुनमुन ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन दत्ता से जब पूछा गया कि क्या वह शादी करना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे प्यार पसंद है लेकिन मुझे अभी यह साफ नहीं है कि मैं शादी करना चाहती हूं या नहीं। अगर यह मेरी किस्मत में होगा, तो हो जाएगा। मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो शादी के पीछे भागती है।

# 'चांद मेरा दिल' में इश्क लड़ाएंगे लक्ष्य और अनन्या

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक बार फिर रूहानी और म्यूजिकल रोमांस का दौर लौटने वाला है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। फिल्म 'किल' से अपनी जबरदस्त पहचान बनाने वाले अभिनेता लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार पर्दे पर एक-दूसरे के साथ इश्क लड़ाते नजर आएंगे। विवेक सोनी के निर्देशन में बन रही ये लव स्टोरी दर्शकों के बीच कब आ रही है, आइए जानते हैं।



***सिनेमाघरों में आ रही 8 मई को :*** धर्मा प्रोडक्शंस बड़े पर्दे पर प्यार की एक ऐसी दास्तां ला रहा है, जिसे सिर्फ देखा नहीं, बल्कि महसूस किया जा सकेगा। निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है कि अनन्या और लक्ष्य अभिनीत 'चांद मेरा दिल' 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इन लव स्टोरी में संगीत कहानी की रूह बनकर उभरेगा। एक भव्य रोमांटिक अनुभव के रूप में पेश की जा रही ये फिल्म दर्शकों को जज्बातों के एक गहरे सफर पर ले जाने का वादा करती है।

### *पिछले साल आने वाली थी यह फिल्म*

*ये फिल्म अक्षय कुमार और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों की फिल्मों से ठीक 1 हफ्ते पहले रिलीज हो रही है। एक ओर अक्षय 15 मई को फिल्म 'भूत बंगला' लेकर आ रहे हैं और इसी दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' पर्दे पर आ रही है। पहले 'चांद मेरा दिल' पिछले साल रिलीज होने वाली थी। फिर इसे टालकर 10 अप्रैल ,2026 किया गया। अब आखिरकार निर्माताओं ने 8 मई, 2026 की तारीख तय की है।*

# 'भूत पुलिस 2' के लिए निर्देशक प्रियदर्शन ने वसूली मोटी फीस, इस बार दिखेंगे नए चेहरे

**मुंबई।** सैफ अली खान, अर्जुन कपूर, जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' 2021 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया था जिसे लोगों ने ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी। अब इस फिल्म का सीक्वल चर्चा में है जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी प्रियदर्शन ने उठाई है। उन्हें 'हेरा फेरी' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि 'भूत पुलिस 2' के लिए के लिए प्रियदर्शन ने मोटी फीस वसूली है।



***'भूत पुलिस 2' पर काम शुरू, प्रियदर्शन की फीस का खुलासा :*** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत पुलिस 2' पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके निर्देशन के लिए प्रियदर्शन को चुना गया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रियदर्शन इस सीक्वल का निर्देशन करने के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि पहली किस्त की तरह सीक्वल भी हॉरर-कॉमेडी जॉनर को बरकरार रखेगा लेकिन कास्टिंग में बड़ा बदलाव होगा। सैफ और अर्जुन की बजाए नई जोड़ी पर दांव लगेगा।

**2026 के आखिर में शुरू हो सकती है शूटिंग :** सूत्र ने आगे कहा, विचार यह है कि एक नई जोड़ी के साथ इस फ्रैंचाइज को नया रूप दिया जाए। निर्माता 2 अभिनेताओं पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया और प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के बाद, शूटिंग इस साल के आखिर तक शुरू होने की उम्मीद है। प्रियदर्शन सीक्वल को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, प्रियदर्शन आगामी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं जिसमें अक्षय कुमार और सैफ अली नजर आएंगे।

## डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई


# 'धुरंधर' के ओटीटी वर्जन पर मचा बवाल, निर्माताओं ने किया बदलाव से इनकार

**मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कमाई करने के बाद रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है, लेकिन इसके साथ ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि फिल्म का ओटीटी वर्जन थिएटर वर्जन से करीब 9 मिनट छोटा है, जिसके बाद इंटरनेट पर फिल्म में कांट-छांट को लेकर हंगामा मच गया। हालांकि, अब फिल्म के निर्माताओं ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।**

### 9 मिनट कम रनटाइम से मचा बवाल

निर्माताओं के मुताबिक, फिल्म को बिना किसी कट के प्रस्तावित किया गया था, जिससे ओटीटी वर्जन में कांट-छांट को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। सूत्र ने आगे बताया कि प्रोडक्शन टीम ने नेटफ्लिक्स के आदेश और आवश्यकताओं के अनुसार ही काम किया है।

दरअसल, कुछ दर्शकों ने दावा किया था कि नेटफ्लिक्स पर 'धुरंधर' का रनटाइम 3 घंटे 25 मिनट है, जो इसके मूल सिनेमाई रनटाइम (3 घंटे 34



### सोशल मीडिया पर भड़का था फैंस का गुस्सा

लगभग 9-10 मिनट की इस कटौती और गाली वाले डायलॉग्स पर कैंची चलने से फैंस भड़क गए थे। सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कह रहे हैं कि 18+ प्लेटफॉर्म होने के बावजूद फिल्म को सेंसर करने का कोई तुक नहीं है। फैंस के बढ़ते गुस्से और अटकलों को देखते हुए आखिरकार निर्माताओं को सामने आकर सफाई देनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई है।

### नेटफ्लिक्स को बिना किसी कट के सौंपी गई 'धुरंधर'- निर्माता

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्रों ने विशेष रूप से पुष्टि की है कि निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को जो वर्जन सौंपा है, उसमें कोई भी कांट-छांट नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि 'धुरंधर' के निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स रिलीज के लिए बिना किसी कट या एडिट के फिल्म पेश की की है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया ये वर्जन नेटफ्लिक्स की सभी शर्तों और अनिवार्यताओं का पूरी तरह से पालन करता है।

### 'धुरंधर' में देशभक्ति का तड़का

बता दें कि एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे बड़े सितारे भी नजर आए हैं। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक बड़े जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें भारतीय खुफिया एजेंसी के जांबाज अधिकारियों की वीरता को दिखाया गया है, जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय साजिश को नाकाम करते हैं।

## केंद्र सरकार की याचिका निरस्त

# आरपीएफ कर्मियों को राहत, पदोन्नति देने का आदेश हाईकोर्ट ने पाया सही

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट से आरपीएफ कर्मियों को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें आरपीएफ कर्मियों को पदोन्नति देने कहा गया था। उस फैसले के खिलाफ केन्द्र सरकार ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने कहा कि कैट के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चयन प्रक्रिया में ऐसी कोई गंभीर खामियां नहीं पाई गईं, जिसमें इन तीनों आवेदकों ने भाग लिया था। मुख्यालय की राय के अनुसार, संपूर्ण चयन प्रक्रिया रद्द करने योग्य नहीं थी। इस मत के साथ कोर्ट ने केन्द्र की याचिका निरस्त कर दी।

जबलपुर निवासी प्रहलाद



कुमार शर्मा व अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आवेदक आरपीएफ में क्लर्क के रूप में कार्यरत थे। प्रमोशन के लिए आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। विभाग उनका परिणाम घोषित नहीं कर रहा था। इस पर याचिकाकर्ताओं ने कैट में याचिका दायर की। कैट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला देते हुए उन्हें ऑफिस सुपरिन्टेंडेंट के पद पर पदोन्नति देने के आदेश दिए। इस पर केंद्र ने कैट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी।

## कोटवार की सेवाभूमि नजूल घोषित करने पर यथास्थिति के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कोटवार की सेवाभूमि को नजूल घोषित करने पर यथास्थिति के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन, संभागायुक्त व कलेक्टर सागर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। याचिकाकर्ता ग्राम करहिया, सागर निवासी नरहरी चड़ार की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा, शिवम शर्मा ने दलील दी कि याचिकाकर्ता जिस भूमि पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता चला आ रहा है, उससे वंचित करने की कोशिश अनुचित है। खसरे में भूमि स्वामी के रूप में याचिकाकर्ता का नाम लंबे समय से दर्ज था। इसके बावजूद भूमि स्वामी अधिकार निरस्त कर दिया गया। इसीलिए कलेक्टर व संभागायुक्त के अनुचित आदेश को हाई कोर्ट में याचिका के जरिए चुनौती दी गई है। अधिकारियों ने याचिकाकर्ता का भूमि स्वामी अधिकार निरस्त करते हुए तहसीलदार को खसरा परिवर्तन कर सेवाभूति को नजूल में दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है। इससे याचिकाकर्ता के समक्ष परिवार के जीवन-यापन का संकट उठ खड़ा हुआ है।

## हाईकोर्ट ने वेयरहाउस से मूंग चोरी मामले में मांगी रिपोर्ट

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर जिले के मझौली में वेयरहाउस से मूंग चोरी के बहुचर्चित मामले में पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट तलब कर ली है। जस्टिस संदीप नटवरलाल भट्ट की सिंगल बेंच ने इसके लिए 16 फरवरी तक का समय दिया। आवेदक संतोष यादव की ओर से अधिवक्ता अतुल जेसवानी ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान पूर्व निर्देश के पालन में सब इंस्पेक्टर अमित मिश्रा हाजिर हुए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर को लेकर गोलमोल जवाब दिया। इस पर नाराजगी जताए जाने पर एक और अवसर दिए जाने पर बल दिया। इसी के साथ कोर्ट ने सख्ती बरतते हुए पुलिस अधीक्षक को 16 फरवरी तक वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के दिशा-निर्देश दे दिए। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता जेसवानी द्वारा वेयरहाउस मालिक व चौकीदार की भूमिका को लेकर भी संदेश व्यक्त किया गया। उन्होंने दलील दी कि सिर्फ चोरी का पुराना मामले होने के कारण आवेदक को चोरी का आरोपित बनाया गया है। एफआइआर दर्ज होने में समय का अंतराल और सब से बड़ा संदेह यह कि सीसीटीवी होने के बाद भी फुटेज नहीं लिए गए और न ही अभियोग पत्र में लगे, जांच का विषय हैं। उन्होंने यह भी तर्क रखा कि वेयरहाउस पर 2023 में धोखाधड़ी का आरोप भी लग चुका है।



## 100 परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

# कलेक्टर प्रतिनिधियों की निगरानी में होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं दिनांक 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ होने जा रही हैं। इन परीक्षाओं के सफल, पारदर्शी एवं अनुशासित संचालन के उद्देश्य से जिला शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिला जबलपुर में बोर्ड परीक्षाएं कुल 100 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, थाने से प्रश्नपत्रों के निर्गमन, परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित परिवहन तथा परीक्षा प्रारंभ कराने की संपूर्ण जिम्मेदारी कलेक्टर प्रतिनिधियों को सौंपी गई है। इसी क्रम में शासकीय पं. ल. शं. झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबलपुर में 100 परीक्षा केंद्रों हेतु नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिनिधियों को बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में विशेष रूप से ऑनलाइन सॉफ्टवेयर की स्थापना, संचालन प्रक्रिया, थाने से प्रश्नपत्र प्राप्त करने की डिजिटल प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर प्रश्नपत्र खोलने, परीक्षा प्रारंभ कराने तथा समस्त अभिलेखों के संधारण से संबंधित बिंदुओं को स्पष्ट किया गया। ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक चित्रांशु त्रिपाठी द्वारा कलेक्टर प्रतिनिधियों के मोबाइल फोन में बोर्ड द्वारा उपलब्ध सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कराकर उसकी कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक आर. के. बधान, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोडिंग वाहन की टक्कर से बाईक चालक घायल

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत बरमान रोड पर एक लोडिंग वाहन ने एक बाईक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे बाईक चालक नीचे गिरकर घायल हो गया। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरमान निवासी 23 वर्षीय राजकुमार ठाकुर गत शाम लगभग 6-30 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड पी 0370 से ग्राम बिजौरा से अपने घर बरमान आ रहा था जैसे ही वह खेरमाई के उतार बरमान रोड़ पहुंचा उसी समय बेलखेड़ा तरफ से आ रहा लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड बी 5262 के चालक ने साईड से उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी जिससे वह नीचे गिर गया और उसे मुंह एवं पैर में चोटें आ गई, लोडिंग वाहन चालक रत्तू साहू गाड़ी रोककर कैसी गाड़ी चलाता है कहते हुये उससे झगड़ने लगा तथा अपनी लोडिंग वाहन से रत्तू साहू भाग गया। पुलिस ने आरोपी लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सूने घर से डेढ़ लाख के जेवर चोरी

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत चंदन कालोनी में एक सूने घर के पीछे तरफ के गेट की जाली मोड़कर घुसे अज्ञात चोर लगभग 2 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर, मोबाइल और नगदी 9 हजार रुपए चोरी कर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदन कालोनी निवासी 31 वर्षीय श्रीमति संगीता पटेल गत शाम लगभग 7 बजे अपने बच्चों को लेकर ताला लगाकर ब्लाउज उठाने धनवंतरीनगर कृतिका बुटिक गयी थी जहां से कपड़े लेकर अपनी भाभी सीमा के घर गयी थी वहां से रात लगभग 1.30 बजे अपने घर गई तो उसके घर का ताला टूटा था आलमारी में रखे 4 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी झाला, सोने की बच्चे की हाय, 4 नाक की लोंग, 2 सोने के मोती, चांदी की 4 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी बिछिया, 1 कड़ा, ओप्पो एवं सेमसंग के 2 मोबाइल, नगदी 9 हजार रूपये गायब थे।

# नगर निगम ने मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों से हटाये अतिक्रमण

**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न प्रमुख व्यावसायिक और रिहायशी क्षेत्रों में अवैध कब्जों को हटाया गया।

अपर आयुक्त अरविंद शाह के मार्गदर्शन और अतिक्रमण प्रभारी मनीष कुमार तड़से के कुशल नेतृत्व में अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के उन हिस्सों को लक्षित किया जहाँ अस्थायी दुकानों और अवैध पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। अतिक्रमण प्रभारी मनीष कुमार तड़से ने बताया कि आज छोटी लाइन फाटक से शुरू होकर शारदा चौक, सूपाताल, पिसनहारी मढ़िया और मेडिकल तिराहा होते हुए पुनः त्रिपुरी चौक तक टीम ने मार्च किया। मालवीय चौक से गोलबाजार और गोलबाजार से रानीताल होते हुए बड़ा फव्वारा तक सड़कों के किनारे लगे अवैध शेड और ठेलों को हटाया गया। साकेत धाम पहुंच मार्ग, सुहागण आभूषण से रानीताल स्टेडियम और छोटी लाइन से 10 मिनट चौराहा तक मार्ग के दोनों ओर से अस्थायी अतिक्रमण साफ किया गया।



### मौके पर जप्ती और प्रशासन की सख्ती

कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों द्वारा सड़क सीमा के बाहर रखे गए सामान को निगम की टीम ने जप्त कर लिया। अतिक्रमण प्रभारी मनीष कुमार तड़से ने बताया कि अस्थायी रूप से मार्ग अवरुद्ध करने वालों को पहले भी चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद आज यह सख्त कदम उठाया गया। कार्यवाही के समय सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, श्रीमती एकता रघुवंशी, सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी जोसफ प्रवीण, अंकित पारस, वीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी, नदीम अहमद खान, संबंधित थाना गोरखपुर, गढ़ा का पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम ने शहरवासियों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़कों पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा भविष्य में भी इसी प्रकार की जप्ती और जुर्माने की कार्रवाई जारी रहेगी।

## नहर टूटने से प्रभावित किसानों का सर्वे शुरु

**जबलपुर।** जबलपुर अनुभाग के अंतर्गत ग्राम सगड़ा-झपनी के पास गत दिवस नहर टूटने की घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा कल ही बरगी बांध की दाईं तट नहर से पानी की निकासी पूर्णतः बंद करा दी गई थी वहीं जिस स्थान पर नहर टूटी है उसके आगे के नहर के सभी गेट खोल दिये गये हैं, ताकि खेतों में भरे पानी की निकासी तेजी से हो सके। उक्त घटना से किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने सोमवार को सिंचाई वभाग के साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी और एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह मातहत कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और पीडित किसानों से उन्होंने बात की। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को ही जानकारी मिलने पर तत्काल फौरी कार्यवाही कर प्रभावितों को राहत पहुंचाने का काम किया गया और इसके अलावा नहर के टूटने के कारण खेतों में पानी भर जाने से फसलों को हुये नुकसान का सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है और जल्दी ही प्रभावित किसानों को राहत राशि का वितरण किया जाएगा।

## नदियों के किनारों से नहीं हटी डेयरियां

# एनजीटी के आदेश की हो रही अवमानना

**जबलपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा 9 वर्ष पूर्व दिए गए आदेश के बाद भी परियट, गौर तथा नर्मदा के किनारों पर स्थापित डेयरियां नहीं हटाई गई, जिससे डेयरियों से निकलने वाली गंदगी से नर्मदा में प्रदूषण हो रहा है, जल दूषित हो रहा है। लिहाजा वहां की डेयरियां हटाई जाए तथा उन्हें नई नगह शिफ्ट किया जाए, यह आदेश एक याचिका में सुनवाई के बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा वर्ष 2017 में जारी किए गए थे। आदेश के 9 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हुई। एनजीटी के आदेशानुसार डेयरी स्टेट बनाया गया, किंतु 5 वर्ष बीतने के बावजूद भी वहां पर डेयरियां शिफ्ट नहीं हुई। नर्मदा सेवा यात्रा मिशन को 7 वर्ष बीतने के बावजूद भी गौर, परियट के किनारे बसी डेरियों का अपशिष्ट दूषित जल नर्मदा में मिल रहा है। इस योजना के तहत भी वहां की डेयरियां हटाई नहीं गई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल ने 28 जनवरी 2026 को पुनः निर्देश जारी किए है। लिहाजा तदानुसार कार्रवाई शीघ्र नहीं की गई तो उपभोक्ता मंच द्वारा पुनः एनजीटी में अवमानना याचिका दायर की जाएगी, इस आशय का नोटिस सोमवार को मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने मुख्य सचिव, कलेक्टर तथा नगर निगम आयुक्त को सौंपा है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि डेयरियों के स्थापना संबंध में एनजीटी ने स्पष्ट नीति निर्देश जारी कर बताया है कि उन्हें नदी के 500 मीटर के दूरी पर होना चाहिए। तदानुसार गौर, परियट तथा नर्मदा के किनारों की डेयरियों को हटाये।

### जलापूर्ति प्रभावित : वाल्व बदलने और लीकेज सुधार का कार्य आज से 6 फरवरी तक

**जबलपुर।** नगर निगम के अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 27 एम.एल.डी. भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र में क्लीयर वॉटर पाइपलाइन के खराब वाल्व को बदलने का कार्य आज, 3 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इसी कारण सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। साथ ही, ललपुर जलप्रदाय योजना के तहत ग्वारीघाट टंकी में हो रहे लीकेज सुधार कार्य के चलते भी 3 फरवरी की सायंकालीन से 6 फरवरी प्रातः तक जलापूर्ति बाधित रहेगी। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## व्यापारियों में उत्साह, धूल और कीचड़ से मिलेगी मुक्तिः महापौर

**जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सौंदर्यीकरण की दिशा में नगर निगम ने यातायात थाने से लेकर गंजीपुरा तक सड़क के दोनों किनारों पर 34 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया है। इस कार्य से क्षेत्र के व्यापारियों में हर्ष का माहौल है। आज पेवर ब्लॉक के कार्यो का महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने एम.आई.सी. सदस्य एवं लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी विवेक राम सोनकर, एम.आई.सी. सदस्य सुभाष तिवारी, पूर्व पार्षद अमित जैन एवं कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक यंत्री आशीष पाटकर, उपयंत्री अंजली चौहान, सपन यादव, प्रवीण जैन, संदीप अग्रवाल, नीलेश, सुधांशू अग्रवाल आदि के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के अवसर पर उन्होंने बताया कि इस कार्य से सुन्दरता के साथ-साथ स्वच्छता और वायु गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा। लंबे समय से इन क्षेत्रों में सड़क किनारे कच्ची जगह होने के कारण व्यापारियों और ग्राहकों को धूल और जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता था। अब नगर निगम द्वारा पेवर ब्लॉक लगने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि दुकानों के सामने स्वच्छता भी बनी रहेगी। स्थानीय व्यापारियों ने नगर निगम के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे बाजार का लुक बदलेगा और व्यापार में भी सुगमता आएगी तथा धूल और कीचड़ से मुक्ति मिलेगी।

## विभागीय कार्यो की निगमायुक्त ने की समीक्षा

# शहर के सभी प्रमुख तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

निगमायुक्त रामप्रकश अहिरवार ने निगम के विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विशेष रूप से पी.एम. स्वनिधि, ई-के.व्हाय.सी., और स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के कार्यो में अभी से सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ जमीनी धरातल पर उतरकर गति लाने के निर्देश दिये।

बैठक में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने विशेष जोर दिया कि पी.एम. स्वनिधि एवं संकल्प से समाधान, स्ट्रीट वेंडर्स को मिलने वाले ऋण और उनके पुनर्वास की स्थिति की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने 'संकल्प से समाधान' के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का तत्काल निराकरण करने निर्देश प्रदान किये।बविभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों की ई-



के.व्हाय.सी. के साथ ही, सी.एम. हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को समय सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देश दिये। नगर निगम द्वारा पहले चरण में शहर के प्रमुख तालाबों क्रमशः हनुमानताल, अधारताल, और रानीताल तालाब के उन्नयीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। प्रगति की जानकारी के लिए निगमायुक्त ने समीक्षा की। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त श्री आर.पी. अहिरवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों के आस-पास के क्षेत्रों को पूरा अतिक्रमण मुक्त किया जाये और कार्यों में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्धारित सभी कार्यो को पूर्ण कराया जाये। स्वच्छ सर्वेक्षण के आगामी चरणों को देखते हुए, शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने 'जीरो वेस्ट' कॉलोनियों को बढ़ावा देने और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की मॉनिटरिंग जीपीएस के माध्यम से करने के निर्देश प्रदान करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अभी से ही जमीनी स्तर पर कार्य कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री, सहायक आयुक्त, एवं सभी विभागीय प्रमुखों के साथ संभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## ऊपरी हवाओं ने फिर बनाया चक्रवात

# आसमान में बादल छाए बूंदाबांदी के आसार

**जबलपुर।** जम्मू-कश्मीर और पंजाब व पश्चिमी राजस्थान में बने हवाओं के ऊपरी चक्रवात के कारण पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश में बादलों ने फिर आमद दर्ज करा दी है। लिहाजा प्रदेश के कई स्थानों पर बूंदाबांदी के आसार बन गए हैं। एक बार फिर हवाओं का चक्रवाती घेरा बन गया। सोमवार को सुबह से आसमान पर हल्के बादल छाए रहे। शाम को फिर बादल छा गए थे। बादलों की आहट से तापमान में आंशिक उछाल आई है और दिन का तापमान सामान्य रहा रात का तापमान औसत से दो डिग्री उपर चला गया। दिन भर वातावरण शीतल बना रहा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ीसा के समुद्री तट और पश्चिमी राजस्थान में हवाओं का चक्रवाती घेरा बन गया है। जिसका असर पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर देखा जा रहा है। ऊपरी हवाओं के चक्रवात के कारण आसमान पर एक बार फिर बादल मंडराने लगे हैं।

वहीं हवा में नमी घट गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर आसमान में बादल



छाये रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य और न्यूनतम तापमान 13.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 87 प्रतिशत और सायंकाल 64 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी हवायें की रफ्तार 4 से 5 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.49 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 5.59 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

# पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराने के लिए दिये आवश्यक निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित कर आपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जन को मिल जाए, इसलिए योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त करें और उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भी लें और उनका निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने दसवीं और बारहवीं की



परीक्षाओं की व्यवस्था, छात्रावासों में छात्र संसद का गठन, वन ग्राम से राजस्व ग्राम में संपरिवर्तित के नक्शा डिजिटाइजेशन, संकल्प से समाधान को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक, फूड सेफ्टी की एडवाइजरी, शासकीय कार्यालयों के निरीक्षण, 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने और खाद्य वितरण व अपात्र लोगों के नाम हटाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्वरोजगार योजनाओं पर चर्चा की गई और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित गौशालाओं को फंक्शनल करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी, छात्रावास, अस्पताल और शासकीय कार्यालयों में स्थित पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराएं और टंकियों पर आखिरी सफाई की तारीख भी अंकित करें। बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

# जबलपुर में द्वितीय वार्षिक इको 2026 वर्कशॉप का आयोजन, देशभर के वरिष्ठ हृदय विशेषज्ञ हुए प्रशिक्षित

गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल और हार्ट रिसर्च एसोसिएशन की संयुक्त कार्यशाला में इकोकार्डियोग्राफी की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण, कम्युनिटी सर्विसेज़ अवॉर्ड से सम्मानित किए गए चिकित्सक



जबलपुर

गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल एवं हार्ट रिसर्च एसोसिएशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में होटल सत्य अशोका में एक दिवसीय इकोकार्डियोग्राफी वर्कशॉप "इको 2026" का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यशाला में शहर सहित देशभर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं फिजीशियंस ने भाग लिया और इकोकार्डियोग्राफी की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य प्रशिक्षिका बेंगलुरु से डॉ. आईबी विजयालक्ष्मी ने बेसिक फंडामेंटल इको, जन्मजात हृदय विकृतियों और हृदय कार्यक्षमता के मूल्यांकन पर व्यापक जानकारी दी। सह-प्रशिक्षिका डॉ. प्रभावती ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से हार्ट वॉल्व, धमनियों और जन्मजात हृदय समस्याओं के निदान की प्रक्रिया समझाई।

वर्कशॉप में केस-बेस्ड डिस्कशन, इंटरएक्टिव सेशन्स और क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को कम्युनिटी सर्विसेज़ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. बीएन शरणागत, डॉ. रिचा शर्मा और डॉ. संगीता श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। देशभर से प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. अजय भंडारी, डॉ. डीएस बहरानी, डॉ. संजय के नेमा, डॉ. राजेश जैन, डॉ. मुकेश गट्टानी और डॉ. श्रीराम अग्रवाल शामिल थे।

## मंडल के स्थापना वर्ष पर किया अखंड रामायण पाठ



**जबलपुर**। जगदंबा रामायण मंडल गंगानगर द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जो की जगदंबा रामायण मंडल की स्थापना की 28वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजन किया गया जिसमें सभी मंडल के सदस्यों ने नाच-गाकर रात जागरण करके हवन यज्ञ, कन्या पूजन, भंडारा करके इसको सफल बनाया। आयोजन में मुख्य रूप से मंडल की प्रमुख माधुरी वैद्या, नम्रता राय, लता चौरसिया, कमला विश्वकर्मा, पूजा, रत्ना, मृदुला, राधा नामदेव, कविता, सरिता, श्रद्धा, नीतू, सुमित्रा गुप्ता, उषा राजपूत, चंदा नामदेव आदि महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## मां सरस्वती प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की कोर कमेटी बैठक संपन्न

जबलपुर।

मां सरस्वती प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्यप्रदेश की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शहर स्थित शिखर पैलेस होटल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की अब तक की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा संगठन को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में प्राइवेट स्कूल संचालक मंच मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता भागवत आनंद "क्रांतिकारी" ने संगठनात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा उनका शाल, पुष्पहार एवं सम्मान पत्र से अभिनंदन किया गया। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि संगठन की आगामी बैठक होली पर्व के पश्चात आयोजित की जाएगी। अभिनंदन पत्र का वाचन डॉ. विजयकांत तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन वाय.के. दुबे तथा आभार प्रदर्शन मदन साहू ने किया। बैठक में मदन साहू, नमन जैन, वाय.के. दुबे, डॉ. विजयकांत तिवारी, विजय मिश्रा, आशीष कोचर, मुकेश साहू, विनीत जैन, डॉ. रितेश सैनी, अरुण राठौर, अल्का गुप्ता, अर्चना गौर, परिधि श्रीवास्तव, प्रदीप बर्मन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आदिवासी स्टाफ नर्स को आत्महत्या के लिए विवश करने वालों पर कार्रवाई की मांग



जबलपुर।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पदस्थ आदिवासी स्टाफ नर्स जागृति इनवाती को जातिगत, सामाजिक एवं मानसिक प्रताड़ना देकर आत्मघाती कदम उठाने के लिए विवश करने के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई एवं पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भारतीय सर्व जनजाति सेना द्वारा सोमवार को ज्ञापन सौंपा गया।

दिनांक 2 फरवरी 2026 को जिला कलेक्टर जबलपुर के नाम तहसीलदार श्री राजीव मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक के नाम ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्री सूर्यकांत शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री इन्द्रकुमार कुलस्ते सहित शैलेष सिंह, शिवप्रसाद मरकाम, उत्तम सिंह ताराम, घनश्याम यादव, विनोद कोल, रवि धुर्वे, धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे, आकाश सोनकर एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**मझौली**। शासकीय महाविद्यालय मझौली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम खबरा के सामुदायिक भवन में आज 2 फरवरी 2026 को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती ज्योति सुरेंद्र रैकवार, सचिव ब्रजेश सिंह ठाकुर एवं मूलचंद राय की गरिमामय उपस्थिति रही। छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने हेतु जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत मिश्रा, प्राचार्य डॉ. भजन लाल प्रधान, एनएसएस प्रभारी डॉ. आमोद कस्तवार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भारतेश सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। शिविर के दौरान प्राध्यापकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना एवं सामाजिक जागरूकता पर उद्बोधन दिया। सात दिवसीय शिविर में स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य कल्याण, मतदाता जागरूकता एवं रोजगार उन्मूलक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। छात्र-छात्राओं ने शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम में ग्रामीणजन एवं महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में शिविर का सफल शुभारंभ हुआ।



## गुरु संत रविदास प्राकट्योत्सव पर पूजा अर्चना कर भंडारा वितरित किया

**जबलपुर**। गुरु संत रविदास के प्राकट्योत्सव के अवसर पर रामपुर चौधरी मोहल्ला में संत रविदास प्रांगण में एकत्र होकर सभी ने पूजन अर्चना किया एवं भंडारे का भोग लगाकर वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ठाणेश्वर महावर उपस्थित रहे। समाज के चौधरी दयाशंकर, राकेश चौधरी खलीफा संत रविदास धर्मशाला, खलीफा अमरचंद यादव, माखनलाल अहिरवार, सीताराम अहिरवार, राकेश यादव, आनंद यादव, सतीश चौधरी भूरा, कमलेश चौधरी, धीरज अहिरवार, अभिषेक चौधरी, अविनाश चौधरी, अर्जुन चौधरी, प्रियांश चौधरी, चंदन जाटव, भोला लड़िया, सतीश चौधरी, विक्की चौधरी, मोहित, बाबू, अमन, बलराम, कार्तिक, कृष्णा आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।



## आम बजट सर्वथा अनुकूल : आभा साहू

**जबलपुर**। केन्द्र सरकार द्वारा पारित बजट देश के आर्थिक विकास का परिचायक है। रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष फोकस किया गया है, देश के आर्थिक विकास को गति देने, रेल, सड़क और जल मार्ग के विकास के लिए आवश्यक रोड मैप प्रस्तुत कर देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था में पहुंचाने में कारगर साबित होगा। भाजपा नेत्री आभा साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होगा।

## खितौला में 101 वां श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ 6 से

**सिहोरा**। नृसिंह टेकरी खितौला में श्री लक्ष्मी नृसिंह 101 वां महायज्ञ एवं श्रीमद नर्मदा पुराण कथा तथा महामंत्र का अखंड संकीर्तन का आयोजन 6 से 15 फरवरी तक नृसिंह भगवान की असीम अनुकम्पा से एंव ब्रम्हलीन संत 1008 स्वामी द्वारिका दास महाराज की कृपा से किया जा रहा है। मंदिर के महंत 1008 श्री गोविंददास जी महाराज ने सभी भक्तों से पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## शासकीय कालेज में बजट पर चर्चा

**सिहोरा**। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय में गत दिवस वाणिज्य व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्राचार्य प्रो .मनोज श्रीवास्तव, डॉ. डी. के. बघेल ,आदित्य पारवानी, डॉ .संदीप कुर्मी, सुश्री रिया अग्रवाल, सुश्री भाव्या विश्वकर्मा, डॉ .माया उसरेटे , सुश्री रागिनी कुशवाहा और अनेक छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए।इस दौरान लगभग 80 छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

## सिद्ध चक्र महामंडल विधान कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर**। श्री 108 प्रमाण सागर महाराज के सानिध्य में सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन अग्रवाल कॉलोनी में आयोजित किया जा रहा है जिसके आज प्रथम दिन घट यात्रा निकल गई। घट यात्रा में शहर भर के सभी मंडल एवं परिषदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिस पर संगम कॉलोनी महिला मंडल के द्वारा मैना सुंदरी एवं श्रीपाल राजा की झांकी निकाली गई एवं सभी 16 सदस्यों ने हरियाणवी वेशभूषा रखकर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा में अध्यक्ष रानी जैन, साधना कश्मीर, सचिव प्रतिभा कृति, जीनल शालिका, अनामिका सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## गुरु रविदास जयंती श्रद्धा व उल्लास से मनाई गई

**भेड़ाघाट**। संत हरिहर दास महाराज काशी वाले द्वारा स्थापित सोहम आश्रम, भीमराव अंबेडकर भेड़ाघाट वीआईपी गेट पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 649वीं जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सुखदेव चौधरी, कोषाध्यक्ष रेवाराम चौधरी, उपाध्यक्ष राकेश वाल्मीकि, रामप्रसाद चड़ार, महामंत्री संतोष कुंडें सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही भारत सिंह चौधरी, रमेश अहिरवार, मानक लाल गोटिया, निलेश, गरीबदास, महेश, मिथिलेश, प्रकाश, दुर्गेश बर्मन, गुड्डा, राम वासुदेव, पंचम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने गुरु रविदास महाराज के विचारों को स्मरण कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# अपराजिता शर्मा अकादमिक अवार्ड से सम्मानित

**जबलपुर**। संस्कारधानी जबलपुर के सिद्ध श्री माँ दरबार से जुड़ी सौ. अपराजिता शर्मा को मास्टर ऑफ सोशल वर्क (स्नातकोत्तर) में उच्च अंकों के साथ विशिष्टता प्राप्त करने पर अपराजिता शर्मा अकादमिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया।



समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक ने की। मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं लॉ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. मनोज सिन्हा रहे। धर्म प्रबंध समिति अध्यक्ष सरदार मस्तान सिंह चावला द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। सौ. अपराजिता शर्मा, सिद्ध श्री माँ दरबार के संचालक पूज्य दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा गुरुजी की पुत्रवधु एवं पं. गौरव शर्मा की जीवनसंगिनी हैं। सम्मान प्राप्त होने पर सिद्ध श्री माँ दरबार से जुड़े आचार्यगण, गणमान्य नागरिकों एवं भक्त मंडल के सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## व्यावसायिक क्षेत्र में चार दिनों से बंद स्ट्रीट लाइट, नागरिक परेशान

**बरेला**। नगर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र बस स्टैंड से थाना मार्ग तक विगत तीन–चार दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। नगर के सबसे व्यस्त मार्ग पर अंधेरा छाए रहने से आवागमन में असुविधा के साथ असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय व्यवसायियों व निवासियों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत नगर परिषद में किए जाने के बावजूद अब तक कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है। नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद द्वारा प्रकाश कर वसूला जाता है, लेकिन स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव में लापरवाही बरती जाती है और लाइटें अक्सर हफ्तों तक बंद रहती हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से शीघ्र स्ट्रीट लाइट सुधार कर प्रकाश व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।





**श्रीमती उर्मिला शुक्ला-** फूटाताल निवासी स्व. श्री रामनारायण शुक्ला की पत्नि श्रीमती उर्मिला शुक्ला का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पंकज शुक्ला की माताजी थी। अंतिम संस्कार करिया पाथर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा रावत-** नई बस्ती गौरीघाट निवासी श्री राजाराम रावत की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा रावत (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जितेंद्र झारिया-** हाथीताल पुराना पान बरेजा निवासी श्री मलखान सिंह झारिया के पुत्र श्री जितेंद्र झारिया (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नितिन धर्मा-** नेपियर टाउन जैन मंदिर के पास निवासी श्री धर्म शैलन के पुत्र श्री नितिन धर्मा (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घमरदास अर्खेल-** प्रेमसागर निवासी श्री घमरदास अर्खेल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज देवी गोलछा-** अशोक मार्ग सदर निवासी श्री अमरचंद गोलछा की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज देवी गोलछा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

निधन

**श्रीमती कलावती यादव-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री बालकृष्ण यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती यादव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चंपा धुर्वे-** छुई खदान मड़ैया जीसीएफ राम मंदिर के पीछे निवासी श्री राकेश धुर्वे की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा धुर्वे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा देवी खत्री-** घमापुर चौक के निकट बेलबाग रोड निवासी श्री बिशनू नारायण खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा देवी खत्री (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती देवी चड़ार-** बर्न कम्पनी के पास कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री नर्मदा प्रसाद चड़ार की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी चड़ार (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनय कुमार कश्यप-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री विनोद कुमार कश्यप के पुत्र श्री विनय कुमार कश्यप (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र सिंह राजपूत-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री राजेंद्र सिंह राजपूत (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला शुक्ला-** फूटाताल निवासी श्री राम नारायण शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला शुक्ला (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिवदास नामदेव-** आईटीआई मेन रोड माढ़ोताल निवासी श्री शिवदास नामदेव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश मार्को-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री गणेश मार्को (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कंधी लाल रजक-** साउथ सिविल लाइन थाने के पीछे निवासी श्री कंधी लाल रजक (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश सदाशिव शिंदे-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री सुरेश सदाशिव शिंदे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई ओझा-** रामनगर गढ़ा निवासी श्री बलराम ओझा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई ओझा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनी बाई-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री तुलसीदास की धर्मपत्नी श्रीमती मनी बाई (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# संत रविदास के कर्म प्रधानता व समरसता के सिद्धांत अपनाने का किया गया आह्वान




**जबलपुर**। भक्त शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा अग्रवाल धर्मशाला, गौरीघाट में विचार गोष्ठी एवं नर्मदा उद्यान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मप्र तैलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री रविकिरण साहू, समाजसेवी श्री बृजभूषण त्रिपाठी एवं आचार्य देवेंद्र त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहे। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए विकिरण साहू ने कहा कि संत रविदास जी ने कर्म प्रधानता और समरसता का संदेश देकर समाज को एकता के सूत्र में बांधा। उन्होंने जातिगत भेदभाव, रूढ़ियों और अंधविश्वास के विरुद्ध जन जागरण किया। श्री बृजभूषण त्रिपाठी ने कहा कि संत रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत, समाज सुधारक एवं विचारक थे, जिन्होंने सेवा और सरल भक्ति का मार्ग दिखाया। आचार्य देवेंद्र त्रिपाठी ने संत रविदास को सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक बताते हुए उनके संदेशों को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के पश्चात संत रविदास जी की स्मृति में नीम का पौधा रोपा गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव उज्जवल पचौरी एवं आभार संगठन अध्यक्ष संदीप जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती मालती चौधरी, मुन्नीलाल अहिरवार, राजेन्द्र चौधरी, डॉ. भास्कर अहिरवार सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

CHANGE OF NAME
I, IC/Army No. JC-287201W Rank Retd. Nb/Sub Name SUNIL KUMAR RAJAK S/O SITARAM RAJAK resident of 1640, VIJAY NAGAR, CHHPAR, WARD NO. 05, GAURIGHAT, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 8025 1824 1933 I, have changed name of my DAUGHTER, from ANANAYA RAJAK (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to ANANYA RAJAK (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 8079 3631 6277 AND PAN CARD NO. HZWPR7162G) vide affidavit dated 02/02/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
ANANYA RAJAK
INCORRECT NAME
ANANAYA RAJAK

# मांग मजबूत रहने से जनवरी में वाहन कंपनियों की बिक्री बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा और हुंडई जैसी प्रमुख वाहन कंपनियों ने जनवरी में बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की है। पिछले साल त्योहारी सीजन के दौरान जीएसटी सुधारों से मिली गति के कारण बिक्री में यह तेजी बनी हुई है। देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि पिछले महीने विक्रेताओं को उसके घरेलू यात्री वाहनों की आपूर्ति बढ़कर 1,74,529 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,73,599 इकाई थी। आल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मामूली रूप से बढ़कर 14,268 इकाई रही।

### ग्रैंड वितारा, ब्रेजा व एर्टिगा की बिक्री बढ़ी

वहीं बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट सहित मझोली (कॉम्पैक्ट) कारों की बिक्री पिछले साल की 82,241 इकाइयों से घटकर 72,738 इकाई रह गई। हालांकि, ग्रैंड वितारा, ब्रेजा और एर्टिगा जैसे वाहनों (यूटिलिटी) की बिक्री बढ़कर 75,609 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 65,093 इकाई थी।

## मारुति, टाटा, महिंद्रा और हुंडई की बिक्री में बढ़ोतरी

### किया इंडिया की बिक्री 10 फीसदी बढ़ी

टीकेएम के कार्यकारी उपाध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत उत्साहजनक रही है। किया इंडिया की बिक्री जनवरी में 10 प्रतिशत बढ़कर 27,603 इकाई रही। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल सूद ने कहा कि नयी पीढ़ी की सेल्टोस, सोनेट और कैरेंस की मांग से पोर्टफोलियो को मजबूती मिली है।



### मारुति की दो लाख से अधिक इकाइयां बिकी

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने 2,36,963 इकाइयों की अब तक की सबसे अधिक मासिक कुल बिक्री दर्ज की है। उन्होंने कहा, /"हमें 2.78 लाख से अधिक इकाइयों की बुकिंग मिली है, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि है। बाजार से हमें हर दिन लगभग 9,000 से 10,000 बुकिंग मिल रही हैं।

### महिंद्रा की घरेलू बिक्री में 25 फीसदी का उछाल

महिंद्रा एंड महिंद्रा की घरेलू बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 63,510 इकाई रही, जो बीते वित्त वर्ष के जनवरी में 50,659 इकाई थी। हुंडई मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 59,107 इकाई हो गई, जो बीते वित्त वर्ष के समान महीने में 54,003 इकाई थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) की घरेलू बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 30,630 इकाई रही।

### विक्टोरिस की पांच माह में बिक्री 50 हजार पार

बनर्जी ने बताया कि नयी एसयूवी 'विक्टोरिस' ने पांच महीने में 50,000 इकाइयों का आंकड़ा पार कर लिया है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बताया कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 70,222 इकाई रही। जनवरी 2025 में यह 48,076 इकाई थी।

## खबर संक्षेप



### रुपया 42 पैसे चढ़कर 91.51 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे की मजबूती के साथ 91.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.95 पर खुला।

### सेबी से आठ कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी




**नई दिल्ली।** एल्डेको इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड प्रॉपर्टीज और एसोसिएटेड पावर स्ट्रक्चर्स सहित आठ कंपनियों को सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक सेबी की अद्यतन सूचना से यह जानकारी मिली। नियामक मंजूरी प्राप्त करने वाली अन्य कंपनियां एचडी फायर प्रोटेक्ट लि., एक्सट्रानेट टेक्नोलॉजीज, पारिजात इंडस्ट्रीज इंडिया, रोटोमैग एनर्टेक, सीएसएम टेक्नोलॉजीज और एआईटीएमसी वेंचर्स लि. हैं।

### सरकार की स्वदेशी एआई मॉडल पेश करने की योजना




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार आगामी 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में देश में विकसित किए गए स्वदेशी एआई मॉडल पेश करने की योजना बना रही है। मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' को लेकर भारी उत्साह है और उम्मीद है कि सम्मेलन के समापन तक एआई बुनियादी ढांचे के लिए 70 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता दोगुनी हो जाएगी। वैष्णव ने कहा, कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री ने उन टीम से मुलाकात की थी, जो स्वदेशी एआई मॉडल विकसित कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि ये मॉडल बहुत अच्छे स्थिति में हैं।

### टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस ने स्विचगियर किए पेश



**नई दिल्ली।** टोरेंट ग्रुप की बिजली उत्पाद बनाने वाली इकाई टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस ने नई ब्रांड पहचान के साथ स्विचगियर उत्पाद पेश किये। नई ब्रांड पहचान भारत के बिजली बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस की प्रगति को दर्शाती है। इस पेशकश के तहत, टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस ने अपने स्विचगियर उत्पादों को पेश किया है। इसमें मिनिएचर सर्किट ब्रेकर्स, रेजिडुअल करंट सर्किट ब्रेकर्स, आइसोलेटर्स और डिस्ट्रिब्यूशन बोर्ड्स शामिल हैं।

### एफपीआई ने भारतीय बाजार से जनवरी में निकाले 36 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला जनवरी में भी जारी रहा और उन्होंने भारतीय शेयर बाजार से करीब 36,000 करोड़ रुपये (लगभग 3.97 अरब डॉलर) की निकासी की। इस बीच, वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाने की बजट घोषणा से निकट भविष्य में विदेशी निवेशकों की भागीदारी पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने जनवरी महीने में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने की कोशिश

# बजट में वृद्धि को गति देने निवेश पर जोर, घाटे का लक्ष्य बताता है सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं।

**निवेशकों को अब किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं**

सीतारमण ने कहा, ''इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।''

## सोने की कीमतों में अनिश्तितता से केंद्रीय बैंक सोने में निवेश कर रहे

### एसटीटी को 0.2 से बढ़ाकर 0.5 फीसदी किया गया

बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी (प्रतिभूति सौदा कर) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विकल्प प्रीमियम और विकल्प उपयोग पर एसटीटी को मौजूदा क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है।



### जीडीपी अगले वित्त वर्ष के लिए 4.3 फीसदी होगा

एफ एंड ओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी।'' बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है।

### सरकार पीएसयू में हिस्सेदारी बेचना जारी रखेगी

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। सीतारमण ने कहा कि आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी।

### एफएंडओ में हस्तक्षेप की मांग की गई थी

पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं।

सीतारमण ने कहा, /"हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### राजकोषीय घाटे का लक्ष्य आर्थिक स्थिति पर निर्भर

सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्रत्येक वर्ष की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है और अतीत में सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में राजकोषीय घाटे को कुछ आधार अंक कम रखा है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में ''सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।''

**निजी उपभोग में वृद्धि जारी रहेगी :** सीतारमण ने यह भी विश्वास जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आने वाले महीनों में भी जारी रहेगी।

# कार्यालयीन नौकरियों की भर्ती जनवरी में तीन फीसदी बढ़ी

## ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम ने जारी की रिपोर्ट
## भर्ती में आईटी से इतर क्षेत्रों की भूमिका रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई



जनवरी महीने के दौरान कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से इतर क्षेत्रों की अहम भूमिका रही। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भर्तियों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम की रिपोर्ट कहती है कि जनवरी में जॉबस्पीक सूचकांक 2,637 अंक पर रहा जो जनवरी, 2025 के 2,550 अंकों से तीन प्रतिशत अधिक है।
रिपोर्ट के मुताबिक, यह वृद्धि मुख्य रूप से गैर-आईटी क्षेत्रों और नए स्नातकों की भर्ती के कारण हुई।

बीपीओ/आईटीईएस में 21 प्रतिशत, आतिथ्य और यात्रा क्षेत्र में 15 प्रतिशत, बीमा में सात प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवा में पांच प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में इस दौरान 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।


**कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Nagarpanchayattundra@gmail.com

क्रमांक /116 / लो.नि.वि. / नं.प./2025-26 — टुण्डरा, दिनांक 02/02/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय निविदा)**

नगर पंचायत टुण्डरा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 182375 | Desing. Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Tundra under SBM 2.0 | 173.27 लाख | दिनांक 13.02.2026 समय शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 समय शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 समय शाम 5.00 बजे से |

नोटः- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत टुण्डरा


## तेल-गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में निकली खरीदी

# बजट की भारी गिरावट से उबरा शेयर बाजार सेंसेक्स ने लगाई 943 अंक की छलांग



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 943.52 अंक की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़कर 81,732.25 अंक के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 282.65 अंक चढ़कर 25,108.10 अंक तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। जनवरी महीने में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा।हालांकि, कारोबारी भरोसा साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है।

### एसटीटी से बाजार में अस्थिरता बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एसटीटी में बढ़ोतरी और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार की अधिक उधारी जुटाने की योजना से बाजार में अस्थिरता बढ़ी थी। लेकिन बजट में नीतिगत निरंतरता, वृद्धि पर स्पष्ट जोर और राजकोषीय अनुशासन से मध्यम-से-दीर्घकालिक आय को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।''

### पावर ग्रिड में 7.61 फीसदी की तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड में 7.61 प्रतिशत और अदाणी पोर्ट्स में 4.76 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इनके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### इंसेक्टिसाइड्स इंडिया का मुनाफा 40 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** कृषि-रसायन कंपनी इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में ज़्यादा खर्च के कारण उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10.48 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले साल इसी तिमाही में 17.36 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी की कुल आय 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में बढ़कर 385.67 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 357.85 करोड़ रुपये थी।

### बिजली की खपत जनवरी में बढ़कर 142.74 अरब यूनिट

**नई दिल्ली।** जनवरी महीने में देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ने से बिजली खपत 3.8 प्रतिशत बढ़कर 142.74 अरब यूनिट हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने यह 132.5 अरब यूनिट थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में बिजली की अधिकतम आपूर्ति भी बढ़कर 245.42 गीगावाट हो गई, जो जनवरी, 2025 में रिकॉर्ड 237.31 गीगावाट थी। देश में बिजली की अधिकतम मांग मई, 2024 में 250 गीगावाट दर्ज की गई थी, जबकि इससे पहले का उच्चतम स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रहा था। विशेषज्ञों के मुताबिक, जनवरी महीने में देश के उत्तरी हिस्सों में ठंड और बारिश के कारण गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro-813 Date-02/02/2026<br>2026_UAD _479428_1 | संभाग क्र. 07 महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत सुरभी ब्यूटी पार्लर से जय प्रकाश नगर उद्यान तक, केटले जी के मकान से सी.बी.एस.ई स्कूल के सामने से जय प्रकाश मुख्य मार्ग तक सड़क का डामलीकरण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 04 माह<br>13.52 | 2000/-<br>10200/- | 28/02/26 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

क्र./5073/विद्युत विभाग/2025-26 — **निविदा सूचना** — कटनी, दिनांक 30/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _479282_1 | मदन मोहन चौबे वार्ड क्रमांक 27 स्थित शा.प्रा.शा. पानी की टंकी के पास एवं अकरम रेता वाले के मकान के पास ऑक्टागोनल पोल एवं एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट 150 वॉट स्थापना कार्य। | 30 दिवस लागत 352512/- | 2000/-<br>3525/- | 14/02/26 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 35 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. — **निविदा सूचना** — नरसिंहपुर, दिनांक 28/01/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_PWDRB_473681_2 | नरसिंहपुर | मरम्मत कार्य | नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत कुल लंबाई 68.06 कि. मी के विभिन्न मार्गों की एस.एम.टी.सी. कार्य निविदा (द्वितीय आमंत्रण):- (1) गोंगावरी कामती मार्ग लंबाई 7.30 कि.मी. (2) बेलखेड़ी बरहटा मुँगवानी मार्ग लंबाई 17.80 कि.मी. (3) गाडरवारा तेन्दूखेड़ा नवीन राज्य मार्ग कि.मी. 19/2 से ग्राम बीकोर सिन्दूर नदी तक मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. (4) नरसिंहपुर मगरधा मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (5) महगंवातला से भागा मार्ग लंबाई 16.90कि.मी. मरम्मत ( 6 ) उमरिया से पिपरहा मार्ग लंबाई 5.20 क.मी. कार्य (7) मऊ लिंक मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (8) बनवारी एप्रोच मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी. (9) खोबी भैंसा राखी से ब्रम्हाकुण्डघाट मार्ग लंबाई 4.36 कि.मी. (10) गुंदरई से पथरीडा मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. (11) सालीचौका से सहावन मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. (12) सांकल मार्ग से मण्डी तिराहा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. | 61.25 | 61,500 | 10,000 | द्वितीय आमंत्रण | 12 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2026_PWDRB_478964_1 | नरसिंहपुर | मरम्मत | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर पी.जी. कालेज ऑडीटोरियम हॉल में (ध्वनिरोधी पैनलिंग दीवार) रेनोवेशन का कार्य । | 38.46 | 50,000 | 5,000 | प्रथम आमंत्रण | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 99.71 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आॅनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 09/02/2026, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 09/02/2026, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( भ/ स ) - संभाग नरसिंहपुर

G-25249/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 222 / खनिज / 2026 — दिनांक 27/01/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री आशुतोष सिंह पता - प्लाट नं. 154, धनवंतरी नगर, यूनियन बैंक के ऊपर, गढा, जबलपुर जिला जबलपुर** द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 23/01/2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

**आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | शहपुरा | गंगई | 440 | 4.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 4.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।


खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला - जबलपुर, (म.प्र.)

G-25218/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## चिंतन

# संसद की गरिमा बनाए रखना सबका दायित्व

लोकसभा में कांग्रेस सांसद एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण के दौरान हुआ हंगामा केवल एक राजनीतिक टकराव नहीं था, बल्कि इसने संसद की गरिमा, नियमों की मर्यादा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को फिर से केंद्र में ला खड़ा किया। नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के हवाले से चीन की घुसपैठ का जिक्र किए जाने पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया, जिसके बाद सदन में व्यवस्था बाधित हुई। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहां सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल अपनी बात मजबूती से रखें, बल्कि स्थापित नियमों, गरिमा और परंपराओं का भी पालन करें। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा अत्यंत संवेदनशील होती है। ऐसे में किसी अप्रकाशित पुस्तक या लीक अंशों के आधार पर बयान देना स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि अप्रकाशित सामग्री का हवाला देना सदन के नियमों के खिलाफ है, प्रक्रियात्मक दृष्टि से उचित माना जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर, विपक्ष का तर्क भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रतिष्ठित पूर्व सैन्य अधिकारी के कथित अनुभवों के आधार पर सरकार की नीतियों और निर्णयों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो उन सवालों को सुनना भी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। अखिलेश यादव का यह कहना कि चीन से जुड़ा मामला देश की सुरक्षा से संबंधित है और उस पर चर्चा होनी चाहिए, विपक्षी दृष्टिकोण को दर्शाता है। असल समस्या यहां “स्रोत की प्रमाणिकता” बनाम “मुद्दे की गंभीरता” की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बार-बार नियमों का हवाला देते हुए राहुल को संयम बरतने की सलाह दी। नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे जो भी तथ्य सदन में रखें, वे निर्विवाद और आधिकारिक हों। प्रियंका गांधी के उदाहरण का उल्लेख कर स्पीकर ने स्पष्ट संकेत दिया कि तथ्य यदि प्रमाणिक हों, तो उन्हें रखने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। चीन की घुसपैठ, रेजांग ला, रेचिन ला की घटनाएं और 2020 के तनावपूर्ण हालात देश पहले ही देख चुका है। ऐसे में यदि कोई बयान सेना और सरकार के बीच संवाद को लेकर संदेह पैदा करता है, तो उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक और रणनीतिक भी हो सकता है। इसी कारण सत्ता पक्ष का यह आग्रह कि ऐसी बातों को सार्वजनिक मंच पर कहने से पहले पूरी तरह सत्यापित किया जाए, समझ में आता है। अग्निवीर योजना को लेकर नरवणे के कथित विचारों का जिक्र भी विवाद का एक अहम बिंदु रहा, लेकिन फिर वही सवाल कि क्या ऐसे दावे आधिकारिक रूप से उपलब्ध हैं, या केवल लीक अंशों और लेखों पर आधारित हैं? संसद में बहस भावनाओं से नहीं, तथ्यों से चलनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात साफ है संसद की गरिमा बनाए रखना केवल स्पीकर या सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उसके साथ मर्यादा और नियमों का पालन अनिवार्य है। अंततः, संसद का उद्देश्य हंगामा नहीं, समाधान है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर गंभीर, तथ्यपरक और जिम्मेदार चर्चा की आवश्यकता है। तभी संसद अपनी गरिमा बनाए रख सकेगी और लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी।



## चर्चा

अखिलेश आर्येन्दु

# वेनेजुएला-भारत संबंध नई ऊंचाई पर

> नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहूलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

विश्व के बदलते परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। इसकी अधिक चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि अमेरिका द्वारा वहां के पूर्व राष्ट्रपति को बंधक बनाकर अमेरिकी जेल में डालने (और दुनिया के तमाम देशों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की इस दबंगई की निंदा) के बाद यह माना जा रहा था कि शायद ट्रंप का अगला कदम ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हो सकता है। अभी तक भारत इंतजार करो और देखो की नीति (भूमिका) अपनाए हुए था। ऐसे में अचानक वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति से विस्तार से वार्ता पर अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों की निगाहें टिकी हैं। चर्चा यह भी हो रही है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका को इस वार्ता के जरिए अपना रुख साफ कर दिया है। गौरतलब है कि इस टेलीफोन वार्ता ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

वार्ता मुख्यतः तेल और उसकी धार पर आधारित होने की वजह से भारत को तेल निर्यात करने वाले देश इस वार्ता के बाद भारत के अगले कदम की प्रतीक्षा करने लगे हैं। खासकर रूस और अरब देश। यह वार्ता कई मायने में खास मानी जा रही है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहूलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। यह भी दावा किया कि अब भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। गौरतलब है भारत ने 2019 से वेनेजुएला से तेल खरीदना बंद कर दिया था। यह वह दौर था जब अमेरिका ने वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए थे, यानी जो भी देश वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जाएगा। भारत भी वेनेजुएला से 2019 के पहले अपने तेल आयात का 6 प्रतिशत तेल खरीदता था, लेकिन अमेरिका के जरिए वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध के बाद उसे अपनी तेल आयात नीति में बदलाव करना पड़ा था। अब फिर दोनों देशों में संशोधित नीति के तरह भारत ने अपनी पुरानी नीति को आगे बढ़ाते हुए 30 जनवरी 2026 को तेल खरीदने पर एक नई सहमति बनी है। वैसे भारत ने 2024 में अमेरिका ने वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध कुछ ढीले किए तो 2023-24 में पुनः तेल खीदना शुरू किया था, लेकिन यह खरीदारी बहुत मामूली थी। तेल के आयात में लगातार वृद्धि होती रही, जो 2025 में बढ़कर तकरीबन 1.41 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह वह दौर था जब अमेरिका की नज़र वेनेजुएला पर तिरछी नहीं हुई थी। मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर वेनेजुएला पर सख्ती बढ़ा दी, तब भारत ने वेनेजुएला से तेल का आयात कम कर दिया। भारत की तेल कंपनियां बगैर अमेरिका से अनुमति लिए वेनेजुएला से सीधे तेल नहीं



खरीद सकतीं। इसलिए भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस ने अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्मेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्मेंट से बातचीत करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि 2025 में रिलायंस ने वेनेजुएला से 63,000 बेरल तेल खरीदा था। मार्च 2025 के बाद अमेरिका ने तेल खरीदने का मिला लाइसेंस रद्द कर दिया और वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी-भरकम टैरिफ थोपने की धमकी दी। इसका असर यह हुआ कि मई 2025 के बाद वेनेजुएला से कोई तेल का जहाज भारत के लिए रवाना नहीं हुआ।

अब अप्रत्यक्ष रूप से वेनेजुएला की तेल रिफाइनरियों पर अमेरिका का कब्जा है। ट्रंप अब खुलकर बोलने लगे हैं कि बगैर उसकी अनुमति के कोई भी देश वेनेजुएला से तेल नहीं खरीदेगा। यदि कोई देश वेनेजुएला से तेल खरीदता है तो उसकी रकम अमेरिका ही वसूल करेगा। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया है कि वेनेजुएला की राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल तेल सौंपेंगी और उस तेल को अमेरिका दुनिया के बाजार भाव से बेचेगा। यानी तेल की हर बूंद पर अमेरिका अपने कब्जे में लेना चाहता है। सवाल यह है कि क्या भारत-वेनेजुएला की ताजा सहमति (डील) तेल को लेकर बनी है, वह अमेरिकी राष्ट्रपति की सहमति से हुई है? यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि 5 करोड़ बैरल तेल से हुई आय का इस्तेमाल वेनेजुएला-अमेरिका के लोगों के कल्याण के लिए किया जाएगा। इसी के साथ सवाल यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे तय करेंगे कि वेनेजुएला के लोगों का कल्याण या जरूरत किस तरह की है? भारत वेनेजुएला से आयातित तेल का पैसा किसे सौंपेगा-वेनेजुएला को, या अमेरिका को? यदि अमेरिका को तेल की रकम भारत सौंपता है तो इसका मतलब वेनेजुएला से तेल के संबंध में मोदी और वेनेजुएला की राष्ट्रपति से बातचीत का कोई मायने समझ में नहीं आता है। इसलिए वेनेजुएला के हालात जब तक सामान्य न हो जाएं, तब तक वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत के लिए कितना फायदेमंद रहेगा, इस पर विचार करने की बेहद जरूरत है।

तेल आयात से निकल कर यदि हम वेनेजुएला से हुई बातचीत से निकले निष्कर्ष पर नज़र डालें तो पाएंगे कि दोनों देश के प्रमुखों ने ऊर्जा, कृषि, विज्ञान, प्रोद्यौगिकी, तकनीक, उद्योग, माइनिंग, पर्यटन और आटोमोटिव सेक्टर्स पर विस्तार से चर्चा की। इन्हें 2026 में आगे बढ़ाने पर सहमति भी दिखाई देती है, लेकिन सवाल यह है कि जब तक ट्रंप की कूटनीति साफ नहीं होती और अचानक कुछ भी निर्णय लेने और जबरन भारत या वेनेजुएला पर थोपने का उनका संशय बना रहेगा, तब तक इन सहमतियों पर निर्भीकता के साथ क्या आगे बढ़ना आसान होगा? वेनेजुएला-भारत की हुई सहमतियों को खारिज कर अमेरिका अपनी धमकी वाली नीति लागू कर दे, कौन जानता है? हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने पर किस तरह ट्रंप टैरिफ सहित किस तरह की धमकियां भारत को देते रहे हैं। भारत की यह नई पहल मामूली नहीं है, ट्रंप यह क्यों चाहेंगे कि भारत सीधे वेनेजुएला से सभी सरह के व्यापारिक हित साधे और उसे नजरअंदाज करे। क्या भारत को वेनेजुएला से आपसी सामरिक हितों की बात करते हुए यह साफ करने की जरूरत नहीं है कि नई सहमतियों को आगे बढ़ाने में संभावित बाधाओं से कैसे पार पाया जाएगा? क्योंकि अमेरिका अभी तेल सहित तमाम मुद्दों पर भारत के हर कदम को अपने निजी हितों से जोड़कर देखेगा, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति को अधिकार देने और उक्त पद पर बिठाने की जैसी नीति अमेरिका की अभी तक रही है, वह तेल देखो और तेल की धार देखो के इर्द-गिर्द रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला



# मीर तकी मीर : दर्द को गीत बनाने वाला शायर

साहित्यकार, उर्दू साहित्य के महानतम शायर मीर तकी मीर (1723–1810) का 3 फरवरी को जन्मदिन मनाया जाता है। मीर तकी मीर सिर्फ़ ग़ज़ल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज़ थे। मीर उर्दू ग़ज़ल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। पाठकों को बताता चलूं कि उन्हें 'ख़ुदा-ए-सुख़न' यानी कि शायरी का ख़ुदा/ भगवान कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती है। उर्दू ही नहीं, फ़ारसी भाषा पर भी उनकी मज़बूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है जिसमें फ़ारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म आगरा में तथा मृत्यु लखनऊ में हुई।

मीर तक़ी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया। उनका मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें क्रमशः ज़िक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दू रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फ़ारसी (फ़ारसी रचनाओं का संग्रह), फ़ैज़-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फ़ारसी ज़बान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की ज़िंदगी मुफ़लिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एक बार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने ग़म जमा किए तो दीवान किया।' कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' गौरतलब है कि नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल-ए-मुमतऩा' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज़ जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो। महान शायर मिर्जा ग़ालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि ग़ालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना।




ग़ालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-' रेख़्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो ग़ालिब, कहते हैं अगले ज़माने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क़ है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाज़ुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज़ आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्म स्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुक़ाबला कौन करे।' मीर सिर्फ़ उर्दू ग़ज़ल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज़ हैं।

उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे ज़ख़्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फ़ारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और ग़ज़ल को आत्मा की आवाज़ बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ़ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है !




संकलित

दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित

प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों में लुप्त होती लोक संस्कृति

शादियों में अकसर जो लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, अब यह शादियों में कम ही सुनने को मिलते हैं। यही नहीं कुछ समय पहले तक तो शादी तीन-चार दिन तक चलती थी, सभी रिश्तेदार एक साथ मिल बैठते, इससे रिश्तों की डोर मजबूत होती थी। शादियों में ऐसे लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, जिनमें लोक सभ्यता, संस्कृति और इतिहास की खुशबू आती थी। लेकिन अफसोस अब हमारी शादियों पर भी पश्चिमी सभ्यता का रंग चढना शुरू हो गया, इस कारण न तो शादियों में वो पुराने लोकगीत सुनने को मिलते और न ही वो खान-पान। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को रिश्तों की कद्र करना सिखानी है, तो हमें अपनी लोक संस्कृति की विरासत को संभालकर रखना होगा।

- **मिलींद जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय बढ़ोतरी



दिल्ली में केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही योजनाओं के बजट में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। हम इस बढ़े हुए प्रावधान का अधिकतम लाभ उठाकर हर योजना को तेज गति से जमीन पर उतारेंगे, ताकि दिल्लीवासियों तक पूरा लाभ पहुंचे और विकसित दिल्ली का निर्माण हो पाए।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**


### स्वास्थ्य सेवा मॉडल



गोवा को वास्तविक स्वास्थ्य सेवा और ईमानदार सरकार की ज़रूरत है जो इसे लागू कर सके। पोंडा टाउन हॉल में, मैंने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी का सिद्ध स्वास्थ्य सेवा मॉडल हर गोवावासी के लिए आशा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल ला सकता है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### प्रदेश से सौतेलापन



देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का बजट भाषण में कोई मेंशन न होना प्रदेश के साथ हो रहे सौतेलेपन की झलक है। कुल मिलाकर डबल इंजन के बावजूद यह बजट राजस्थान के लिए 'ऊंची दुकान फीका पकवान' साबित हुआ है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बजट में नहीं समाधान




मोदी सरकार के पास अब सोच की कमी है, आईडिया खत्म हो गए हैं। आम बजट 2026 भारत की कई आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का एक भी समाधान नहीं देता है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


# रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवागमन के लिए फिर खुली



मिस्र और इजराइल के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि गाजा की मिस्र से सटी रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवाजाही के लिए फिर से खोल दी गई है, जो हमास के साथ संघर्षविराम के आगे बढ़ने की दिशा में एक अहम कदम है। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि क्रॉसिंग को खोले जाने के पहले दिन 50 फलस्तीनी आ-जा सकेंगे, लेकिन इसके खुलने के पहले घंटे में किसी को भी वहां से गुजरते नहीं देखा गया। मिस्र के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले लगभग 20,000 फलस्तीनी बच्चे और वयस्क इस सीमा मार्ग से तबाह गाजा से बाहर निकलने की उम्मीद कर रहे हैं। क्षेत्र से बाहर रहने वाले हजारों अन्य फलस्तीनी भी इस सीमा मार्ग से प्रवेश करने और अपने घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। मिस्र के सरकारी मीडिया और एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने भी सीमा क्रॉसिंग दोबारा खुलने की पुष्टि की। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। युद्ध से पहले, रफाह गाजा में आने-जाने वाले लोगों के लिए मुख्य मार्ग था। इस क्षेत्र के कुछ अन्य मार्ग भी हैं जो इजराइल के साथ जुड़ते हैं।

## ऑफ बीट

# एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई



एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है। लेखन में एआई की सीमाएँ मनुष्य विभिन्न फ़ॉन्ट और लिखावट में लिखे गए पाठ प्रतीकों (जैसे अक्षर, संख्या और चिन्हों) को आसानी से पहचान सकते हैं। हम विभिन्न संदर्भों में भी पाठ तैयार कर सकते हैं, और समझ सकते हैं कि संदर्भ कैसे अर्थ बदल सकता है। वर्तमान एआई छवि जनरेटर में इस अंतर्निहित समझ का अभाव है। उन्हें इस बात की कोई सच्ची समझ नहीं है कि किसी पाठ प्रतीक का क्या मतलब है। ये जनरेटर बड़ी मात्रा में छवि डेटा पर प्रशिक्षित कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क पर बनाए गए हैं, जिससे वे संबंधों को 'सीखते हैं' और भविष्यवाणियां करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एसटीटी में वृद्धि को लेकर बोलीं सीतारमण

# खुदरा निवेशकों के 90% से अधिक सट्टेबाजी वाले सौदों में नुकसान से बचाएंगे

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। एफएंडओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।

**सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण**

सार्वजनिक कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेंगे


केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

### सेबी ने भी सट्टेबाजी रोकने के लिए कदम उठाए

वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। उन्होंने कहा कि सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है। पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं। सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे से संतुष्ट

सीतारमण ने कहा कि बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।

### आईडीबीआई बैंक का विनिवेश सही दिशा में

वित्त मंत्री ने कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आगे भी जारी रहेगी।

### आईबीसी संशोधन विधेयक बजट सत्र के दूसरे चरण में

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की 9 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पुणे पोर्श हादसे में तीन आरोपियों को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित पुणे पोर्श कार हादसा मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कोर्ट ने इस दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में माता-पिता की जिम्मेदारी भी तय होती है, क्योंकि वे अपने नाबालिग बच्चों पर सही नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं।

### 4 जगहों पर शिंदे गुट की महिला प्रत्याशी मेयर




**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर नगर निगमों में मेयर पद के लिए महिला उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इन पदों पर कोई आरक्षण नहीं है, फिर भी पार्टी ने महिलाओं पर भरोसा जताया है। एकनाथ शिंदे ने बयान में यह जानकारी दी है।

### बिट्स पिलानी कैंपस में छात्रा ने की आत्महत्या



**गोवा।** दक्षिण गोवा के बिट्स पिलानी कैंपस में एक छात्रा के कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय छात्रा इंजीनियरिंग की तीसरे वर्ष की छात्रा थी। वह रविवार देर रात अपने हॉस्टल कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई पाई गई। पुलिस को रात 11:00 बजे सूचना मिली।

### जावेद बोले धर्म से नैतिक समाज नहीं बनता



**नई दिल्ली।** गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि मैं धार्मिक लोगों की बहुत इज्जत करता हूं, जो आमतौर पर अच्छे इंसान भी होते हैं। हालांकि, धर्म अपने आप में जरूरी रूप से नैतिक समाज पैदा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ धर्म ही नैतिक व्यक्ति बनाता तो मिडिल ईस्ट ज्यादा शांतिपूर्ण हो गया होता।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने की संसदीय नियमों की अनदेखी

# राहुल के 'चीन राग' पर रिजिजू बोले स्पीकर का अपमान हुआ, माफी मांगें

**लोकसभा अध्यक्ष ने कहा- नियमों के तहत ही बोलें**

राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर भाजपा ने सदन की मर्यादा तोड़ने और लोकसभा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में उस वक्त विवाद खड़ा हो गया जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कथित रूप से संसदीय नियमों की अनदेखी की। राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर भाजपा ने सदन की मर्यादा तोड़ने और लो क स भा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को सदन में नियमों के तहत बोलने की सख्त हिदायत दी। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई सदस्य तथ्यों और संसदीय नियमों के दायरे में बात नहीं रखता है, तो उन्हें दूसरे वक्ताओं को अवसर देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह चेतावनी उस वक्त दी गई जब राहुल गांधी ने चीन से जुड़े एक गैर-सूचीबद्ध मुद्दे को उठाने की कोशिश की। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर पूर्व सेना

■ कांग्रेस बोली- सरकार सच्चाई सामने आने से डर रही

**कांग्रेस का सरकार पर आरोप**

### संसद में नियमों की आड़ में राहुल गांधी की आवाज को दबा रहे

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने विपक्ष के नेता को चुप कराने के लिए वरिष्ठतम कैबिनेट मंत्रियों को आगे कर दिया और संसदीय नियमों की मनमानी व्याख्या की। तथाकथित राष्ट्रवादी सरकार अपनी विफलताओं के उजागर होने से इतनी घबराई हुई है कि उसने राहुल गांधी को बोलने से रोकने का प्रयास किया। पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के प्रकाशन को रोकने की कोशिश भी इसी डर का हिस्सा थी।



**विपक्ष को खामोश कर रहे**

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने संसदीय प्रक्रिया के नियमों की खुली गलत व्याख्या कर सदन और देश की जनता को यह जानने से वंचित किया कि चीन के साथ हुए संघर्ष में क्या गलतियां हुईं।

**सांसदों के अधिकार छीने जा रहे: बेनर्जी**



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बेनर्जी ने संसद की कार्यप्रणाली और सत्ता पक्ष के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात देखकर ऐसा लगता है मानो संसद के भीतर सांसदों के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है। उनके मुताबिक, जनप्रतिनिधियों से धीरे-धीरे उनके सभी अधिकार छीने जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही दिशा नहीं है। यह रास्ता ठीक नहीं है देश की जनता इसका जवाब जरूर देगी।

**केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक**

### संसद किसी व्यक्ति की जागीर नहीं, नियमों का पालन जरूरी

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के तौर पर बोलने का अवसर दिया गया था। लेकिन शुरुआत से ही उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब से उद्धरण देने लगे, जिसकी न तो प्रामाणिकता स्पष्ट थी और न ही उसके प्रकाशन की कोई जानकारी दी गई। उन्होंने कहा राहुल गांधी बार-बार सदन के नियमों की अनदेखी करते हैं। यह बेहद शर्मनाक है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।



**बिना सूचीबद्ध मुद्दे उठाए**

रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने चीन जैसे संवेदनशील मुद्दे को बिना सूचीबद्ध कराए उठाया और नियमों के खिलाफ एक पत्रिका के लेख से उद्धरण देने की कोशिश की।

**पहली बार ऐसा हुआ: जगदंबिका पाल**



इस मुद्दे पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी सांसद को एक ही बात दोहराने से पांच बार रोका गया। यह सब पूर्व नियोजित लग रहा था। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण को शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए कहा कि इस मामले में उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

एसआईआर पर चुनाव आयोग से मिलीं ममता

## बोलीं- बंगाल को निशाना बना रहे, आयुक्त अहंकारी और झूठे


आयोग के कार्यालय के बाहर ममता बेनर्जी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने दिल्ली के चुनाव आयोग कार्यालय से बाहर आते ही विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह इस पूरे मामले से बहुत दुखी हैं। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बंगाल को विशेष रूप से निशाना बनाया है और 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जबकि उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दे रहे। उन्होंने कहा मैं लंबे समय से दिल्ली की राजनीति में शामिल हूं। मैं 4 बार मंत्री और 7 बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने कभी ऐसा अहंकारी और झूठ बोलने वाला चुनाव आयुक्त नहीं देखा। मैंने उन्हें कहा कि मैं आपके पद का सम्मान करती हूं क्योंकि किसी भी पद की स्थायित्व नहीं होती। एक दिन आपको जाना होगा।

**58 लाख लोगों के नाम सूची से हटाए**

ममता बेनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग ने सही योजना के बिना राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया लागू की, जबकि चुनावी राज्यों को छोड़ देना चाहिए था। अगर एसआईआर करनी थी, तो पहले चुनाव से बंधे राज्यों को छोड़कर सही योजना के साथ करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। असम में भाजपा की सरकार है, वहां एसआईआर नहीं की गई, लेकिन पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में इसे लागू किया गया। इसका परिणाम हमारे लिए बहुत भारी पड़ा। उन्होंने आगे कहा 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। बहुत सारी गड़बड़ियां और मिसमैपिंग हुई है। अगर हमें 2022 में एसआईआर करनी होती और अपने पिता के जन्म प्रमाणपत्र लाने पड़ते, तो यह संभव नहीं होता।

**ईडी की याचिका खारिज करने की मांग**

ममता बेनर्जी के लिए चुनावी रणनीति बनाने वाली कंपनी आई-पैक के दफ्तर पर पड़े ईडी के छापों के बीते दिनों बंगाल की राजनीति को गरमा दिया था। अब इस मामले में ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। ममता सरकार ने सर्वोच्च अदालत में पेश किए गए हलफनामे में ईडी की याचिका खारिज करने की मांग की है। ममता सरकार ने कहा है कि ईडी की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। जब इसी तरह की याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट में लंबित है तो समानांतर कार्रवाई नहीं हो सकती। हलफनामे में ममता सरकार ने लिखा है की ईडी के पास सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका फाइल करने के लिए मौलिक अधिकार नहीं हैं। ईडी के पास औचक सर्च और सीजर करने का अधिकार नहीं है। सर्च से पहले कोई प्रभावी नोटिस नहीं दिया गया।

मणिपुर में सरकार गठन की तैयारी

## दिल्ली में एनडीए की बैठक हुई सकारात्मक परिणाम की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मणिपुर में सरकार गठन को लेकर हलचल तेज हो गई है। मणिपुर भाजपा के 20 से अधिक विधायक, राज्य इकाई के अध्यक्ष सहित पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने मणिपुर के सभी एनडीए विधायकों के साथ बैठक की। पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि चूंकि एनडीए सहयोगी दलों के सभी विधायकों को बैठक के लिए आमंत्रित किया जा रहा है, इसलिए मुझे सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। इससे पहले भाजपा के सभी विधायकों की बैठक हुई थी। राष्ट्रपति शासन का कार्यकाल 12 फरवरी को समाप्त हो रहा है। आइए सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद करें। उन्होंने कहा कि सरकार एक सतत प्रक्रिया है। मैंने मणिपुर के परिदृश्य को बदलने की पूरी कोशिश की। पहाड़ियों और घाटियों दोनों में काफी बदलाव हुए हैं।


पूर्व सीएम एन. बीरेन सिंह

कर्नाटक में गर्मायी सियासत


## बदला उर्दू स्कूलों का समय, भाजपा बोली-हिंदू त्योहरों में क्या दी थी छूट?

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

रमजान में प्रदेश के उर्दू स्कूलों का टाइम टेबल बदलने और जल्दी स्कूल बंद करने को लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है, जिस पर अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा की तरफ से कर्नाटक की कांग्रेस शासित सरकार पर सवाल उठाए गए और ये पूछा गया कि आखिर हिंदुओं के त्योहारों में सरकार द्वारा इस तरह की छूट क्यों नहीं दी जाती है? कर्नाटक में उर्दू और अन्य अल्पसंख्यक भाषा विद्यालयों के निदेशालय के एक निर्देश के अनुसार, रमज़ान के महीने में राज्य के उर्दू माध्यम के प्राथमिक और माध्यमिक प्राथमिक विद्यालयों के बंद होने का समय रमज़ान के महीने की शुरुआत से एक महीने के लिए सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक बढ़ा दिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि लेकिन क्या आपने किसी हिंदू त्योहार के दौरान ऐसी कोई छूट दी है?


मदरसे में बच्चे पढ़ाई करते

## बदरीनाथ मंदिर ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में सोमवार को ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच बदरीनाथ मंदिर दिखाई दे रहा है। इस समय बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद हैं। इस साल बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को सुबह 6:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम 19 अप्रैल को खुलेंगे, जबकि केदारनाथ धाम की तिथि महाशिवरात्रि पर घोषित होगी।

जाति जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल खारिज

## अदालत ने केंद्र सरकार को दिए निर्देश याचिकाकर्ता के सुझावों पर करें विचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है।



**अदालत ने जताया भरोसा**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं।

**प्रक्रिया पारदर्शी हो**

यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए।

राज्यसभा में भाजपा सांसद सदानंद मास्टर ने सुनाई अपनी आपबीती

## कृत्रिम पैर मेज पर रख बोले- 31 साल पहले मुझ पर किया हमला


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में सोमवार को भाजपा के मनोनीत सांसद सी. सदानंदन मास्टर के भाषण के दौरान जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, जब भाजपा नेता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलना शुरू किया तो उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रख दिए और 31 साल पहले जानलेवा हमले की कहानी सुनाई।

सदानंदन मास्टर ने सीपीएम पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज संसद में लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं, उन्होंने 31 साल पहले मुझ पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों की प्रतिबद्धता लोकतांत्रिक मूल्यों में नहीं है बल्कि राजनीतिक हिंसा में है। सी. सदानंदन मास्टर राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हैं। 1994 में उन्हें आरएसएस का समर्थन करने के लिए कथित तौर पर लेफ्ट समर्थकों ने सबक सिखाने के लिए उनके पैर काट दिए थे।

**ऐसी पार्टियों की प्रतिबद्धता राजनीतिक हिंसा में**

1994 में लेफ्ट समर्थकों ने उनके पैर काटे थे


राज्यसभा सांसद सी सदानंदन मास्टर

**सीपीएम सांसद ने जताई आपत्ति**

राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जब उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रखकर बोलना शुरू तो केरल के सीपीएम सांसद जॉन ब्रिट्टस ने तुरंत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए सदन में कृत्रिम अंग दिखाने पर आपत्ति जताई। तब आसन पर बैठे सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आश्वासन दिया कि वह सांसद से अपने कृत्रिम अंग नीचे रखने का निर्देश देंगे।

**पैर ऐसे काटे दोबारा जोड़े नहीं जा सके**

सी. सदानंदन ने 31 साल पुरानी घटना के बारे में बताया कि उनकी बहन की शादी होने वाली थी। वह अपने चाचा से मिलकर घर लौट रहे थे, तभी हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। उनके साथ मारपीट की गई और फिर जमीन पर गिराकर घुटनों के नीचे उनके दोनों पैर काट दिए थे। भाजपा सांसद ने कहा कि पैर काटने के बाद हमलावरों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए। इस हमले में उनके पैर ऐसे काटे गए थे, जिसे दोबारा जोड़ा नहीं जा सकता था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। यह देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण में जिक्र किए गए अमृत काल, विकसित भारत और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की।

छत्तीसगढ़ के राजिम में दुतकैंया गांव का मामला

# पुराने विवाद के चलते दो पक्ष भिड़े, कर्फ्यू जैसे हालात, पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राजिम के दुतकैंया गांव में भड़की हिंसा के बाद पूरे गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। पुलिस ने हिंसा भड़काने वाले तीन आरोपियों को रविवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। मामले में राजिम थाने में तीन एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं पुलिस पर पत्थरबाजी करने वालों की शिनाख्ती की जा रही है। फिलहाल गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। कर्फ्यू जैसे हालात हैं। सुरक्षा को लेकर बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। एसपी और आईजी मौके पर पहुंचे हुए हैं।



**राहगीरों को भी नहीं छोड़ा, भीड़ ने किया हमला**

बताया जाता है कि मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। भीड़ ने घर-कार में आगजनी और घरों में घुसकर लोगों से मारपीट की। सबसे पहले हमलावरों ने रास्ते से गुजर रहे युवकों पर पर हमला किया। सब-स्टेशन में ड्यूटी कर रहे अरविंद साहू के सिर पर प्राणघातक हमला किया। इतना ही नहीं राजिम मेला जा रहे नरेंद्र साहू के हाथ पर वार किया गया, जबकि रेखु यादव, परमानंद साहू के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद दूसरे गुट ने घरों और वाहनों में आग लगा दी। पुलिस पर जमकर पथराव किया। स्थिति नियंत्रण करने के लिये पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। बिगड़ती स्थिति को देखकर पुलिस बल भारी संख्या में तैनात किया गया है।

**फूटा लोगों का गुस्सा, आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस ने आरोपी आरिफ खान को जेल भेज दिया है। वह हाल ही में जेल से छूटकर आया था। इसके बाद वह इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने चार घंटे तक गांव के तीन लोगों को करीब चार घंटे तक पीटा। इससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साये ग्रामीण आरोपी के घर पहुंचे। इस दौरान घर के अंदर मौजूद कुछ लोग भीड़ पर मिर्ची पाउडर फेंके। इससे लोग और भड़क गये। एक आरोपी के घर को आग लगा दी। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के करीब 12 मकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले गई। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच जमकर पत्थरबाजी भी हुई। इसमें करीब पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं छह नागरिक भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

**पुलिस की टीमें कर रहीं सर्चिंग**

फिलहाल प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस की टीमें लगातार सर्चिंग कर रही हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। कई घरों के बाहर पुलिस पूरी रात पहरेदारी की ताकि कोई घर से बाहर न निकल सके। साम्प्रदायिक हिंसा के बाद पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राजिम, फिंगेश्वर, महासमुंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। दमकल वाहन मौजूद हैं। हिंसा की सूचना पर साहू समाज और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हो गये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। जल्द ही वो भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगजनी और तोड़फोड़ से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। ग्रामीणों के पथराव में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। फिलहाल, स्थिति सामान्य है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं पुलिस पर पत्थरबाजी करने वालों की शिनाख्ती की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### सरकार की नीतियां भरोसेमंद आर्थिक विकास पर जोर



**इंदौर।** केंद्रीय बजट 2026–27, जो कर्तव्य भवन से पेश किया गया पहला बजट है और वित्त मंत्री का लगातार नौवां बजट है, यह साफ संदेश देता है कि तेज़ आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन साथ-साथ चल सकते हैं। एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीषकुमार चौहान का कहना है कि यह बजट वित्तीय संतुलन के रास्ते पर मजबूती से बना हुआ है। इसमें राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4% से 4.3% कर दिया गया है और कर्ज-से-जीडीपी अनुपात 56.1% से घटकर 55.6% हो गया है। निवेशकों और बाजारों को यह भरोसा देता है कि देश की अर्थव्यवस्था स्थिर है और सरकार की नीतियां भरोसेमंद हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का आधार बना हुआ है। सार्वजनिक कैपेक्स में करीब 12% की बढ़ोतरी कर इसे ₹12.2 लाख करोड़ किया गया है।

### हाट बाजार में पानी सप्लाई के लिए बिछेगी पाइप लाइन

**भोपाल।** शहर के टीटी नगर स्थित स्मार्ट सिटी के हाट बाजार में पानी सप्लाई के लिए नगर निगम पाइप लाइन बिछाएगा। इससे बाजार में पानी सप्लाई की जा सकेगी। इस काम पर करीब एक करोड रुपए खर्च होंगे। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के अनुसार नगर निगम पाइप द्वारा पानी लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी किए गए हैं।

निपानिया जाट में संत शिरोमणि के 649वें जन्मोत्सव पर आयोजित किए गए विशेष कार्यक्रम

# चहुंओर रही संत रविदास जयंती की धूम कहीं भंडारे तो कहीं हुए विवाह सम्मेलन

**अमृतवाणी का पाठ कराया गया**



अमृतवाणी का पाठ करते राधेकृष्ण दास महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती शहर भर में धूमधाम से मनाई गई। इसी के तहत भोपाल के निपानिया जाट में संत शिरोमणि गुरु रविदास के 649वें जन्मोत्सव पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष माधव सिंह ने बताया कि इस मौके पर पटेल मुन्नीलाल जाट, पूर्व सरपंच गजराज सिंह जाट एवं सरपंच हिम्मत सिंह जाट विशेष रूप से मौजूद थे। समाज के गुरु श्री राधे कृष्ण दास महाराज द्वारा अमृतवाणी का पाठ कराया गया।

**जयंती पर हुआ भंडारा**

संत रविदास जयंती पर बरखेड़ा पठानी में महाआरती व पूजा-अर्चना की। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया।

**संत रविदास जयंती पर सेवा भारती द्वारा लगाए प्रशिक्षण**

संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर सेवा भारती भोपाल विभाग द्वारा समस्त सेवा बस्ती समितियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम करोद स्थित एक मॉल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं संत रविदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

## माघ पूर्णिमा पर दान-पुण्य, मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग....



**भोपाल।** माघ पूर्णिमा पर रविवार को सुबह शीतलदास की बगिया, खटलापुरा व काली मंदिर आदि घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ दान-पुण्य किया। लोगों ने मंदिरों में जाकर देव दर्शन किए। कई स्थानों पर भगवान विष्णु की पूजा और सत्यनारायण कथा के आयोजन भी किए गए। लक्ष्मीनारायण (बिड़ला) मंदिर, गुफा मंदिर, नेवरी मंदिर, गिन्नौरी मंदिर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि माघी पूर्णिमा के दौरान कई लोगों ने बड़े तलाब सहित नर्मदापुराम नर्मदा नदी के घाटों पर पहुंचकर स्नान, दान किया। तो वहीं माघी पूर्णिमा अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित किया गया। सत्यनारायण की कथा कराई गई माघ पूर्णिमा के अवसर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा,तो कई लोगों ने घरों पर मंदिर में पहुंचकर सत्यनारायण की कथा कराई, घर परिवार की सुख शांति व समृद्धि की भगवान सत्यनारायण से कामना की।

**होली डांडा रोपण के साथ धमार होली प्रारंभ**

माघ पूर्णिमा के साथ श्रीजी मंदिर में प्रभु श्रीनाथजी को सफेद चाकदार बागा के साथ सिर पर मोर पंख और सोने के आभूषण से श्रृंगार किया गया। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि होली डांडा रोपण से पुष्टिमार्ग में होली में वृद्धि हो जाती है। रविवार को चंदन चोवा अबीर लाल एवं पीली गुलाल से होली खिलाई गई और पिचकारी से रंग उड़ाया गया । संध्या काल में प्रभु श्रीनाथजी की गौशाला में होली के डंडे की स्थापना की गई । जिसमें कुमकुम तिलक कर गुलाल से होली की डंडे की पूजन कर बूंदी का भोग लगाया।

ट्रैक-गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता होगी सुदृढ़

## अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत भोपाल मंडल में तीव्र गति से निष्पादित हो रहे रेलवे ट्रैक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल में मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर विभिन्न नवीनीकरण कार्य तीव्र गति से निष्पादित किए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से ट्रैक अनुरक्षण से जुड़े संरक्षा-आधारित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। भोपाल मंडल में ट्रैक नवीनीकरण के अंतर्गत कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल (सी.टी.आर.), थ्रू रेल रिन्यूअल (टी.आर.आर.), थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (टी.एस.आर.), थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (टी.टी.आर.) तथा डीप स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य सम्मिलित हैं, जिन्हें आवश्यक ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च संरक्षा मानकों के अनुरूप निष्पादित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के नौ माह (अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025) के दौरान भोपाल मंडल में अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत 100.741 ट्रैक किलोमीटर में कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल (सी.टी.आर.), 121.23 ट्रैक किलोमीटर में थ्रू रेल रिन्यूअल (टी.आर.आर.), 80.245 ट्रैक किलोमीटर में थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (टी.एस.आर.) तथा 80.250 समतुल्य यूनिट्स में थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (टी.टी.आर.) का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। इसके अतिरिक्त 55 टर्नआउट्स में डीप स्क्रीनिंग एवं 168.391 ट्रैक किलोमीटर में प्लेन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग का कार्य भी निष्पादित किया गया है।

छावनी थाना क्षेत्र का मामला, जांच जारी

## रील बनाने को लेकर पति-पत्नी में विवाद, महिला ने लगाई फांसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग-भिलाई

सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी ने आत्महत्या कर ली। दंपती में आए दिन विवाद होता था। जिससे नाराज होकर पत्नी ने घर पर फांसी लाकर आत्महत्या कर ली। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महिला का नाम अंजली साव (35) है। मृतका अंजली इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती थी और वीडियो और रील बनाती थी। लेकिन अंजली के पति को यह पसंद नहीं आता था। रील अपलोड को लेकर पति पत्नी में आए दिन विवाद होता था। घटना के दिन भी दोनों में विवाद हुआ था, जिसके बाद अंजलि ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी तब हुई जब उसके बच्चे ट्यूशन से घर पहुंचे तो देखा कि उनकी मां फांसी के फंदे पर झूल रही थी। इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने घटना की सूचना छावनी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का फंदे से उतारा और पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों के सौंप दिया है।

इलाज कराकर लौट रही थी मासूम बच्ची

## कार की टक्कर से 6 साल की बच्ची की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित परेवाखेड़ा के पास बायपास पर शनिवार रात तेज रफ्तार कार ने छह साल की बच्ची को चपेट में ले ले लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कार का चालक ही बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम परेवाखेड़ा पतलोन निवासी इकबाल अली प्राइवेट काम करते हैं। तीन-चार दिन से उनकी छह साल की बेटी आसिया अली वायरल फीवर से पीड़ति थी। शनिवार रात करीब नौ बजे इकबाल अली बेटी को इलाज के लिए बायपास स्थित एक क्लीनिक पर लेकर गए थे। क्लीनिक में डॉक्टर ने जांच के बाद कुछ दवाएं दी थीं। इकबाल अपनी बेटी आसिया को दवा दिलाने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। इस बीच बायपास मार्ग पर आसिया पिता का हाथ छुड़ाकर चलने लगी। तभी तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बच्ची को चपेट में ले लिया। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार जब्त कर ली है।

मामले में शामिल सभी दोषी कर्मचारियों को बर्खास्त करने की मांग

## गोकशी मामलाः शीतलदास की बगिया में उग्र प्रदर्शन नगर निगम का किया पिंडदान, कराया सामूहिक मुंडन

जल्द कार्रवाई नहीं होने पर किया जाएगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




धरना-प्रदर्शन करते आंदोलनकारी।

शहर के बडे तालाब स्थित शीतल दास की बगिया में रविवार को हिंदू संगठन ने शहर में 26.5 टन गोमांस मिलने के मामले को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान करीब 30 युवाओं ने सामूहिक मुंडन करवाया और नगर निगम का प्रतिकात्मक पिंडदान भी किया। प्रदर्शनकारी गोकशी मामले में शामिल सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जय मां भवानी हिंदू संगठन के अध्यक्ष भानु हिंदू ने कहा कि इस प्रकरण में असलम और शोएब के साथ उन सरकारी और नगर निगम कर्मियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिनकी भूमिका सामने आने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## कोरबा में बिरयानी सेंटर में आग भड़की, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शहर में देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। रविशंकर स्थित बस स्टॉप के पास संचालित मून बिरयानी सेंटर में देर रात करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, स्थानीय लोगों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़े अनहोनी को टाल दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि स्थानीय निवासी रवि, आजो जॉन्स, मनोज थॉमस सहित कई अन्य लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।

**अधिकारियों का तर्क, एफएसएल भेजी गई है पिस्टल, जांच के बाद दर्ज होगा केस**

बीती रात अवैध पिस्टल से गोली चलने के कारण हो गई थी बच्चे की मौत

# मौके से अवैध पिस्टल, कारतूस बरामद होने के बावजूद भी पिस्टल के मालिक पर एफआईआर अब तक दर्ज न होने से उठा सिस्टम पर सवाल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित छोला रोड जेपी नगर में शुक्रवार-शनिवार की रात अवैध पिस्टल से फायर होने से हुई बच्चे की मौत के मामले में अब तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। घटनास्थल से पिस्टल और कारतूस बरामद होने के बावजूद पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया। सवाल इस बात का है कि मौके से अवैध पिस्टल, कारतूस बरामद होने के बाद भी पिस्टल के मालिक पर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। एसीपी राकेश सिंह बघेल का कहना है कि जांच चल रही है। जबकि थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि पिस्टल एफएसएल भेजी गई है। जांच पूरी होने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जेपी नगर निवासी 12 वर्षीय इब्राहिम की शुक्रवार-शनिवार की रात गोली लगने से मौत हो गई थी। पुलिस को उसके पिता रिजवान ने अपने बताया कि अवैध पिस्टल उसके जीजा वाहिद नूर की थी। पुलिस ने घटना स्थल से दो पिस्टल जब्त की थीं। एक पिस्टल खराब बताई जा रही है।



मृतक इब्राहिम

**वांटेड वाहिद नूर सीरियल किलर खामरा गिरोह से जुड़ा था**

जहांगीराबाद का रहने वाला वाहिद नूर कुख्यात अपराधी है। वह चर्चित अपराधी रहे इरफान बच्चा का करीबी रहा है। इरफान बच्चा की मौत के बाद वह अन्य गुंडे-बदमाशों के संपर्क में रहने लगा। वर्ष 2019 में 32 ट्रक ड्राइवर-कंडक्टर की हत्या करने वाले सीरियल किलर आदेश खामरा के गिरोह से जुड़ गया। खामरा के लूटे ट्रक उसमें लोड सामान को बेचने का काम वाहिद नूर करता था। इसका खुलासा होते ही वाहिद भूमिगत हो गया। तब से अब तक वह नहीं पकड़ा गया। उस पर 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित है।

**आश्रय देकर परिवार ने किया अपराध**

पुलिस ने वाहिद नूर को कई सालों से तलाश किया। वह कई गंभीर अपराधों में वांटेड है। इसकी जानकारी रिजवान समेत उसके परिवार के सभी सदस्यों को है। बावजूद इसके, वह रिजवान के घर को अपना ठिकाना बनाए हुए था। रिजवान के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को इसकी कोई जानकारी नहीं दी, जिससे अपराधी को सुरक्षित आश्रय मिला। कानून के अनुसार, किसी भी अपराधी को पनाह देना भी अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में पुलिस ने रिजवान के परिवार पर भी कानूनी कार्रवाई की संभावना जताई है।

**जांच जारी है...**

इस पूरे मामले में जांच की जा रही है। गठित टीम वाहिद नूर और आदेश खामरा गिरोह के बारे में जानकारी जुटा रही है। अवैध पिस्टल सहित बहनोई वाहिद के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

**राकेश सिंह बघेल**
**एसीपी भोपाल**

हरिभूमि सहेली



जब मानव जीवन मिला है तो इसे मूल्यवान समझें। बेशकीमती जीवन व्यर्थ ना जाने दें। हम इस बात को समझें कि जीवन मिला है तो दुखों का अंधेरा छाएगा ही, इससे हताश-निराश ना हों। यह ना भूलें कि सुबह का उजियारा नई आशाएं लेकर आएगा, सफल जीवन की राह बनाएगा। इस राह में हमारी जीवनशैली कैसी हो, जिससे जिंदगी आसान और खूबसूरत बने, जानिए।

# भरपूर जिएं और बनाएं अपनी जिंदगी खूबसूरत

कवर स्टोरी

**प्रतिभा अग्निहोत्री**

प्रसिद्ध लेखक पी. वी. अखिलन ने अपनी पुस्तक 'चित्रप्रिया' में एक जगह लिखा है, 'अपनी जिंदगी का हर पल खूबसूरत बनाने का प्रयास करें। यदि सुंदर न बना सके तो कम से कम जैसी है, वैसी तो रहने दें।' जी हां, जब ईश्वर ने हमें मानव जीवन दिया है तो इसे व्यर्थ की चिंताओं, परेशानियों, तनाव और परस्पर वैमनस्य में ना गंवाएं। जिंदगी को रोते-बिलखते जीने से क्या फायदा? हमें यह समझना चाहिए, जीवन कभी भी एक जैसा नहीं रहता। इसमें सुख-दुःख आते-जाते रहते हैं। इसलिए जब इस संसार में जन्म लिया है तो जीवन का भरपूर आनंद लेते हुए परेशानियों-संकटों का समझदारी से सामना करें, इससे उबरें, इन पर विजय हासिल करें।

**तनाव से बनाएं दूरी:** जब भी आप तनाव में हों, प्रकृति के बीच जाएं। किसी पार्क में जाकर वहां फूल-पत्तियों को देखें कि कैसे वे धूप, बारिश, सर्दी, आंधी-तूफान सहकर भी खिले रहते हैं, मुस्कुराते रहते हैं। कली से बने फूलों को प्रकृति कैसे एक नाजुक बच्चे की तरह अपनी सुरक्षा देती है। एक बार ध्यान से प्रकृति की हर कृति को देखें। यकीन मानिए, आप दंग रह जाएंगी कि किस प्रकार एक मां के आंचल की भांति प्रकृति ने कलियों से बने फूल, फिर फल की सुरक्षा की है।

**हमेशा सकारात्मक रहें:** परेशानियां हर किसी के जीवन में आती हैं। कुछ उनका सामना हंसकर करते हैं तो कुछ जरा-सी परेशानी में घबरा जाते हैं, परेशान हो जाते हैं। जीवन का नाम ही संघर्ष है, परंतु परेशानियों से घबराकर भागना, ठीक नहीं है। संसार में हर समस्या का समाधान है। बस धैर्य, साहस और समझदारी से काम लेने की आवश्यकता होती है।



### मित्र बनाएं

**अकेलापन कई** बार डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों को जन्म देता है। अपनी कुछ सहेलियां अवश्य बनाएं। सुबह या शाम जब भी पार्क में टहलने जाएं, वहां आई महिलाओं से दोस्ती करें। इनसे कुछ अपनी कहें, कुछ उनकी सुनें। उनके साथ अपने सुख-दुःख साझा करें, इससे आपका मन हल्का होगा। आपको एक संबल मिलेगा।

**छोटी-छोटी खुशियां सेलिब्रेट करें:** जीवन चलने का नाम है। कभी परेशानियों का घना अंधेरा आपको घेर लेगा, तो कभी प्रातः उगे सूरज की किरणें नई आशाओं का संचार करेंगी। सुख और दुःख तो जीवन के दो पहलू हैं, इससे आपको प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। सुख है तो दुःख भी आएगा, यह तो धूप-छांव का खेल है। आप धैर्य के साथ प्रत्येक स्थिति का सामना करें। सुख में बहुत अधिक खुश न हों, दुःख में बहुत अधिक दुःखी ना हों। जो भी आपके पास अच्छा है, उसे सहेजें और सोचें कि ये सब अन्य लोगों के पास कितना है। बहुत ज्यादा पाने की उत्कंठा ना पालें, जो भी आपके पास है, उसमें संतोष करें। यही सुखी जीवन का सूत्र है।

**व्यस्त रहें-मस्त रहें:** कहा जाता है 'व्यस्त रहें, मस्त रहें' क्योंकि खाली दिमाग शैतान का घर होता है। स्वयं को हर हाल में व्यस्त रखें। यदि आप वर्किंग हैं, ऑफिस के बाद कुछ समय आपके पास खाली रहता है तो उसमें अपने अधूरे शौकों को पूरा करें, जैसे म्यूजिक, डांसिंग, पेंटिंग या फिर राइटिंग जो भी आपकी पसंद का काम हो उसे करें और व्यस्त रहें। इससे आपको एक अलग ही खुशी मिलेगी, आप ऊर्जावान रहेंगी।



**मन का करें:** कई बार हम दूसरों को लेटेस्ट फैशन की ड्रेस पहने देखकर, डांस फ्लोर पर खुलकर डांस करते देखकर या बिंदास तरीके से जीते देखकर खुद भी वैसा जीवन जीने की सोचते हैं, लेकिन हमारे अंदर का संकोच ऐसा करने से रोक देता है। आपका जो भी करने का मन करे, खुलकर करें। हमेशा याद रखें, जो करना है, इसी जीवन में करना है। मन की अपनी किसी तमन्ना को मारे नहीं। लोग क्या कहेंगे, सोचकर अपनी ख्वाहिशों को दबाएं नहीं। अपनी जिंदगी अपने ढंग से जिएं, भरपूर जिएं और खुश रहें।

**भूलना सीखें:** कई बार किसी नाते-रिश्तेदार या मित्र-परिचित का व्यवहार मन को अंदर तक आहत कर देता है, इससे मन व्यथित हो उठता है। उस व्यवहार या बात को मन में पाले न रखें। जो हुआ, उसे भूल जाएं, मतलब 'बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि ले' के सिद्धांत पर चलें। इससे आपको मानसिक शांति तो मिलेगी ही, साथ ही सामने वाले के प्रति मन में बैठी कड़वाहट भी खत्म होगी और रिश्तों में फिर से मिठास घुलेगी।

**जीवन को अनुभव करें:** आप मनुष्य हैं, अपने इस मनुष्य जीवन को अनुभव करें। इस बात को मानें कि आप पृथ्वी पर जन्म लेने वाले समस्त प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ हैं। आपको ईश्वर ने पृथ्वी पर मनुष्य का 'महान जीवन' जीने के लिए भेजा है, इसे व्यर्थ के कार्यों में जाया ना करें। इसे परिवार, समाज, देश और मानव कल्याण में लगाएं। इस बारे में सीनियर काउंसलर कीर्ति वर्मा कहती हैं, 'जिंदगी एक बार मिली है, इसके हर रंग को हंसते-खेलते जिएं, पूरा आनंद उठाएं, आपको एक अलग तरह का सुकून मिलेगा, खुशी मिलेगी।' a

# जब हां कहने से बढ़े बोझ तब ना कहना है जरूरी

लोगों की मदद करना, कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन जब लोग आपकी इस आदत का फायदा उठाते हुए आप पर कामों का बोझ डालने लगेंगे तो आपके पास अपने लिए समय नहीं रहेगा। लगातार काम करते हुए आप तनाव से घिर सकती हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए भी सही नहीं। इसलिए हर किसी के काम के लिए हां मत कहिए।

एडवाइस

**अनीता जैन**



हममें से कई लोग दूसरों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इस सोच के कारण हर काम के लिए 'हां' कह देते हैं। हमें लगता है, 'ना' कहने से सामने वाला बुरा मान जाएगा या हमें गलत समझेगा। लेकिन हर बार अपनी इच्छा और सुविधा को नजरअंदाज कर दूसरों की बात मानना, धीरे-धीरे हमारे मन, समय और आत्म-सम्मान को नुकसान पहुंचाने लगता है। इससे तनाव, थकावट और मन में असंतोष बढ़ता है। हमें इससे बचना चाहिए।

**हर किसी की बात पूरी करना जरूरी नहीं:** हमारा यह समझना जरूरी है कि आज के व्यस्त जीवन में हर किसी की बात को पूरा करना जरूरी नहीं है। यदि सामने वाले को हमारी मदद की सच में जरूरत है तो हम सहानुभूति के साथ 'हां' कह सकते हैं। लेकिन अगर उसकी जरूरत केवल औपचारिक या दबावपूर्ण है, तो विनम्रता और स्पष्टता से 'ना' कहना बेहतर है। सही समय पर समझदारी से 'ना' कहना हमारे जीवन में संतुलन और मानसिक शांति बनाए रखने में मदद करता है।



**बार-बार 'हां' बढ़ाता है तनाव:** हर बार दूसरों की बात मानना भले ही तुरंत ठीक लगे, लेकिन लंबे समय में यह आदत हमें मानसिक और शारीरिक रूप से थका देती है। ऑफिस में जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारी लेना, किसी रिश्ते में अपनी मर्जी के खिलाफ काम करना या सामाजिक आयोजनों में थकावट के बावजूद जाना, ये सभी बातें धीरे-धीरे हमारे भीतर चिड़चिड़ापन, असंतोष और तनाव पैदा करती हैं। ऐसे में खुद के लिए समय निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

**मना करना समझदारी भरा कदम:** 'ना' कहना असभ्यता नहीं है, बल्कि यह एक समझदारी भरा कदम है। जब कोई काम हमारे समय, सुविधा या मानसिक स्थिति के अनुकूल न हो, तो उसे मना करना हमारी जिम्मेदारी है। ऐसा करना यह दिखाता है कि हम अपनी सीमाओं और जरूरतों को समझते हैं। साथ ही साथ यह दूसरों को भी सिखाता है कि हर बार आपसे 'हां' की उम्मीद न करें।

**समय बचाने में मदद करता है 'ना':** हम सबके पास समय सीमित है। अगर हम हर बात पर 'हां' कहेंगे, तो अपने जरूरी काम और आराम के लिए वक्त नहीं बचेगा। सोच-समझकर 'ना' कहने से हम अपनी ऊर्जा और ध्यान उन कामों में लगा सकते हैं, जो हमारे लिए वाकई जरूरी हैं। यह आदत हमें बेहतर समय प्रबंधन, मानसिक स्पष्टता और संतुलन देती है।

**विनम्रता से कहें 'ना':** कुछ लोग ना कहने में बहुत संकोच करते हैं। ऐसे लोगों के लिए जरूरी है वे अपने स्वभाव-व्यवहार में बदलाव लाएं। ऐसे लोग सबसे पहले अपनी प्राथमिकताएं तय करें। किसी काम का अनुरोध मानने से पहले सोचें कि क्या वह काम आपके समय या मानसिक स्थिति के अनुकूल है। अगर नहीं, तो विनम्रता से मना करना सही होगा। जैसे कहें, 'मैं आपकी बात समझती हूं, लेकिन फिलहाल यह मेरे लिए संभव नहीं है।' इससे रिश्तों में कटुता नहीं आती।

**गिल्ट महसूस न करें:** खुद के लिए सीमाएं तय करना कोई अपराध नहीं। 'ना' कहना, दरअसल आत्म-देखभाल का ही एक हिस्सा है, न कि असंवेदनशीलता।

**तुरंत जवाब न दें:** अगर किसी निर्णय को लेकर आप उलझन में हैं, तो समय लेकर सोचें। कहें, 'मैं इस पर सोचकर बताऊंगी।' यह आपको बिना दबाव के सही फैसला लेने में मदद करेगा।


**सबको खुश करने की आदत छोड़ें:** यह समझें कि आप हर किसी को खुश नहीं कर सकतीं। सीमाएं बनाना और उन्हें साफ तरीके से बताना आत्मबल की निशानी है। a

# जैसी हो आपकी स्किन टोन वैसा ही चुनें परफेक्ट लिपस्टिक शेड

मेकअप

**ललिता गोयल**

लिपस्टिक लगाना लगभग सभी महिलाओं को अच्छा लगता है। इससे उनकी फेस ब्यूटी निखर उठती है। लेकिन कुछ महिलाएं इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं कि उनकी स्किन टोन के अनुसार लिपस्टिक का कौन-सा शेड उन्हें सूट करेगा? स्किन टोन के अनुसार सही शेड की लिपस्टिक आपके लुक को बदल सकती है और पूरा लुक इंस्टेंट अपग्रेड हो जाता है। वहीं गलत शेड की लिपस्टिक से लुक निखरकर सामने नहीं आता क्योंकि जहां कुछ कलर लुक को डल दिखाते हैं, वहीं कुछ ज्यादा ही लाउड लगते हैं। जैसे अगर किसी का स्किन टोन मीडियम-फेयर है, तो उन पर काफी शेड्स अच्छे लगते हैं, लेकिन हर शेड उन पर नहीं जंचता। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए परफेक्ट लिप शेड को चुनें। ये जरूरी नहीं कि लिपस्टिक का हर कलर हर किसी को सूट करे। इसके लिए स्किन कॉम्प्लेक्शन पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं, स्किन टोन के हिसाब से कैसे किया जाए परफेक्ट लिपस्टिक शेड का सेलेक्शन।



**फेयर स्किन टोन:** अगर आपकी त्वचा गोरी रंगत वाली यानी आपका स्किन टोन फेयर है तो आपके लिप्स पर कोरल, वाइन रेड, लाइट पर्पल पीच, चेरी रेड या न्यूड पिंक शेड की लिपस्टिक बहुत अच्छी लगेंगी। फेयर स्किन टोन वाली महिलाएं, बोल्ड लुक के लिए मोव या मोका शेड भी ट्राई कर सकती हैं। लेकिन उन्हें डार्क पिंक, ब्लड रेड और बहुत ज्यादा शिमर या ग्लॉसी लुक वाले लिपस्टिक के शेड्स से बचना चाहिए।

**व्हीटिश स्किन टोन:** गेहुंआ रंगत यानी व्हीटिश स्किन टोन वाली महिलाओं को न्यूड शेड्स की लिपस्टिक लगाने से बचना चाहिए क्योंकि यह उनके चेहरे की रंगत को फीका कर सकते हैं। ऐसी स्किन टोन पर ब्राउन कलर के शेड्स परफेक्ट लगते हैं। इसके अलावा इस स्किन टोन वाली महिलाएं डार्क पिंक, ब्लड रेड, ब्रोज, राइप ऑरेंज, सिनामन कलर भी चुन सकती हैं। इन कलर के लिपस्टिक शेड्स चेहरे पर ताजगी और चमक लाते हैं। इसके साथ ही पूरे लुक को निखारते हैं।

**डार्क स्किन टोन:** अगर आपकी रंगत दबी हुई यानी सांवली (डार्क स्किन टोन) है तो आपको लिपस्टिक में मैट लिपस्टिक के ब्रिक रेड, ब्राउनिश रेड, कैरेमल कलर, कॉफी कलर ट्राय करने चाहिए। ये शेड उन्हें काफी सूट करते हैं। इस स्किन टोन वालों को ग्लॉसी लिपस्टिक से बचना चाहिए क्योंकि ये उनकी रंगत को और अधिक डार्क दिखाते हैं। अगर किसी का स्किन टोन ज्यादा डार्क है तो उन्हें ब्राउन, रेड, पर्पल कलर के शेड्स को चुनना चाहिए। a

**(मेकअप आर्टिस्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस

अलग-अलग वजहों से महिलाओं में विभिन्न कैंसर हो सकते हैं। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो कैंसर का ट्रीटमेंट संभव है। वर्ल्ड कैंसर डे, 4 फरवरी पर विभिन्न तरह के कैंसरों के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

# रहें अवेयर-पहचानें लक्षण कैंसर से होगा बचाव

बीते कुछ वर्षों में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओवेरियन कैंसर, एंडोमेट्रियल (यूटेरस) और कोलन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि सही लाइफस्टाइल, बैलेंस्ड डाइट और समय-समय पर जांच से इन कैंसरों के रिस्क को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**कैंसर के शुरुआती संकेत:** महिलाओं में होने वाले अधिकतर कैंसर की पहचान शुरुआती लक्षणों से ही की जा सकती है। इस बारे में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-गायने ऑन्कोलॉजी, **डॉ. बुचुन कुमारी मिश्रा** बताती हैं, 'ब्रेस्ट कैंसर में स्तन में गांठ महसूस होना, स्तन के आकार या रंग में बदलाव, निप्पल का अंदर धंसना या निप्पल से किसी तरह का असामान्य डिस्चार्ज आना शुरुआती संकेत हो सकते हैं। वहीं सर्वाइकल कैंसर में पीरियड्स के अलावा बार-बार ब्लीडिंग होना, इंटरकोर्स के बाद रक्तस्राव या असामान्य वेजाइनल डिस्चार्ज को गंभीरता से लेना जरूरी है। ओवेरियन कैंसर के लक्षण अकसर सामान्य पेट की समस्या समझ लिए जाते हैं, जैसे लगातार पेट फूलना, निचले पेट में दर्द, जल्दी पेट भर जाना या बिना वजह वजन बढ़ना। इसी तरह एंडोमेट्रियल कैंसर में मेनोपॉज के बाद किसी भी तरह की ब्लीडिंग होना खतरे का संकेत माना जाता है। जबकि कोलन कैंसर में लंबे समय तक कब्ज रहना, स्टूल में खून आना, बार-बार थकान महसूस होना या खून की कमी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इनमें से किसी भी तरह के असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना बेहद जरूरी है।'



**लाइफस्टाइल हो सही:** हेल्दी लाइफस्टाइल, कैंसर से बचाव का कारगर उपाय है। महिलाओं को रोजाना कम से कम 30 से 40 मिनट वॉक, योगाभ्यास या किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। वजन को कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही धूम्रपान और शराब से पूरी तरह दूरी बनाना चाहिए। हार्मोन से जुड़ी दवाओं और गर्भनिरोधक दवाओं का लंबे समय तक बिना डॉक्टर की सलाह के सेवन करने से बचना चाहिए। यह हार्मफुल हो सकता है।

**न्यूट्रिशस डाइट:** महिलाओं को डाइट में हरी सब्जियां जैसे पालक, ब्रोकली, पत्ता गोभी जरूर शामिल करनी चाहिए। इसके साथ ही पपीता, सेब, अनार और बेरीज जैसे फल इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। दलिया, ओट्स और दालों जैसे फाइबर युक्त आहार पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और कोलन कैंसर के खतरे को कम करते हैं। हल्दी, लहसुन और अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर को अंदर से सुरक्षित रखते हैं।

**जरूरी टेस्ट:** कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका रेग्युलर स्क्रीनिंग और समय पर जांच है, क्योंकि इससे बीमारी को शुरुआती स्टेज में ही पकड़ा जा सकता है। इस बारे में, रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर की कंसल्टेंट-गायने ऑन्कोलॉजी, **डॉ. सहाना पुन्नेशेट्टी** डिटेल में बताती हैं, ब्रेस्ट कैंसर को पहचानने के लिए 20 साल की उम्र के बाद हर महिला को महीने में एक बार सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन करना चाहिए, ताकि किसी भी तरह की गांठ या बदलाव को समय रहते पहचाना जा सके। वहीं 40 साल की उम्र के बाद डॉक्टर की सलाह से मैमोग्राफी कराना बेहद जरूरी हो जाता है। सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए 25 साल की उम्र के बाद नियमित रूप से पैप स्मीयर टेस्ट कराना चाहिए। वहीं कोलन कैंसर से बचाव के लिए स्टूल टेस्ट किया जाता है। एचपीवी वैक्सीन, सर्वाइकल कैंसर से बचाव में कारगर है। a

**प्रस्तुति: सहेली फीचर्स**



# मुंबई टीम में लौटे ठाकुर-जायसवाल, कर्नाटक के खिलाफ खेलेंगे क्वार्टर फाइनल



एजेंसी ▸▸| मुंबई

कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को 6 फरवरी से कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया।

मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई। मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल 6 से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा।

## रणजी ट्रॉफी : 6 से 10 फरवरी तक एमसीए बीकेसी मैदान में भिड़ेंगी दोनों टीम

### दूसरी बार मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पूर्व वह राजस्थान के खिलाफ पहले दौर के मैच में खेले थे। मुंबई क्रिकेट संघ और सीनियर चयन पैनल ने चयन के लिए भारत के इस सलामी बल्लेबाज के नाम पर विचार नहीं किया था क्योंकि वह रविवार को संपन्न हुए ग्रुप चरण के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने में नाकाम रहे थे। जायसवाल टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। इस बीच ठाकुर मुंबई के नियमित कप्तान सिद्धेश लाड की जगह टीम की अगुआई करेंगे, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्हें लगी चोट के बाद टीम की कप्तानी की थी।

### टीम इस प्रकार

शारदुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, अखिल हेरवादकर, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्यांश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।



## खबर संक्षेप



### सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिपः बांग्लादेश से हारा भारत

**पोखरा।** भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे। भारत की अंडर-17 टीम अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट 'अंडर-19 चैंपियनशिप' में हिस्सा ले रही है, जिससे कि एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारी कर सके। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 1-0 किया था।

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज की अपने नाम



**पाल्लेकल।** टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए, जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16 . 4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाए। जोस बटलर ने 29 गेंद में 39 रन जोड़े। इससे पहले श्रीलंका ने पांच विकेट पर 189 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 22 गेंद में 40 रन की पारी खेली। पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। आखिरी टी20 मंगलवार को खेला जाएगा।

### भारत में फिर शुरू होगा फार्मूला वन, खेल मंत्रालय ले रहा रुचि



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय भविष्य में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फार्मूला वन फिर शुरू करने का इच्छुक है और 2013 में आखिरी बार भारत में हुई रेस फिर शुरू करने के लिए ट्रैक अधिकारियों से बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि खेलमंत्री मनसुख मांडविया पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में ट्रैक का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बात भी की है, जिसने अब दिवालिया को चुके ट्रैक के मालिक जेपी समूह से परिसर अपने नियंत्रण में ले लिया है। अडानी समूह जेपी समूह खरीदने की दौड़ में है और अगर ऐसा हो गया तो भारत में रेस को वापिस लाने की कोशिशों को बल मिलेगा । अब खेल मंत्रालय ने भी इसमें रुचि दिखाई है तो संभावनायें बढ गई है।

## 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में महामुकाबला

# टी20 वर्ल्ड कप के वार्म अप मैचों का शेड्यूल आया सामने, खेले जाएंगे 16 मैच

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप वार्म-अप मुकाबलों के शेड्यूल की पुष्टि कर दी है। 2 से 6 फरवरी के बीच कुल 16 वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन होगा, जिससे पहले वार्म-अप मैच भी इन्हीं देशों में खेले जाएंगे।

भारतीय सरजमीं पर बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड 1 और नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम में वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। दूसरी ओर, श्रीलंका में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड में वार्म-अप मैच आयोजित होंगे। 2 फरवरी को वार्म-अप मैच में भारत-ए यूएसए से भिड़ी। इसके बाद भारतीय टीम 4 फरवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी। 6 फरवरी को भारत-ए की टीम नामीबिया के विरुद्ध वार्म-अप मुकाबला खेलेगी।




### वार्म-अप मुकाबलों का शेड्यूल

**2 फरवरी**

***अफगानिस्तान बनाम स्कॉटलैंडः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
***यूएसए बनाम इंडिया 'ए':*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 5 बजे से)*
***कनाडा बनाम इटलीः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 7 बजे से).*

**3 फरवरी**

***ओमान बनाम श्रीलंका 'ए': कोलंबो*** *क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (दोपहर 1 बजे से)..* ***नीदरलैंड बनाम जिम्बाब्वेः*** *आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (दोपहर 3 बजे से).* ***नेपाल बनाम यूएईः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 5 बजे से).*

**4 फरवरी**

***स्कॉटलैंड बनाम नामीबियाः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 2, बेंगलुरु (दोपहर 1 बजे से)*
***अफगानिस्तान बनाम वेस्टइंडीजः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
***पाकिस्तान बनाम आयरलैंडः*** *एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो (शाम 5 बजे से).*
***भारत बनाम दक्षिण अफ्रीकाः*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**5 फरवरी**

***जिम्बाब्वे बनाम ओमानः*** *कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (सुबह 11 बजे से)*
***नेपाल बनाम कनाडाः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 1 बजे से)*
***ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंडः*** *आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (शाम 5 बजे से)*
***न्यूजीलैंड बनाम यूएसएः*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**6 फरवरी**

***इटली बनाम यूएईः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 3 बजे से).* ***इंडिया 'ए' बनाम नामीबियाः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (शाम 5 बजे से).*

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले तिलक वर्मा इंडिया-ए स्क्वॉड में शामिल



एजेंसी ▸▸| मुंबई

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई।

**मयंक यादव की टीम में वापसी**

तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे।

यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाया था, जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था।

### भारत-ए का बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया से सामना

बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत ए की टीम नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका से भिड़ी जबकि शुक्रवार को बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया का सामना करेगी। आयुष बडोनी 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें नमन धीर, विपराज निगम और रियान पराग भी शामिल हैं। मयंक स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल से अधिक समय से टीम से बाहर थे।

### *भारत-ए टीम*

*आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीशन, तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल, गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।*

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन अवार्ड्स के लिए नामांकित हरमनप्रीत, स्मृति और दिव्या



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



महिला क्रिकेट की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख '2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

बीबीसी न्यूज की अंतरिम वैश्विक निदेशक फियोना क्रैक ने कहा, 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार पूरे भारत में महिलाओं की खेल प्रतिभाओं के एक वर्ष का प्रतीक है और बीबीसी विश्व सेवा अन्य किसी भी मीडिया प्रदाता की तुलना में इन प्रयासों को प्रदर्शित करने और उनका जश्न मनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' उन्होंने कहा, ' हम इन महिलाओं को भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने अपनी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके रोमांचित हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने नवंबर 2025 में देश को आईसीसी महिला विश्व कप का पहला खिताब दिलाया था। इसी टीम की उप कप्तान 29 साल की मंधाना पहले से ही क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

### महाराष्ट्र के सांगली शहर की रहने वाली मंधाना

यह वामहस्त बल्लेबाज एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में दूसरे जबकि सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे पायदान पर है। महाराष्ट्र के सांगली शहर की रहने वाली मंधाना अपने पिता और भाई से प्रेरित हैं। बीस वर्षीय शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने पिछले साल जुलाई में फिडे महिला विश्व कप की पहली भारतीय और सबसे कम उम्र की चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि ने उन्हें ग्रैंडमास्टर का दर्जा भी दिलाया। दिव्या ने ऐतिहासिक फाइनल मुकाबले में ग्रैंडमास्टर बनने वाली पहली भारतीय महिला कोनेरू हम्पी को हराया था।

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, वर्ल्ड कप के शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे हेजलवुड



एजेंसी ▸▸| सिडनी

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट से उबरने के बाद श्रीलंका में टी20 विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए टीम के साथ नहीं जाएंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने यह जानकारी दी । नाथन हिल्स, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे। आस्ट्रेलिया को प्रारंभिक दौर के चार मैच श्रीलंका में खेलने हैं। उसे पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड से खेलना। हेजलवुड टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सिडनी में रहेंगे। सीन एबोट यात्रा रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जाएंगे। हेजलवुड चोट के कारण 2025- 26 एशेज श्रृंखला से भी बाहर रहे थे।

डोडेमेड ने यह नहीं बताया कि हेजलवुड कब से खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के प्रारंभिक दौर के मुकाबले 20 फरवरी को खत्म होंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा।

## अनाहत ने जीता पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब ...



**वॉशिंगटन।** युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता, जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद उसने कहा,' मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी।'

## पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर

# एशिया टीम चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ▸▸| किंगदाओ

स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी।

भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं।

### 2025 के सफल सत्र के बाद खेलेंगी उन्नति

उन्नति हुड्डा भी 2025 के सफल सत्र के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही हैं। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। उन्होंने चीन ओपन में सिंधू को भी हराया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय उन्नति ने 2025 में ओडिशा मास्टर्स का खिताब भी जीता। एकल में जिम्मेदारी अब मालविका बंसोड़ और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी।



### *पुरुष टीम पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी*

*भारतीय पुरुष टीम 2016 और 2020 की कांस्य पदक विजेता है और अनुभव तथा गहराई के मेल के साथ बेहतर स्थिति में दिख रही है। इस टीम में वही मुख्य खिलाड़ी हैं जिनकी मौजूदगी में टीम ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था और अब उन पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी होगी। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन की अगुवाई वाली इस टीम में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय भी शामिल हैं। ये तीनों विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता हैं। लक्ष्य अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था और हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। श्रीकांत भी मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन प्रणय मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।*




**जनहित याचिका में आरोप, हाईकोर्ट ने केंद्र, राज्य सरकार, एनटीसीए, मुख्य वन संरक्षक बांधवगढ़, पार्क संचालक सहित अन्य से मांगा जवाब**

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित जोन में वाटर पार्क का प्रदूषित जल वनभूमि व प्राकृतिक जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर रहा

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में वाटर पार्क के संचालन को चुनौती दी गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वाटर पार्क का प्रदूषित जल वनभूमि व प्राकृतिक जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर रहा है। इसके चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास व वन्य गतिविधियों को हानि पहुंच रही है।



चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका को गंभीरता से लेते हुए केंद्र व राज्य सरकार, एनटीसीए, मुख्य वन संरक्षक बांधवगढ़ सहित अन्य से जवाब तलब किए हैं। कोर्ट ने सभी अनावेदकों से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 9 फरवरी को तय की गई।

शास्त्री नगर, जबलपुर निवासी पर्यावरण प्रेमी अभिषेक पाठक ने यह जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार यादव ने कोर्ट को बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील एवं प्रचुर संख्या में वन्यजीवो का प्राकृतिक आवास है।बीते दो-तीन सालों से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की मौत की घटनाएं खतरनाक ढंग से बढ़ी हैं ।इस दौरान 12 हाथी, कई टाइगर, तेंदुए, हिरण, सांभर, नीलगाय व बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत हुई है। इसके बावजूद टाइगर रिजर्व के पर्यावरण संवेदी कोर एरिया से लगे प्रतिबंधित जोन में कैलाश जी वाटर पार्क नाम से जल आधारित मनोरंजन सुविधा का संचालन आरंभ किया गया है । इस वाटर पार्क में स्विमिंग पूल है तथा कई वॉटर स्पोर्ट्स होते हैं। वाटर पार्क से हजारों लीटर केमिकल युक्त खराब पानी समीपी वन भूमि में छोड़ दिया जाता है।यह पानी वन्य भूमि व भूजल को प्रदूषित कर रहा है। शाकाहारी, मांसाहारी वन्य जीव , बड़े पेड़ों व वनस्पतियों को भी इससे नुकसान पहुंच रहा है। प्राकृतिक आवास को बर्बाद कर वन्यजीव गतिविधियों में बाधा पहुंचाई जा रही है। खराब पानी छोड़े जाने से आसपास के परंपरागत जल स्त्रोत भी प्रदूषित हो गए हैं। उनसे दुर्गंध आ रही है जिसके कारण वन्यजीव इन जलस्त्रोतों से दूर भाग रहे हैं। तर्क दिया गया कि ग्राम पंचायत, प्रदूषण नियंत्रण मंडल व राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से वाटर पार्क के निर्माण के पूर्व एनओसी नहीं ली गई। उक्त वाटर पार्क के संचालक पर रोक लगाने की मांग की गई।

प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने महानिदेशक फॉरेस्ट सर्वे आफ इंडिया, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण , केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मध्य प्रदेश वन विभाग के प्रमुख सचिव, बांधवगढ़ मुख्य वन संरक्षक , बायोडायवर्सिटी बोर्ड मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर फील्ड बायोलॉजिस्ट, रेंजर एवं कैलाश जी बालाजी वाटर पार्क के संचालक कैलाश छतवानी से जवाब तलब किया।

**विशेष अदालत का फैसला, डेढ-डेढ़ लाख का जुर्माना भी**

# गांजा तस्करों को 12-12 साल की कैद

जबलपुर।

मध्यप्रदेश के अब तक के सबसे बड़े गांजा तस्करी मामलों में एनडीपीएस विशेष कोर्ट ने गत दिवस अहम फैसला सुनाया। अदालत ने ट्रक चालक महेश कुमार और उसके हेल्पर मोहम्मद शकील मंसूरी को दोषी करार देते हुए 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला अगस्त 2023 में सामने आया था, जब जबलपुर के तिलवारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक लकड़ी से भरे ट्रक से 1200 किलो गांजा बरामद किया था, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये आंकी गई थी।

पूरा मामला 27 अगस्त 2023 का है। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान तत्कालीन आईजी उमेश जोगा के निर्देश पर तिलवारा पुलिस को खुफिया सूचना मिली कि ओडिशा से एक ट्रक भारी मात्रा में गांजा लेकर गुजरने वाला है। तत्कालीन एसपी तुषारकान्त विद्यार्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल-3830 को रोका। ट्रक बाहर से लकड़ियों से पूरी तरह भरा हुआ नजर आ रहा था, जिससे शुरुआत में किसी को शक नहीं हुआ। जब पुलिस ने गहराई से जांच की, तो ट्रक के ड्राइवर केबिन के पीछे एक खुफिया केबिन का पता चला। तस्करों ने ट्रक को विशेष रूप से मॉडिफाई कर रखा था, ताकि उसमें नशीला पदार्थ छिपाया जा सके। करीब 40 मजदूरों की मदद से ट्रक में लदी लकड़ियों को हटाया गया। इसके बाद 5 से 30 किलो के पैकेटों में भरा कुल 12 क्विंटल गांजा बरामद किया गया। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा मिलने से पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया था। जांच में यह भी सामने आया कि यह गांजा ओडिशा से छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के रास्ते हरियाणा और राजस्थान भेजा जाना था। आरोपी केवल 30 घंटे के भीतर तीन राज्यों की सीमाएं पार कर चुके थे। इस मामले में पुलिस ने प्रयागराज के लकड़ी व्यापारी राकेश कुमार केशरवानी और ओडिशा के प्रतुल बैरागी को भी गिरफ्तार किया था, जिनकी भूमिका तस्करी के नेटवर्क में सामने आई थी।

### मास्टरमाइंड अब भी फरार

हालांकि, इस बड़े तस्करी गिरोह का मास्टरमाइंड अधीर राय, जो ओडिशा के नबरंगपुर का निवासी है, अब भी फरार है। उसके साथ सुदम परमानिक, पलाश राय और वेद प्रकाश शर्मा भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। अदालत ने अपने फैसले में पुलिस को निर्देश दिए हैं कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। इन आरोपियों की फाइल अभी खुली रखी गई है और मामले की जांच आगे भी जारी रहेगी।

**जान बचाने कूदे 4 मजदूर, 3 बचे 1 की जलसमाधि**

# भेड़ाघाट में भंवर में फंसी डोंगी



हरिभूमि जबलपुर।

भेड़ाघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम बंधी में नर्मदा पार कर रही एक डोंगी नाव अचानक भंवर के बीच फंसने से उसमें सवार चार मजदूर बचने के लिए नदी में कूदे जिनमें से तीन तो सही सलामत बच गए परंतु एक अथाह जल राशि में लापता हो गया। भेड़ाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात लगभग 8 बजे पुलिस को इस हादसे की सूचना मिली जिसके बाद तत्काल एक टीम पावर प्लांट के समीप पहुंची। जहां मौजूद छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के ग्राम बकालो निवासी गणेश्वर सिंह ठाकुर ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि वे कुल 13 मजदूर काम के सिलसिले में यहां आए थे। घटना के वक्त चार श्रमिक डोंगी पर सवार होकर नदी पार करने का प्रयास कर रहे थे कि इसी बीच वे हादसे का शिकार हो गए। गणेश्वर के मुताबिक नदी पार करते जैसे ही उनकी छोटी सी नाव मझधार में पहुंची वहां पानी में भंवर बन रहा था जिसने नाव को अपनी गिरफ्त में ले लिया। नाव के डूबने की आशंका से घबराकर चारों श्रमिकों ने जान बचाने के उद्देश्य से उफनती नर्मदा में छलांग लगा दी। इस दौरान तीन मजदूर किसी तरह सुरक्षित किनारे तक पहुंचने में कामयाब रहे लेकिन उनका एक साथी पानी के तेज बहाव और भंवर के खिंचाव के कारण खुद को संभाल नहीं पाया और गहरे पानी में समा गया। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता मजदूर की खोजबीन की गई तब तक काफी देर हो चुकी थी और उस श्रमिक की डूबने से मृत्यु हो गई। भेड़ाघाट पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। घटना के संबंध में संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### लापरवाही पर उठे सवाल

रात मेंभंवर में फंसी डोंगी सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि सुरक्षा पर लापरवाही का सवाल भी है। दरअसल असुरक्षित साधनों और सुरक्षा उपकरणों की कमी का नतीजा है, जिनके भरोसे गरीब मजदूर अपनी जान जोखिम में डालते हैं। जिस पावर प्लांट के पास यह हादसा हुआ, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने का दावा किया जाता है, लेकिन हकीकत कुछ और ही निकली। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बंधा गांव के पास नर्मदा का यह हिस्सा बेहद गहरा और खतरनाक है। यहां अक्सर पानी के भीतर हलचल बनी रहती है, जिससे नाव चलाना किसी सुसाइड मिशन से कम नहीं है।

**संघमित्रा एक्सप्रेस में पथराव, खिड़कियों के कांच टूटे**

# श्रीधाम स्टेशन में वारदात, यात्रियों में दहशत

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत श्रीधाम स्टेशन के आउटर क्षेत्र में चलती ट्रेन पर पथराव की गंभीर घटना सामने आई है। दानापुर से चेन्नई जा रही संघमित्रा एक्सप्रेस जैसे ही पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत श्रीधाम आउटर क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी अज्ञात असामाजिक तत्वों ने अचानक ट्रेन पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इस हमले की चपेट में ट्रेन की पेंट्रीकार आ गई, जिसके चलते उसकी खिड़कियों के कांच पूरी तरह टूट गए। घटना के समय पेंट्रीकार के भीतर कर्मचारी यात्रियों के लिए भोजन तैयार कर रहे थे। अचानक हुए पथराव से ट्रेन में सवार यात्रियों और रेल कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्री डर के मारे अपनी सीटों पर सिमट गए, वहीं पेंट्रीकार स्टाफ जान बचाने के लिए इधर-उधर भागता नजर आया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री या रेल कर्मचारी को कोई गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बावजूद इसके, चलती ट्रेन पर हुए इस हमले ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### रेलवे और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया। ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचते ही रेलवे अधिकारियों के साथ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी की टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। क्षतिग्रस्त पेंट्रीकार का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया और संबंधित कर्मचारियों व पेंट्रीकार स्टाफ के बयान दर्ज किए गए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पथराव करने वाले अज्ञात आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही रेल ट्रैक के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। रेलवे पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल

लगातार ट्रेनों पर हो रही पथराव की घटनाओं को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है। रेलवे का कहना है कि ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल इस घटना के बाद यात्रियों में डर का माहौल है और लोग रेलवे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

# पाटन में दो पक्षों के बीच संघर्ष, आधा दर्जन घायल

**जबलपुर।** पाटन थानांतर्गत चौधरी मोहल्ला में कल शाम घर के सामने शराब पीकर हंगामा करने की बात पर दो पक्षों में टकराव हो गया। घटना में डंडे से मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कराया है। पाटन पुलिस ने बताया कि चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी ममता खंगार के घर के सामने मोहल्ले का दीपेश राठौर कल शराब पीकर हंगामा कर रहा था। जिससे ममता के भाई विकास का विवाद हो गया था। इसी बात पर दूसरे दिन शाम को ममता के पिता भूरेलाल हनुमान मंदिर के पास स्थित अपनी किराना दुकान बंद कर घर वापस लौट रहे थे। तभी घर के रास्ते में उन्हें दीपेश राठौर, राजू राठौर व अभिषेक राठौर मिले जो भूरेलाल को अपशब्द कहकर अपमानित करने लगे। मना करने पर दीपेश ने भूरेलाल पर डंडे से हमला कर सिर व कंधे में चोट पहुंचा दी। आवाज सुनकर ममता खंगार उसकी मां सुनीताबाई ने बीचबचाव किया तो राजू व अभिषेक ने मां बेटी के साथ भी मारपीट की। दूसरी ओर राजू राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो दिनों पूर्व भूरेलाल का विवाद उसके लड़के दीपेश राठौर से हुआ था। कल रात राजू व उसका बेटा दीपेश हनुमान मंदिर के सामने खड़े थे। तभी भूरेलाल विवाद कर दीपेश के साथ गालीगलौज करने लगा। मना करने पर भूरेलाल और भतीजा वीरन खंगार ने दीपेश के साथ हाथापाई कर चोटें पहुंचाई। बीचबचाव करने पर दोनों ने राजू के साथ भी डंडे से मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। बीचबचाव करने आये छोटे बेटे अभिषेक के साथ भी डंडे से मारपीट की गई।

### बिना अनुमति पंडाल लगाकर डीजे बजाने पर कार्रवाई

**जबलपुर।** गौरीघाट पुलिस ने सिद्ध गणेश मंदिर के पास मेन रोड पर बिना अनुमति डीजे बजाने वाले संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसके पास से 6 छोटे बड़े स्पीकर एवं एम्पलीफायर जब्त किया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान सिद्ध गणेश मंदिर के पास मेन रोड़ पर एक पंडाल में बिना अनुमति के तेज आवाज में डीजे बजा रहे बागड़ा दफाई काली मंदिर के पास गौरीघाट निवासी 25 वर्षीय दीपक अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। बिना अनुमति के पंडाल निर्माण कर तेज ध्वनि से डीजे बजाये जा रहा था। पुलिस ने डीजे संचालक दीपक अहिरवार के कब्जे से 6 छोटे बड़े स्पीकर, 50 हजार का एक बड़ा एम्पलीफायर जब्त किया है।




**फर्जी किसानों ने धान बेचकर ले लिया भुगतान**

# घोटाले में धान उपार्जन जांच सवालों के घेरे में

**जबलपुर।** जिले में धान उपार्जन का काम 12 दिन पूर्व 30 जनवरी को ही खत्म हो चुका है। इस बार 55 हजार किसानों में से करीब 50 हजार 662 किसानों ने सरकार को 37 लाख क्विंटल से अधिक धान बेची परंतु इसमें कुछ सोसायटी और समूह ऐसे भी रहे, जिनमें किसान बनकर फर्जी लोगों ने धान बेचा और सरकार से भुगतान भी ले लिया। इतना ही नहीं कई सोसाइटी और समूह में ऐसे किसानों ने पंजीयन कराया, जो उनकी तहसील से कोसों दूर थीं। यहां किसानों ने गुणवत्ताहीन माल बेचा और व्यापारियों ने पुराना माल बेचा। इसमें मझौली के वृहताकार सेवा सहकारी समिति ऐसी रही जहां पर शहपुरा, पनागर, जबलपुर, पाटन समेत कई तहसील के किसानों ने जिला प्रशासन की तमाम सख्ती के बाद भी आसानी से पंजीयन करा लिया और अपनी अघोषित धान को बेच भी लिया। हालांकि उक्त मामले में सोसाइटी के प्रभारी प्रबंधक और कंप्यूटर आपरेटर पर एफआईआर हुई है, लेकिन अभी तक सभी किसानों की जांच नहीं हुई। लिहाजा जांच कर्ता अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठने के और भी कई कारण हैं जैसे दो दिन पूर्व उपार्जन समिति ने कुंडम के गुरुनानक वेयरहाउस में प्रबंधक की एफआईआर हुई, लेकिन इस मामले में वृहताकार सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। नियमानुसार किसानों का सत्यापन, प्रबंधक के बिना सत्यापन के नहीं होता है और खरीदी भी नहीं चढ़ाई जा सकती, किंतु इस सोसायटी में भी प्रबंधन ने यह दोनों जिम्मेदारी संभाली, लेकिन इसमें हुए फर्जीवाड़े से उसे अभी तक दूर ही रखा है। वहीं इस प्रकरण की जांच में कई ऐसे तथ्य भी सामने आए हैं, जिसमें जिम्मेदार अधिकारियों को भूमिकाएं संदिग्ध मिली हैं। हालांकि इस प्रकरण के साथ ही अब उन सोसाइटियों में भी जांच धीमी चलने और कार्रवाई न होने पर सवाल खड़े हो गए हैं, जिन्हें नोटिस दिया था।

**मनी लॉन्डरिंग का मामला**

# 45 करोड़ की संपत्ति, कैनरा बैंक के पक्ष में बहाली का आदेश

हरिभूमि जबलपुर।

पीएमएलए कोर्ट के आदेश पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 45 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों की बहाली सुनिश्चित कराई है। यह कार्रवाई एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश इरशाद अहमद कि अदालत के आदेश पर मैसर्स जगदंबा एएमडब्ल्यू ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई है। जब्त संपत्तियां अब कैनरा बैंक के पक्ष में बहाल की गई हैं।

मामले में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता विक्रम सिंह ने बताया कि ईडी के भोपाल जोनल कार्यालय की जांच में सामने आया कि जगदंबा एएमडब्ल्यू ऑटोमोटिव्स कंपनी और उसके निदेशक पुष्पेंद्र सिंह ने बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वाहन ऋण हासिल किए। कई मामलों में ऋण स्वीकृत होने के बावजूद वाहन की डिलीवरी ही नहीं की गई। इस तरह से प्राप्त धनराशि को आरोपी ने अपने अन्य व्यवसायों, परिवार के सदस्यों के खातों और निजी उपयोग में लगाया।

इस मामले में सीबीआई, बैंक सिक्योरिटी एंड फ्रॉड सेल, नई दिल्ली द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 और आईपीसी की धारा 420 व 120बी के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इस घोटाले से कैनरा बैंक, जबलपुर को लगभग 18.32 करोड़ रुपये का सीधा नुकसान हुआ, जबकि ब्याज अलग है। कैनरा बैंक जबलपुर की शिकायत पर ईडी द्वारा की गई जांच के अनुसार अपराध से अर्जित धन भी 18.32 करोड़ रुपये आंका गया। प्रकरण में ईडी ने पहले ही 5.32 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था, जिसे बाद में अधिनिर्णायक प्राधिकरण ने पुष्टि प्रदान की। इसके बाद 13 मार्च 2024 को अभियोजन शिकायत दायर की गई और विशेष पीएमएलए कोर्ट, जबलपुर ने मामले में संज्ञान लेते हुए आरोप तय किए। कैनरा बैंक ने धारा 8(8), पीएमएलए के तहत कुर्क संपत्तियों की बहाली के लिए आवेदन किया था। सभी पक्षों को सुनने के बाद 29 जनवरी 2026 को पीएमएलए कोर्ट, जबलपुर के वशेष न्यायाधीश इरशाद अहमद की अदालत ने आदेश पारित करते हुए वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 45 करोड़ रुपये की संपत्तियों को पीड़ित बैंक के पक्ष में बहाल करने का निर्देश दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240